RNI NO.: MAHHIM/2010/41894

मुंबई, पुणे और नासिक से एक साथ प्रकाशित

# हमारा महानगर

https://www.hamaramahanagar.net

वर्ष 14 ■ अंक 233 ■ पुणे, गुरुवार 10 जुलाई 2025 ■ पेज 10 ■ मूल्य : ₹ 5.00

संरक्षक : आरएन सिंह




दुनिया में झगड़ा लगाने का आदी अमेरिका
पेज-4



निजीकरण के खिलाफ सड़क पर उतरे बिजली कर्मचारियों ने दिखाया दम
पेज-6



गुरु और शिष्य के पवित्र रिश्ते का प्रतीक गुरु पूर्णिमा
पेज-8



लॉर्ड्स में आज से खेला जाएगा भारत-इंग्लैंड के बीच तीसरा टेस्ट
पेज-9

## Short News एक नजर

### चारा घोटाले में लालू यादव की सजा बढ़ाने की मांग

**पटना।** चारा घोटाले से जुड़े एक मामले में झारखंड हाईकोर्ट में CBI ने उनकी सजा बढ़ाने की मांग की है। इसको लेकर जांच एजेंसी ने कोर्ट में याचिका दायर की थी। बुधवार को सुनवाई के बाद CBI की याचिका को कोर्ट ने स्वीकार कर लिया है। जस्टिस रंगन मुखोपाध्याय और जस्टिस अंबुज नाथ की खंडपीठ ने CBI की याचिका को सुनवाई के लिए स्वीकार किया है।

### आतंकी तहव्वुर की ज्यूडिशियल कस्टडी 13 अगस्त तक बढ़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की NIA कोर्ट ने 26/11 मुंबई हमले के मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा की ज्यूडिशियल कस्टडी 13 अगस्त तक बढ़ा दी है। वहीं, राष्ट्रीय जांच एजेंसी (NIA) ने बुधवार को राणा के खिलाफ सप्लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल की है। कोर्ट 13 अगस्त को इस चार्जशीट पर सुनवाई करेगा। ये राणा के खिलाफ दूसरी चार्जशीट है। इससे पहले 2011 में पहली चार्जशीट दायर की गई थी। इसमें NIA ने राणा को डेविड हेडली और अन्य आतंकवादियों के साथ 26/11 हमले का साजिशकर्ता बताया था।

### बारिश ने बरपाया कहर

**लखनऊ।** UP में बुधवार को भारी बारिश जारी रही। अयोध्या में घरों में पानी भर गया है। प्रयागराज में बारिश के पानी में डूबने से 4 बच्चों की मौत हो गई। वाराणसी में दशाश्वमेध घाट और अस्सी घाट तक पानी पहुंच गया है। इसके चलते गंगा आरती का स्थान बदला गया है। मध्य प्रदेश में नर्मदा उफान पर है। मंडला, डिंडौरी, श्योपुर, शहडोल, उमरिया जिले बाढ़ की चपेट में हैं। छतरपुर के बान सुजारा डैम के 12 गेट खोले गए, दमोह में सतधरू-साजली बांध के 3-3 गेट खोले गए। वहीं, जबलपुर में बरगी डैम के 17 गेट खोले गए हैं।


### ट्रंप को अब घर में घुसकर मारने की धमकी



**नई दिल्ली।** एक वरिष्ठ ईरानी अधिकारी ने डरावने अंदाज में चेतावनी दी है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को उनके किए की सजा मिलकर रहेगी। वरिष्ठ ईरानी अधिकारी जावेद लारीजानी ने धमकी दी है कि ट्रम्प अब अपने फ्लोरिडा स्थित आवास, मार-ए-लागो में भी सुरक्षित नहीं हैं। ईरानी अधिकारी ने संकेत दिया है कि जब ट्रंप मार-ए-लागो में धूप सेंक रहे होंगे तभी उन्हें निशाना बनाया जा सकता है और उनकी हत्या की जा सकती है।

# पुल टूटा, गाड़ियां नदी में गिरीं

## 13 की मौत, आठ लोगों को बचाया गया





महानगर नेटवर्क

**वडोदरा**

गुजरात के वडोदरा में महिसागर नदी पर बना ब्रिज बुधवार सुबह टूट गया। हादसे के समय ब्रिज से गाड़ियां गुजर रही थीं। पुल टूटने पर दो ट्रक, दो कार और एक रिक्शा कुल पांच गाड़ियां नदी में गिर गईं। एक टैंकर टूटे सिरे पर फंस गया।

हादसे में 13 लोगों की मौत हो गई, जबकि 8 को स्थानीय लोगों ने बचाया। दो लोग लापता हैं। फायर ब्रिगेड की तीन टीमें रेस्क्यू में जुटी हैं। 45 साल पुराना यह ब्रिज दक्षिण गुजरात को सौराष्ट्र से जोड़ता है। पुल टूट जाने से भरूच, सूरत, नवसारी, तापी और वलसाड जैसे दक्षिण गुजरात के शहरों से सौराष्ट्र पहुंचने में ज्यादा समय लगेगा। अब इसके लिए अहमदाबाद होते हुए लंबा रास्ता लेना पड़ेगा।

हादसे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुख जताया है और PMNRF (प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष) से मृतकों के परिजनों को 2 लाख और घायलों को 50,000 की आर्थिक मदद देने की घोषणा की है। गुजरात के मंत्री ऋषिकेश पटेल ने बताया कि पुल का निर्माण 1985 में हुआ था और समय समय पर तथा जरूरत के अनुसार इसका रखरखाव किया जाता था। ऋषिकेश पटेल ने कहा, "घटना के वास्तविक कारण की जांच की जाएगी।"

गुजरात के गृह मंत्री हर्ष संघवी ने बताया, "9 शव बरामद कर लिए गए हैं और 6 लोगों को बचा लिया गया है। सीएम ने सुबह ही एक उच्च समिति को घटनास्थल पर भेजा और उन्होंने जल्द से जल्द रिपोर्ट मांगी है। इसे बेहद गंभीरता से लेते हुए सीएम ने सड़क एवं भवन विभाग की एक टीम और अन्य टीमों को वहां जाकर ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए।"

## कन्हैयालाल हत्याकांड पर बनी फिल्म पर रोक से इंकार

महानगर नेटवर्क

**जयपुर**

देश में चर्चित उदयपुर के कन्हैयालाल हत्याकांड पर बनी फिल्म 'उदयपुर फाइल्स' पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगाने से इंकार कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यदि आपत्ति है तो हाईकोर्ट जा सकते हैं। दरअसल, इस हत्याकांड पर बनी फिल्म 'उदयपुर फाइल्स' 11 जुलाई को रिलीज होने वाली है। रिलीज पर रोक को लेकर इस हत्याकांड के आरोपी मोहम्मद जावेद ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई थी। जस्टिस सुधांशु धुलिया और जस्टिस जॉयमाला बागची की पीठ ने बुधवार को याचिका को खारिज करते हुए फिल्म पर रोक लगाने से इंकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई करते हुए कहा- फिल्म को रिलीज होने दें। यदि आपको कोई आपत्ति है तो हाईकोर्ट जा सकते हैं। इस फिल्म को लेकर काफी समय से विवाद चल रहा है। आखिरकार यह 11 जुलाई को रिलीज की जायेगी।

# वायुसेना का जगुआर लड़ाकू विमान क्रैश

## पायलट और को-पायलट की मौत, शवों के टुकड़े मिले

महानगर नेटवर्क

**चूरू**

राजस्थान के चूरू में भारतीय वायु सेना का जगुआर फाइटर जेट क्रैश हो गया है। इस हादसे में विमान के पायलट और को-पायलट शहीद हो गए हैं। जिस जगह प्लेन क्रैश हुआ, वहां बड़े इलाके में फाइटर जेट का मलबा बिखरा पड़ा है। यह हादसा बुधवार (9 जुलाई) को दोपहर 12 बजकर 40 मिनट पर हुआ। करीब चार महीने के भीतर ही जगुआर का यह तीसरा हादसा है। इससे पहले इसी साल मार्च और अप्रैल में भी एक-एक जगुआर लड़ाकू विमान हादसे का शिकार हो गए थे। चूरू एसपी जय यादव ने बताया- राजलदेसर थाना क्षेत्र के गांव भाणूदा में प्लेन क्रैश हुआ। इसमें दो लोगों की मौत हुई है। मलबे के पास से बुरी तरह क्षत-विक्षत शव के टुकड़े मिले हैं। बताया जा रहा है कि हादसे से पहले तकनीकी कारणों से पायलट इजेक्ट नहीं कर पाए। पिछले 5 महीनों में देश भर में तीन जगुआर क्रैश हो चुके हैं। गांव के पास जगह-जगह ऐसे मलबे बिखरे पड़े हैं।





### सूरतगढ़ से उड़ा था ट्रेनी जगुआर जेट

यह जगुआर फाइटर जेट श्रीगंगानगर के पास सूरतगढ़ एयरबेस से उड़ा था। यह जेट टू सीटर था, ट्रेनिंग के लिए इसका उपयोग किया जाता है। स्थानीय लोगों के मुताबिक उन्होंने पहले विमान की गड़गड़ाहट सुनी, फिर जोरदार धमाके की आवाज आई। इसके बाद प्रशासन को घटना की जानकारी दी गई। घटना के ठोस कारणों का पता फिलहाल नहीं चला है। अधिकारियों ने बताया कि जांच पूरी होने के बाद ही विस्तृत जानकारी साझा की जाएगी। घटनास्थल पर सेना का एक हेलिकॉप्टर भी पहुंचा, इस हेलिकॉप्टर को सड़क पर लैंड कराया गया।

### भारत-नामीबिया के बीच चार अहम समझौते

## मोदी को मिला सर्वोच्च सम्मान



महानगर नेटवर्क

**नई दिल्ली**

भारत और नामीबिया के बीच बुधवार को चार अहम समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। समझौते ऊर्जा और स्वास्थ्य सेवा सहित कई क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ावा देने से संबंधित हैं। इस बारे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति नेटुम्बो नंदी-नदैतवा के बीच हुई बातचीत के बाद बताया गया। अपने पांच देशों के दौरे के अंतिम चरण में ब्राजील से यहां पहुंचे पीएम मोदी ने स्टेट हाउस में राष्ट्रपति नंदी-नदैतवा के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की। मोदी को नामीबिया के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ऑर्डर ऑफ द मोस्ट एन्शिएंट वेल्वित्शिया मिराबिलिस' से सम्मानित किया गया है। यह प्रधानमंत्री मोदी को विदेश में दिया गया 27वां और इस दौरे का चौथा पुरस्कार है।

वार्ता के बाद दोनों पक्षों ने स्वास्थ्य, चिकित्सा, जैव ईंधन और आपदा प्रतिरोधी सहित कई क्षेत्रों में चार समझौतों पर हस्ताक्षर किए। यह प्रधानमंत्री मोदी की नामीबिया की पहली और किसी भारतीय प्रधानमंत्री की नामीबिया की तीसरी यात्रा है। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी का स्टेट हाउस में औपचारिक स्वागत किया गया और उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

# शिवसेना विधायक ने कैंटीन कर्मचारी को पीटा

## CM फडणवीस बोले- विधायकों की प्रतिष्ठा धूमिल हुई

महानगर संवाददाता

**मुंबई**

शिवसेना (शिंदे गुट) विधायक संजय गायकवाड़ एक वीडियो में कैंटीन कर्मचारी को पीटते नजर आ रहे हैं। वीडियो मंगलवार रात को मुंबई के आकाशवाणी विधायक गेस्ट हाउस का है।

विवाद खराब दाल परोसने से जुड़ा है। जब खराब क्वालिटी का खाना बुलढाणा विधायक गायकवाड़ को परोसा गया तो वे नाराज हो गए। गायकवाड़ कैंटीन में आए और स्टाफ की पिटाई कर दी।

मामले को लेकर विधायक संजय गायकवाड़ ने बुधवार को कहा- वहां खाने की क्वालिटी अच्छी नहीं थी। मुझे अपने किए पर कोई पछतावा नहीं है।



वहीं, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने घटना की आलोचना की। उन्होंने कहा- यह गंभीर मुद्दा है। इसे स्वीकार नहीं किया जाएगा। मैं स्पीकर से मामले का नोटिस लेकर कार्रवाई का अनुरोध करता हूं।


महाराष्ट्र विधान परिषद में बुधवार को शिवसेना (UBT) विधायक अनिल परब ने संजय गायकवाड़ के वीडियो का मुद्दा उठाया। उन्होंने सरकार पर राजनीतिक मनमानी का आरोप लगाया।

इस पर CM फडणवीस ने सदन में कहा, 'इस तरह का आचरण सही संदेश नहीं देता। ऐसा व्यवहार अस्वीकार्य है और किसी के लिए भी सम्मानजनक नहीं है। एक विधायक के रूप में गायकवाड़ के कृत्य ने सभी विधायकों की प्रतिष्ठा धूमिल की है।'

CM ने कहा, 'आपसे (विधान परिषद अध्यक्ष राम शिंदे) आग्रह करता हूं कि मुद्दे की जांच करें। समस्या है तो कार्रवाई की जा सकती है। जनप्रतिनिधियों के मारपीट करने से लोगों के बीच गलत संदेश जाता है। आप (विधान परिषद अध्यक्ष) और स्पीकर (राहुल नार्वेकर) इसका संज्ञान लें और कार्रवाई करें।'

# शाह ने बताया रिटायरमेंट प्लान

### कहा- वेद-उपनिषदों का अध्ययन और प्राकृतिक खेती करूंगा



महानगर नेटवर्क

**अहमदाबाद**

केंद्रीय गृह मंत्री एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने बुधवार को अपना रिटायरमेंट प्लान बताया। उन्होंने कहा, 'मैं रिटायरमेंट के बाद अपना जीवन वेद, उपनिषद और प्राकृतिक खेती के लिए खर्च करूंगा।'

शाह ने कहा कि प्राकृतिक खेती एक ऐसा वैज्ञानिक प्रयोग है, जिससे कई तरह के फायदे हैं। फर्टिलाइजर वाला गेंहू खाने से कैंसर होता है और बीपी, शुगर समेत कई बीमारियां आती हैं। इसलिए केमिकल फ्री खाना खाने से दवाइयों की जरूरत नहीं पड़ती है। शाह गुजरात, मध्य प्रदेश और राजस्थान की महिलाओं और सहकारी कार्यकर्ताओं के साथ बात कर रहे थे। इस कार्यक्रम का नाम 'सहकार संवाद' रखा गया।

शाह ने कहा कि प्राकृतिक खेती से उत्पादन भी बढ़ता है। मेरे खेत में नेचुरल फार्मिंग होती है। इसमें लगभग डेढ़ गुना बढ़ोतरी हुई है।

## नेचुरल फार्मिंग को लेकर शाह की दो बड़ी बातें

**1. प्राकृतिक खेती के लिए एक गाय ही काफी :** जो प्राकृतिक खेती करते हैं, उनके खेत में केंचुए होते हैं। इससे मिट्टी की उर्वरकता भी बनी रहती है। बारिश होने पर पानी भी खेत से बाहर नहीं जाता है। लोगों को ये मालूम होना चाहिए कि केंचुए किसी भी उर्वरक के बराबर काम करते हैं।

प्राकृतिक खेती के लिए एक गाय ही काफी है। इसके गोबर से तैयार होने वाली खाद से आप 21 एकड़ की खेती कर सकते हैं।

**2. केंद्र सरकार ने इसके लिए कोऑपरेटिव बनाया है :** भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय ने प्राकृतिक खेती के अनाज को खरीदने के लिए कोऑपरेटिव बनाई है। एक्सपोर्ट करने के लिए भी कोऑपरेटिव बनाई है। 8-10 साल में इसकी टेस्टिंग का काम शुरू हो जाएगा। अमूल की तर्ज पर मुनाफा मिलने लगेगा।

# महागठबंधन का बिहार बंद

## 7 शहरों में ट्रेनें रोकीं, 12 नेशनल हाईवे जाम; EC ऑफिस नहीं पहुंच सके राहुल-तेजस्वी






महानगर नेटवर्क

**पटना**

बिहार में बुधवार को महागठबंधन ने चुनाव आयोग के वोटर वेरिफिकेशन के विरोध में बंद का आह्वान किया। इस दौरान 7 शहरों में ट्रेनें रोकीं गईं और 12 नेशनल हाईवे जाम किए गए। कांग्रेस नेता राहुल गांधी भी विरोध में शामिल होने के लिए दिल्ली से पटना पहुंचे और यहां विरोध रैली में शामिल हुए। उनके साथ तेजस्वी यादव और VIP प्रमुख मुकेश सहनी भी शामिल हुए। इनकम टैक्स चौराहे से राहुल गांधी, तेजस्वी यादव और दीपांकर भट्टाचार्य एक गाड़ी पर सवार होकर प्रदर्शन करते चुनाव आयोग के ऑफिस के लिए निकले।

### चुनाव आयोग ने दिखाया अनुच्छेद 326

इसी बीच चुनाव आयोग ने अपने एक्स अकाउंट पर भारत के संविधान के अनुच्छेद 326 को पोस्ट किया।

दरअसल, अनुच्छेद 326 वयस्क मताधिकार के आधार पर चुनावों की गारंटी देता है। भारत का हर नागरिक, जो 18 वर्ष या उससे अधिक उम्र का हो और सामान्य रूप से किसी निर्वाचन क्षेत्र में निवास करता हो, वो मतदाता के रूप में पंजीकरण कराने का हकदार है। हालांकि, संविधान के मुताबिक, यदि कोई व्यक्ति के पास देश की नागरिकता साबित करने के लिए पुख्ता प्रमाणपत्र नहीं है, अपराधी है या मानसिक रूप से अस्थिर है तो उसे मतदान का अधिकार नहीं मिलेगा।

## मस्क की कंपनी को भारत में सभी मंजूरियां मिलीं

### हाईस्पीड सैटेलाइट इंटरनेट देगी स्टारलिंक

**नई दिल्ली।** इलॉन मस्क की कंपनी स्टारलिंक को भारत में सैटेलाइट इंटरनेट सर्विस शुरू करने का आखिरी रेगुलेटरी अप्रूवल मिल गया है। स्टारलिंक तीसरी कंपनी है, जिसे भारत में सैटेलाइट इंटरनेट सर्विस ऑपरेट करने का लाइसेंस मिला है। इससे पहले वनवेब और रिलायंस जियो को मंजूरी मिली थी। स्टारलिंक, स्पेसएक्स का प्रोजेक्ट है, जो सैटेलाइट्स के जरिए हाई-स्पीड इंटरनेट देता है। इसके सैटेलाइट्स पृथ्वी के करीब घूमते हैं, जिससे इंटरनेट तेज और स्मूथ चलता है। ये खासकर उन इलाकों के लिए फायदेमंद है, जहां आम इंटरनेट नहीं पहुंचता- जैसे गांव या पहाड़। स्टारलिंक भारत में एंट्री के लिए 2022 से कोशिश कर रही थी, लेकिन सिक्योरिटी चिंताओं की वजह से देरी हुई। भारत सरकार ने डेटा सिक्योरिटी और कॉल इंटरसेप्शन जैसी शर्तें रखी थीं। स्टारलिंक ने इन शर्तों को माना और मई 2025 में उसे लेटर ऑफ इंटेंट मिलने के बाद टेलिकॉम डिपार्टमेंट का लाइसेंस मिला।

# मोडक ओवरफ्लो, मध्य वैतरणा भरने की कगार पर

महानगर संवाददाता

**मुंबई**


इस साल जल्दी शुरू हुई बारिश के कारण शहर को पानी सप्लाई करने वाले तालाब भी समय से पहले भरने लगे है। बुधवार को सुबह मोदक सागर भरकर ओवर फ्लो हो गया, जबकि मध्य वैतरणा पहले ही भरने की कगार पर पहुंच गया था, लेकिन सुरक्षा की दृष्टि से तीन गेट खोलकर पानी को छोड़ा जाने लगा है। पानी नहीं छोड़ा जाता तो आगे चलकर गांव वालो को परेशानी झेलनी पड़ सकती है।

मुंबई को पानी सप्लाई करने वाले सात तालाबों में से एक मोडक सागर बुधवार 9 जुलाई को सुबह 6 बजकर 27 मिनट पर पूरी तरह भरकर ओवरफ्लो होने लगा। इस जलाशय का एक दरवाजा एक फुट तक खोला गया है और 1022 क्यूसेक प्रति सेकंड की रफ्तार से पानी छोड़ा जा रहा है। अपर वैतरणा, मोडक सागर, तानसा, मध्य वैतरणा, भातसा, विहार और तुलसी इन सातों तालाबों में कुल 72.61 प्रतिशत पानी जमा हो गया है। दो दिन पहले 90 प्रतिशत भर चुके मध्य वैतरणा तालाब के तीन गेट खोले गए थे।

मध्य वैतरणा से छोड़ा गया पानी मोडक सागर जलाशय में जमा होता है अब वह भी पूरी तरह भर गया है। मोडक सागर जलाशय की अधिकतम क्षमता 12,892.5 करोड़ लीटर (128,925 मिलियन लीटर) है। यह जलाशय सामान्यतः जुलाई के अंतिम सप्ताह में भरता है लेकिन इस बार जुलाई के दूसरे सप्ताह में ही ओवरफ्लो होने लगा है।

**प्रमुख तालाबों में जमा पानी की स्थिति**

| | |
|---|---|
| अपर वैतरणा | 73.18% |
| मोडक सागर | 99.99% |
| तानसा | 77.60% |
| मध्य वैतरणा | 93.15% |
| भातसा | 62.17% |
| विहार | 47.97% |
| तुलसी | 48.53% |



पिछले कुछ दिनों से तालाब क्षेत्र में लगातार हो रही जोरदार बारिश के कारण जलाशयों का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। सातों तालाबों की कुल जल भंडारण क्षमता 1,44,736.3 करोड़ लीटर (14,47,363 मिलियन लीटर) है। बुधवार 9 जुलाई 2025 की सुबह 6 बजे की माप के अनुसार, इन जलाशयों में कुल 72.61 प्रतिशत यानी 1,05,091.2 करोड़ लीटर पानी मौजूद है।

इसी तारीख को 2024 में 20.48 प्रतिशत और 2023 में 23.11 प्रतिशत पानी था। पिछले दस वर्षों में यह सबसे अधिक पानी जलापूर्ति करने वाले सात तालाबों में जमा हुआ है।

# 'पत्नी के चरित्र पर शक बच्चे का डीएनए टेस्ट कराने का आधार नहीं'

महानगर संवाददाता

**मुंबई**

बॉम्बे हाईकोर्ट की नागपुर पीठ ने कहा है कि सिर्फ इसलिए कि किसी व्यक्ति को अपनी पत्नी के चरित्र पर संदेह है, उसके नाबालिग बच्चे का पितृत्व निर्धारित करने के लिए डीएनए परीक्षण कराने का आधार नहीं बनता।

एक पारिवारिक कोर्ट की ओर से नाबालिग लड़के का डीएनए परीक्षण कराने के आदेश को रद्द करते हुए न्यायमूर्ति आरएम जोशी ने कहा कि ऐसी आनुवंशिक जांच केवल असाधारण मामलों में ही कराई जा सकती है। आदेश में



न्यायमूर्ति जोशी ने कहा कि सिर्फ इसलिए कि कोई व्यक्ति व्यभिचार के आधार पर तलाक का हकदार होने का दावा करता है या चरित्र पर शक होने को अपना आधार मानता है तो डीएनए परीक्षण कराने का आदेश देने का कोई उचित मामला नहीं बनता। कोर्ट के आदेश की प्रति बुधवार को उपलब्ध कराई गई।

**क्या यह डीएनए परीक्षण का आदेश देने का उचित मामला?**

हाईकोर्ट ने कहा, 'एक प्रश्न उठता है कि क्या यह डीएनए परीक्षण का आदेश देने का उचित मामला है। इसका स्पष्ट उत्तर नहीं होगा। कोर्ट ने कहा कि अगर पत्नी के चरित्र पर सवाल है तो बच्चे का पितृत्व परीक्षण कराने के बजाय इसे किसी अन्य साक्ष्य से साबित किया जा सकता है। यह आदेश एक व्यक्ति की अलग रह रही पत्नी और उसके 12 वर्षीय बेटे की ओर से दायर याचिका पर सुनाया गया।

# मिल मजदूरों के घरों को लेकर अब राजनीतिक पार्टियां भी मैदान में

## उद्धव ठाकरे के साथ मनसे और शरद पवार की पार्टी के नेता भी आंदोलन में हुए शामिल

महानगर संवाददाता

मुंबई

मिल मजदूरों को मुंबई में घर मिले इस मांग को लेकर अब राजनीतिक पार्टियां मैदान में कूद गई हैं। बुधवार को आजाद मैदान में मिल मजदूरों के हुए आंदोलन में उद्धव ठाकरे ने शामिल होकर मिल मजदूरों को मुंबई में घर देने की मांग रखते हुए धारावी में घर देने का आग्रह किया। उद्धव ठाकरे ने सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा कि सत्ता में बैठे लोगों को मिल मजदूरों और मिलों का इतिहास नहीं पता उन्हें सिर्फ मुंबई को लूटना आता है। उन्होंने आरोप लगाया कि जिन मिल मजदूरों और मराठी लोगों ने संयुक्त महाराष्ट्र आंदोलन में खून बहाया उन्हें आज सत्ता में बैठे लोग मुंबई से बाहर निकालने की कोशिश कर रहे हैं। उद्धव ठाकरे ने आरोप लगाया कि धारावी के अधिकतर रहवासियों को अपात्र घोषित कर उन्हें धारावी से बाहर निकालने की साजिश सरकार और अड़ानी समूह द्वारा मिलकर रची जा रही है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि इस साजिश को वे सफल नहीं होने देंगे। उन्होंने मांग की, कि मिल मजदूरों को वांगणी और शेलू में नहीं बल्कि धारावी में घर दिए जाएं और अगर टॉवर बनाने हैं तो अड़ानी को वांगणी और शेलू में टॉवर बनाने दिया जाए।



### मांग को लेकर आजाद मैदान में किया प्रदर्शन

राज्य सरकार की योजना के अनुसार लगभग डेढ़ लाख मिल मजदूरों को मुंबई के बाहर वांगणी और शेलू जैसे स्थानों पर घर दिया जाने वाला हैं जबकि केवल 25 हजार मजदूरों को ही मुंबई में घर मिल सकते हैं। वांगणी और शेलू में 81 हजार घरों का प्रोजेक्ट तैयार किया गया है जिसे निजी बिल्डरों के माध्यम से बनाया जाना है। इसके लिए आवेदन और पात्रता पत्र लिए जा रहे हैं। लेकिन इन घरों को लेकर मिल मजदूरों और उनके संगठनों ने विरोध जताया है। वांगणी के एक डेवलपर पर भी आपत्ति जताई गई है। इसलिए मजदूरों और उनके वारिसों ने इन प्रोजेक्ट्स को रद्द करने की मांग की है। सरकार ने यह मांग ठुकरा दी है जिसको लेकर मजदूरों में नाराजगी है। बुधवार को बड़ी संख्या में मिल मजदूरों और उनके परिवारों ने आजाद मैदान पर प्रदर्शन किया। यह आंदोलन राष्ट्रीय मिल मजदूर संघ के सचिन अहिर के नेतृत्व में 'गिरणी कामगार संयुक्त लढा समिती' द्वारा आयोजित किया गया था। जिसमें 14 संगठनों ने भाग लिया। पहले रानीबाग से आजाद मैदान तक मोर्चा निकालने की योजना थी लेकिन अनुमति न मिलने के कारण सभी लोग सीधे आजाद मैदान पहुंचे। वहाँ "वांगणी नहीं, शेलू नहीं, मुंबई में हक का घर चाहिए" जैसे नारे लगाए गए।

# ठाणे स्टेडियम में करोड़ों का सिंथेटिक ट्रैक बना खतरा

## खिलाड़ी घायल, प्रशासन मौन

महानगर संवाददाता

ठाणे



ठाणे के दादोजी कोंडदेव स्टेडियम में करोड़ों रुपये खर्च कर बनाए गए सिंथेटिक ट्रैक अब खिलाड़ियों के लिए मुसीबत बन गए हैं। 2019 में बना पुराना ट्रैक और अप्रैल 2024 में तैयार हुआ नया ट्रैक दोनों ही कुछ ही महीनों में खराब हो गए हैं। इनकी हालत इतनी जर्जर हो चुकी है कि खिलाड़ी गिरकर घायल हो रहे हैं, जबकि मनपा ने अब तक मरम्मत के लिए कोई कदम नहीं उठाया है।

बता दें कि पुराने ट्रैक पर 91.17 लाख रुपये और नए ट्रैक पर 83.77 लाख रुपये खर्च किए गए। आईएएएफ प्रमाणित हेक्रिलीन एसआर नेशनल सिस्टम का उपयोग करके इन्हें बनाया गया, लेकिन दोनों ट्रैक अब जगह-जगह से फट चुके हैं, उनमें गड्ढे हो गए हैं और दाने उखड़ चुके हैं। रोजाना 250 से 300 बच्चे इस ट्रैक पर दौड़ते हैं, लेकिन अब वह अभ्यास करने से भी कतरा रहे हैं। प्रशिक्षक नीलेश पाटकर का कहना है कि ट्रैक की मोटाई सही नहीं है और निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग हुआ है। कोच दत्ता चव्हाण ने बताया कि पहले भी इसकी शिकायत की गई थी, लेकिन प्रशासन ने अनदेखी की।

### ट्रैक की गुणवत्ता पर उठ रहे सवाल

ट्रैक के जर्जर होने से खिलाड़ी न सिर्फ अभ्यास से वंचित हो रहे हैं, बल्कि उनकी जान भी खतरे में है। शहर के खेलप्रेमियों और कोचों की मांग है कि ट्रैक की तत्काल मरम्मत की जाए, निर्माण की गुणवत्ता की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई हो और खिलाड़ियों को सुरक्षित वातावरण दिया जाए। करोड़ों रुपये खर्च कर तैयार किया गया यह ट्रैक अब खेल के लायक नहीं, लापरवाही की मिसाल बनता जा रहा है। वहीं खेल विभाग की उपायुक्त मीनल पलांडे का कहना है कि खिलाड़ी सही स्पाइक्स का इस्तेमाल नहीं कर रहे हैं, जिससे ट्रैक खराब हो रहा है। इस पर कोचों ने आपत्ति जताई है और कहा है कि खिलाड़ी नियमों के अनुसार ही स्पाइक्स पहनते हैं और अगर ट्रैक इस वजह से खराब हो रहा है, तो उसकी गुणवत्ता पर भी सवाल उठते हैं।

### ऑटो चोर गिरोह का पर्दाफाश


# आरटीओ में स्क्रैप ऑटो का नंबर लगाते थे आरोपी



**मुंबई।** मलाड स्थित कुरार पुलिस ने रिक्शा चोरी के एक बड़े गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने दो शातिर रिक्शा चोरों, मोहम्मद मुस्लिम ताहीर अंसारी (40) और निसार इदु अहमद (53) को गिरफ्तार किया है। चोरी के बाद आरोपी स्क्रैप हुई ऑटो का नंबर उस चोरी की गई ऑटो पर डालते थे, जिससे उन्हें कोई पकड़ नहीं पता था। आरोपियों के पास से चोरी की 7 ऑटो रिक्शा बरामद की गई है। मलाड पूर्व में पिछले कुछ समय से लगातार रिक्शा चोरी की घटनाएं सामने आ रही थीं, जिससे स्थानीय लोग परेशान थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए कुरार पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए एक विशेष टीम का गठन किया। पुलिस ने मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज और अपने मुखबिरों की मदद से जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस को आरोपियों के मलाड पूर्व में होने की जानकारी मिली।

# कैंसर सर्जरी से मरीज की किडनी और जान बचाने में डॉक्टर को मिली सफलता

**नवी मुंबई।** किडनी कैंसर से पिडीत 35 वर्षी मरीज की जान बचाने में मेडिकव्हर अस्पताल के डॉक्टरों को सफलता हासिल हुई हैं। मिनिमली इनवेसिव तकनीक से की गई आंशिक नेफ्रोक्टॉमी के जरिए ट्यूमर को हटाया गया और किडनी के बाकी हिस्से को सुरक्षित रखा गया, जिससे मरीज को गई जिंदगी मिली। नवी मुंबई में रहने वाले मरीज संजय जैस्वार पेशे से ड्राइवर हैं, को कुछ दिनों से उनके पेशाब में खून आ रहा था। उन्होंने कहा,"पहले मैंने इसे नजरअंदाज किया, लगा अपने आप ठीक हो जाएगा। लेकिन जब तीन-चार दिन तक खून आता रहा, तब डर लगने लगा। मुझे लगा पता नहीं क्या बीमारी है। मैं बहुत परेशान हो गया, काम में ध्यान नहीं दे पा रहा था और परिवार के लोग भी चिंता में थे। जब कैंसर का पता चला तो वह बहुत घबरा गए। कैंसर की खबर सुनते ही मेरी दुनिया जैसे रुक गई। वो दिन मेरी जिंदगी के सबसे मुश्किल थे।" आगे के इलाज के लिए मरीज को डॉ. विकास भीसे के पास भेजा गया। जांच में उनकी बाईं किडनी में करीब २.७ सेमी का ट्यूमर निकला। डॉक्टरों ने किडनी का सिर्फ खराब हिस्सा निकालने का फैसला लिया ताकि बाकी हिस्सा काम करता रहे। "मरीज की हालत स्थिर थी, लेकिन पेशाब में खून आ रहा था। आजकल अल्ट्रासाउंड और सीटी स्कैन से जल्दी जांच हो जाती है, जिससे बीमारी का जल्दी पता चलता हैं। हमने २६ जून २०२५ को सर्जरी की। आंशिक नेफ्रेक्टॉमी से मरीज की किडनी बचाई जा सकती है, खासकर जब मरीज युवा हो। सर्जरी करीब २ घंटे चली और मरीज को दो दिन में अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। अगर समय पर इलाज नहीं होता, तो कैंसर शरीर में फैल सकता था।"



# विद्या के मंदिर में छात्राओं से बुरे बर्ताव का मामला, भड़के अभिभावक

**ठाणे।** महाराष्ट्र में ठाणे से सटे एक शहर में एक स्कूल में छात्राओं से बुरे बर्ताव का मामला सामने आया है। आरोप है कि स्कूल प्रशासन ने छात्राओं के मासिक धर्म का पता लगाने के लिए बाथरूम में कपड़े उतरवाकर उन्हें चेक किया है। इससे अभिभावकों में भारी रोष है। पुलिस के मुताबिक, यह घटना मंगलवार को हुई, जब ठाणे के शाहपुर जिले के आरएस दमानी स्कूल में कक्षा 5 से 10वीं तक में पढ़ने वाली छात्राओं को एक-एक कर बुलाकर चेक किया गया। दरअसल, स्कूल के बाथरूम में खून के धब्बे मिले थे। इसके बाद स्कूल प्रशासन ने कपड़े उतरवाकर बच्चियों की जाँच की। ताकि पता चल सके कि किस-किस लड़की को पीरियड आ रहा है। सूत्रों के अनुसार, छात्राओं से उनके मासिक धर्म के बारे में पूछा गया। स्कूल में इस तरह के बर्ताव से अभिभावकों में रोष फैल गया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, कुछ अभिभावकों का आरोप है कि कुछ छात्राओं को जाँच के लिए उन्हें अंडरवियर भी उतारने के लिए मजबूर किया गया। एक अभिभावक ने नाम न बताने की शर्त पर बताया, "छात्राओं को मासिक धर्म की प्राकृतिक प्रक्रिया के बारे में उचित शिक्षा देने के बजाय, प्रिंसिपल ने उन पर मानसिक दबाव डाला। यह एक शर्मनाक और घिनौना कृत्य है।" अभिभावकों ने मांग की है कि स्कूल के प्रिंसिपल के खिलाफ मामला दर्ज किया जाए और उन्हें गिरफ्तार किया जाए।

# पिरानी पाडा हादसे ने खोली पालिका की आपातकालीन व्यवस्था की पोल

## छत का प्लास्टर गिरा, तीन जखमी

**भिवंडी।** भिवंडी- निजामपुर शहर महानगर पालिका के प्रभाग समिति क्रमांक दो में आने वाले पिरानी पाडा परिसर में बुधवार सुबह एक गंभीर हादसा हुआ। नागांव 01, मकान नंबर 390/1, इस जर्जर एकमंजिला इमारत की छत का प्लास्टर अचानक भरभराकर गिर पड़ा, जिससे तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसमें दो महिला और एक बच्चा शामिल हैं। पीड़ितों के सिर, नाक और चेहरे पर गंभीर चोटें आई है और उनका इलाज स्वं. इंदिरा गांधी उप जिला अस्पताल में जारी है। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि यह इमारत पहले पावरलूम के लिए उपयोग की जाती थी, लेकिन इसके बंद होने के बाद मालिक ने लूम हटा कर कमरे बना दिए और भारी डिपॉजिट लेकर किराए पर चढ़ा दिए। पालिका प्रशासन ने इमारत को पहले ही जर्जर घोषित कर रखा है, बावजूद इसके लोग इसमें रहने को मजबूर हैं, क्योंकि मकान मालिक डिपॉजिट लौटाने को तैयार नहीं है। घटना की सूचना मिलते ही शांतिनगर पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक विनायक गायकवाड़ और प्रभाग क्रमांक दो के सहायक आयुक्त माणिक जाधव ने तुरंत घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायज़ा लिया। लेकिन इस हादसे ने भिवंडी महानगर पालिका की आपातकालीन व्यवस्था की पोल खोल कर रख दी। हैरानी की बात यह है कि पालिका प्रशासन ने हर प्रभाग समिति को दो वॉकी-टॉकी और मुख्यालय में एक आपातकालीन कंट्रोल रूम मुहैया कराया है। इन उपकरणों का मकसद ऐसी घटनाओं में त्वरित समन्वय और राहत कार्य सुनिश्चित करना है। बावजूद इसके, पिरानी पाडा की इस घटना की जानकारी आपातकालीन विभाग तक पहुंच ही नहीं पाई। पालिका की आपातकालीन व्यवस्था में कोई सक्षम और जवाबदेह अधिकारी मौजूद नहीं है, जिसके चलते पूरी व्यवस्था बेकार साबित हो रही है।




# विधानसभा में गूंजा क्लस्टर योजना का मुद्दा, मंत्री शिंदे से होगी बात

**भायंदर।** मीरा - भायंदर शहर की अधिकतर इमारतें पुरानी हैं। इनमें से बहुत सारी इमारतें धोखादायक करार देकर तोड़ दी गयी हैं। मीरा - भायंदर शहर में लागू क्लस्टर योजना के तहत ऐसी इमारतों का निर्माण होना मुश्किल हो गया है। इस गंभीर विषय पर मानसून सत्र के दौरान कल भाजपा विधायक नरेंद्र मेहता ने विधानसभा में यह मुद्दा उठाया। नरेंद्र मेहता ने कहा कि क्लस्टर योजना के तहत 20 से 25 इमारतों को लेकर ही पुनर्निर्माण हो सकता है। मीरा - भायंदर शहर में सभी सोसायटियों में कुछ ना कुछ दिक्कत होने के कारण यहां पर क्लस्टर योजना सफल नहीं हो पा रही है। उन्होंने इमारतों को स्वतंत्र रूप से पुनर्निर्माण का प्रश्न उठाया। मेहता के सवाल पर राज्यमंत्री माधुरी मिसाल ने क्लस्टर योजना के संदर्भ में एवं नरेंद्र मेहता के द्वारा उठाए गए मुद्दों पर नगर विकास मंत्री एकनाथ शिंदे के साथ संयुक्त बैठक करने की बात कहीं।

मीरा - भायंदर शहर में धोखादायक इमारतों के कारण हजारों परिवार बेघर हो चुके हैं। शहर में क्लस्टर योजना के तहत टूटी हुई इमारतों का निर्माण नहीं हो पा रहा है। कई इमारतें धोखादायक हैं परन्तु इन इमारतों के लोग इसी डर के कारण इमारतें खाली नहीं कर रहे हैं। हालही में यहां के लोगों ने क्लस्टर योजना के विरोध में प्रदर्शन किया था। अगर इस योजना के तहत स्वतंत्र रूप से इमारतों के पुनर्निर्माण की मजूरी मिलती है तो इस शहर की सभी पुरानी इमारतों की समस्या का समाधान संभव है।

### छत्रपति संभाजीनगर में युवतियों पर अत्याचार का मामला

# दोषियों पर होगी कड़ी कारवाई : सीएम

## जांच के लिए महिला पुलिस निरीक्षकों की बनाई समिति

**मुंबई।** विधानपरिषद में छत्रपति संभाजीनगर में विद्यादिप बाल सुधार गृह में नाबालिग युवतियों पर हुए अत्याचार का मामला जोर-शोर गूंजा। मामले को लेकर नेता प्रतिपक्ष और भाजपा की विधायक चित्रा वाघ ने अपनी ही सरकार पर सवाल उठाया। वाघ ने नाबालिग युवतियों के खिलाफ अत्याचार करने वाले के खिलाफ कड़क कारवाई की मांग की। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने अपने जवाब में कहा कि विद्यादीप बाल सुधार गृह में नाबालिग युवतियों के साथ हुए अत्याचार का मामला बेहद गंभीर है। इसमें जिस तरह की घटनाएं सामने आई हैं, वे बेहद भयावह हैं। इस मामले में जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी को तत्काल निलंबित किया जाएगा। फडणवीस ने कहा कि अत्याचार का मामला सामने आने के बाद जांच के लिए तीन वरिष्ठ महिला पुलिस निरीक्षकों की एक समिति बनाई गई है और उन्होंने 80 लड़कियों से बातचीत की है। शुरुआत में वे बात करने को तैयार नहीं थीं, लेकिन धीरे-धीरे उन्होंने मामले की गंभीर जानकारी दी। इसके बाद, इस मामले में मामला दर्ज कर लिया गया है। समिति जल्द अपनी रिपोर्ट सौंपने वाली है। रिपोर्ट आने के बाद दोषियों के खिलाफ कड़क कारवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने सदन को आश्वासन दिया कि इस मामले में जो भी अधिकारी और कर्मचारी दोषी पाए जाएंगे उन्हें सस्पेंड किया जाएगा। क्या बाल सुधार गृह का लाइसेंस रद्द किया जाएगा इस सवाल के जवाब में देवेंद्र फडणवीस ने स्पष्ट कहा कि बालसुधार गृह संबंधित संस्थान की मान्यता रद्द कर दी जाएगी।



# 'प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान' के तहत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

## 3000 से अधिक लोगों ने लिया लाभ

**वसई।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत वसई-विरार क्षेत्र में एक व्यापक स्वास्थ्य जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 3000 औद्योगिक श्रमिकों और नागरिकों ने विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। यह शिविर वसई-विरार सिटी नगर निगम द्वारा गोवालिस औद्योगिक संघ (वसई), एचडीआईएल औद्योगिक संघ (विरार), स्थल वसई और सर्व नागरिक प्राथमिक आरोग्य केंद्रों में आयोजित किया गया था।शिविर का मुख्य उद्देश्य तपेदिक (टीबी) के शीघ्र निदान और रोकथाम को सुनिश्चित करना था, जो कि औद्योगिक श्रमिकों के स्वास्थ्य संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ। इस प्रकार की सक्रिय पहल "टीबी मुक्त भारत" के राष्ट्रीय लक्ष्य को साकार करने की दिशा में एक प्रेरक और प्रभावी कदम है। इस सफल आयोजन का श्रेय वसई विरार मनपा के आयुक्त अनिल कुमार पवार, अतिरिक्त आयुक्त संजय हेरवाडे, उपायुक्त दीपक झिंझाड़, चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. भक्ति चौधरी, आदि के प्रभावी मार्गदर्शन और क्रियान्वयन को जाता है।



### प्रमुख विशेषताएं

शिविर में प्रतिभागियों के लिए एक्स-रे जांच, रक्त परीक्षण, 3एच जांच, सीवाई-टीबी जांच जैसी विशेष जांचें उपलब्ध थीं। रक्तचाप मापन, रक्त शर्करा जांच और ईसीजी परीक्षण जैसे सामान्य चिकित्सा परीक्षण भी किए गए। सूचना, शिक्षा और संचार (आईईसी) गतिविधियों के माध्यम से लोगों को टीबी के बारे में जागरूक किया गया। यह आयोजन "स्वस्थ भारत की ओर एक मजबूत कदम -टीबी मुक्त समाज के लिए एकजुट संकल्प!" और "टीबी हारेगा, देश जीतेगा!" के प्रेरणादायी संदेश को साकार करता है।

# रिश्वत लेते रंगेहाथ पकड़ा गया उप अभियंता

## एसीबी नवी मुंबई की बड़ी कार्रवाई

**ठाणे।** रायगढ़ जिले के पेन सर्कल कार्यालय में एम.आर.वी.वी. कंपनी लिमिटेड के उप कार्यपालन अभियंता संजय प्रदीप जाधव (उम्र 53) को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, नवी मुंबई ने 5,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार किया। खालापुर तालुका के सलापुर गांव में महावितरण विभाग की तीन उच्च वोल्टेज विद्युत लाइनें एक निजी भूमि से होकर गुजर रही थीं। इन लाइनों के स्थानांतरण के लिए भूमि मालिक ने 'मेन शाक्य एंटरप्राइजेज' नामक कंपनी को काम सौंपा था। कंपनी की ओर से शिकायतकर्ता को कार्य की जिम्मेदारी दी गई थी, जिसके लिए तकनीकी लाइसेंस एम.आर.वी.वी. कार्यालय से आवश्यक था। शिकायतकर्ता ने उप अभियंता जाधव से लाइसेंस जल्द जारी करने का आग्रह किया, लेकिन अभियंता ने इसके एवज में 5,000 रुपये की रिश्वत मांगी। इस पर शिकायतकर्ता ने एसीबी में शिकायत दर्ज कराई। सत्यापन के दौरान शिकायत सही पाई गई।

# कई राज्यों से फरार आरोपी गिरफ्तार



**काशीमीरा।** काशीमीरा अपराध शाखा 1 ने भायंदर (पश्चिम) स्थित उत्तन परिसर से एक युवक को गिरफ्तार किया हैं। गिरफ्तार युवक का नाम मोहम्मद इब्राहीम मोहम्मद सईद हैं। गुजरात के वलसाड में चोरी की वारदात में यह फरार चल रहा था। काशीमीरा अपराध शाखा 1 को गिरफ्तार युवक के बारें में गुप्त माध्यम से जानकारी प्राप्त हुई थी इसी आधार पर इसकी गिरफ्तारी की गयी है। गिरफ्तार युवक पर मुंबई, पूना, ठाणे इलाकों में हत्या, हत्या का प्रयास, हफ्ता वसूली, अवैध हथियार रखना एवं चोरी जैसे 30 से ज्यादा गंभीर आरोप दर्ज हैं। इसके अलावा कई राज्यों से यह गैर-जमानती वारंट में भी लंबित हैं। गिरफ्तार युवक को वलसाड पुलिस के हवाले किया गया हैं। मीरा - भायंदर, वसई - विरार पुलिस आयुक्तालय के वरिष्ठों के मार्गदर्शन में काशिमीरा अपराध शाखा 1 के पुलिस निरीक्षक प्रमोद बडाख, सीनियर पुलिस निरीक्षक सचिन सानप, पुलिस उप निरीक्षक उमेश भागवत, संदीप शिंदे एवं इनकी टीम द्वारा इसको गिरफ्तार किया गया हैं।

# मदरसे से चार बच्चे गायब

**मुंबई।** मालवणी इलाके में स्थित एक मदरसे से मंगलवार शाम चार नाबालिग लड़के लापता हो गए। पुलिस का कहना है कि प्राथमिक जांच के अनुसार, ऐसा लगता है कि सभी छात्र स्वेच्छा से संस्थान से भाग गए हैं। घटना के बाद मालवणी पुलिस थाने में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज की गई है। लापता छात्रों की उम्र 12, 13, 15 और 16 वर्ष बताई जा रही है। वे सभी पिछले एक वर्ष से अधिक समय से उक्त मदरसे में रहकर धार्मिक शिक्षा प्राप्त कर रहे थे। मंगलवार को शाम करीब 7:30 बजे के बाद मदरसे से उनका कोई पता नहीं चला। इस पर संस्थान में पढ़ाने वाले एक मौलवी ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि घटना को गंभीरता से लेते हुए आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। अब तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि लड़कों ने मदरसे से भागने का निर्णय क्यों लिया। पुलिस की टीमें संभावित स्थानों पर तलाश में जुटी हैं।

# 'एक पेड़ मां के नाम' के तहत पौधारोपण किया : सुलभा गायकवाड़



**कल्याण।** एक पेड़ मां के नाम से पौधारोपण अभियान चलाया गया, जिसमें स्वच्छ भारत अभियान टीम के स्वयंसेवक मृत्युंजय शुक्ला ने शहर में एक पेड माँ के नाम लगाने के विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण कराया। एक पेड़ मां के नाम का शुभारंभ कल्याण पूर्व की विधायक सुलभा गणपत गायकवाड़ और कोलसेवाडी पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक गणेश न्हायदे एवं ब्रह्माकुमारी रेणुका दीदी के हाथों से पौधारोपण किया गया।यह अभियान जुलाई, अगस्त और सितंबर तक चलेगा। विधायक सुलभा गायकवाड ने कहा कि पौधरोपण न केवल पर्यावरण को संरक्षित करने में मदद करता है, बल्कि यह वायु प्रदूषण को कम करने, जलवायु परिवर्तन को नियंत्रित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, वहीं वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक गणेश न्याहदे ने बताया कि वृक्ष हमें जीवन प्रदान करते हैं, उनके बिना न हवा है न ही पानी, इसलिए पौधे जरूर लगाएं और जीवन को सुरक्षित करें। स्वयंसेवक मृत्युंजय शुक्ला ने कहा कि जो लोग भी इस अभियान में शामिल होना चाहते हैं और सहयोग देना चाहते हैं।

# वंदे भारत ने जीता जापानियों का दिल, ओसाका एक्सपो में भारतीय रेल की धूम

**मुंबई।** जापान के ओसाका में चल रहे वर्ल्ड एक्सपो-2025 में भारतीय रेल की धूम मची है। भारतीय पवेलियन में न केवल भारतीय प्रवासी बल्कि जापानी नागरिकों की भी भारी भीड़ उमड़ रही है। एक्सपो पहुंचने वाले लोगों में वंदे भारत एक्सप्रेस और चिनाब ब्रिज को लेकर जबरदस्त उत्सुकता देखी जा रही है। लोग इनके बारे में जानने के लिए उत्सुक हैं। कई जापानी आगंतुकों को यह जानकर आश्चर्य हो रहा है कि भारत में इतनी तेज रफ्तार और अत्याधुनिक सुविधाओं वाली ट्रेनें अब आम हो गई हैं। वंदे भारत की एयरोडायनॉमिक डिजाइन, इनबिल्ट सुरक्षा फीचर्स और सेमी हाई-स्पीड क्षमताओं ने तकनीक प्रेमियों को आकर्षित किया है। वहीं, चिनाब ब्रिज – जो दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे आर्च ब्रिज है। भारतीय रेल इंजीनियरिंग क्षमता का प्रतीक बनकर उभरा है। हिमालय की घाटियों में बना यह ब्रिज न केवल तकनीकी चुनौती को परास्त करता है, बल्कि भारत के उत्तर क्षेत्र में कनेक्टिविटी और सुरक्षा की दृष्टि से भी बेहद अहम है। जापानी दर्शक, खासकर इंजीनियरिंग और आर्किटेक्चर के छात्र, चिनाब ब्रिज के 3D प्रेजेंटेशन और इंटरैक्टिव मॉडल को ध्यान से देख रहे हैं और इसके निर्माण से जुड़े विवरणों को जानने में गहरी रुचि ले रहे हैं।



वंदे भारत ट्रेन और चिनाब ब्रिज आधुनिक भारतीय रेल का चमकता सितारा है। बदलते भारत की पहचान है। बीते एक दशक में वंदे भारत ने अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ रेल यात्रा को नई पहचान दी है। यात्रियों को विश्व स्तरीय सुविधाओं के साथ तेज रफ्तार यात्रा की सुविधा मिल रही है। भारतीय रेल ने देश के हर कोने में वंदे भारत के संचालन से कनेक्टिविटी का नया अध्याय लिखा है। पूरे देश में करीब 140 वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। इसे वरिष्ठ नागरिकों के साथ युवाओं के बीच अपार लोकप्रियता मिली है।इस ट्रेन में वातानुकूलित कोच, स्वचालित दरवाजे, बायो टॉयलेट्स, जीपीएस सूचना प्रणाली, ऑनबोर्ड कैटरिंग, वाई-फाई, और सीसीटीवी सुरक्षा जैसी सुविधाएं हैं।

# जनता दरबार में बोले आयुक्त अवैध निर्माण तुरंत रोकना है



**कल्याण।** डोंबिवली में पहली बार नगर आयुक्त का जनता दरबार आयोजित किया गया नागरिकों ने आयुक्त की आमने-सामने की बैठक पर संतोष व्यक्त किया नगर निगम क्षेत्र में नागरिकों की समस्याओं का शीघ्र समाधान करने के उद्देश्य से प्रत्येक माह के दूसरे मंगलवार को नगर निगम मुख्यालय स्थित आयुक्त कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया जाता है।आज के विशेष रूप से डोंबिवली के नागरिकों के लिए: पहली बार, आयुक्त का जनता दरबार दोपहर डोंबिवली (पूर्व) के एफ वार्ड कार्यालय भवन में पीपी चैंबर में आयोजित किया गया ताकि वरिष्ठ नागरिक भी जनता दरबार में उपस्थित होकर आयुक्त के समक्ष अपनी समस्याएं रख सकें। इस अवसर पर लगभग 75 से 80 नागरिकों ने जनता दरबार में भाग लिया और आयुक्त एवं अधिकारियों के समक्ष अपनी समस्याएं रखीं। आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को इन मुद्दों पर चर्चा कर शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए।

# म्हाडा राज्य भर में लगाएगी दो लाख पेड़

## ■ एमएमआर रीजन में लगेंगे 50 हजार पेड़

महानगर संवाददाता

मुंबई

वन महोत्सव सप्ताह के अवसर पर म्हाडा ने राज्यभर में वृक्षारोपण अभियान की शुरुआत की है। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सामाजिक दायित्व निभाते हुए म्हाडा ने दो लाख पेड़ लगाने का लक्ष्य तय किया है। पहले चरण में मुंबई एमएमआर में लगभग 50,000 पेड़ लगाए जा रहे हैं, जिसकी शुरुआत हुई है। मुंबई मंडल द्वारा 50,000 और कोकण मंडल द्वारा 25,000 पेड़ म्हाडा के विभिन्न गृहनिर्माण प्रोजेक्ट परिसर में लगाए जा रहे हैं। इसके अलावा पुणे नाशिक, छत्रपती संभाजीनगर, नागपुर और अमरावती मंडलों ने भी प्रत्येक 25,000 पेड़ लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया है।



### समुद्र किनारे मैंग्रोव वन विकसित करने की योजना

मुंबई मंडल की ओर से विक्रोली के कन्नमवार नगर, मालाड के मालवणी और गोरेगांव प्रोजेक्ट में इस अभियान की शुरुआत हुई है। म्हाडा ने समुद्र किनारे पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए मैंग्रोव वन विकसित करने की योजना भी बनाई गई है। नाशिक मंडल और राह फाउंडेशन के संयुक्त प्रयास से नाशिक जिले के चांदवड तालुका स्थित निमोण गांव के जैवविविधता उद्यान में 15,000 पेड़ लगाए गए। इस मौके पर मंडल के मुख्य अधिकारी शिवकुमार आवलकंठे और फाउंडेशन की प्रतिनिधि कामत उपस्थित रहीं। मंडल के कर्मचारियों ने सप्ताहांत पर सक्रिय भागीदारी निभाकर इस अभियान में सहयोग दिया। पुणे मंडल द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सोलापुर जिले के कुंभारली स्थित रे नगर गृहनिर्माण प्रोजेक्ट में 9,500 पौधे लगाए गए। शिरूर में मंडल के सभापति शिवाजीराव आढळराव पाटील के हाथों वृक्षारोपण किया गया।

### जियो टैगिंग प्रणाली के जरिए निगरानी

सासवड, खाउली और पलूस में भी पौधरोपण अभियान चलाया गया। उजळाईवाडी के म्हाडा कॉलोनी में 600 पौधे लगाए गए। कोकण मंडल द्वारा रायगड जिले के महाड तालुका स्थित तलिए पुनर्वसन प्रोजेक्ट परिसर में ग्रामवासियों के सहयोग से पौधरोपण किया गया। खोणी शिरढोण, भंडार्ली और गोठेघर प्रकल्पों में भी बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण किया गया। नागपुर मंडल द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत चंद्रपुर जिले के मौजा नांदा प्रकल्प में प्रोजेक्ट में कंपनी के सहयोग से 1,000 पौधे लगाए गए। देवाडा प्रोजेक्ट में 300 पौधे, और नागपुर कार्यालय, वडधामना, गोधणी व बुटीबोरी में भी वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किए गए। म्हाडा द्वारा लगाए जा रहे सभी पौधे पर्यावरण के अनुकूल हैं, जिनकी देखरेख संबंधित गृहनिर्माण संस्थाओं को सौंपी गई है। जल्द ही इन पौधों को जियो टैगिंग प्रणाली के जरिए पंजीकृत कर उनकी निगरानी की जाएगी।

# मुख्यमंत्री कोटे से घर दिलवाने के नाम पर धोखाधड़ी

## म्हाडा में सस्ते दामों में आरोपी दिलवा रहा था फ्लैट

**मुंबई।** मुख्यमंत्री कोटा से म्हाडा में सस्ते दामों में फ्लैट्स और कमर्शियल यूनिट्स दिलाने के नाम पर महिला से 27 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को दहिसर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान राज हीरालाल शाह के रूप में हुई है, जो पिछले पांच महीनों से फरार था।

शिकायतकर्ता शिल्पा कोंडेकर बोरिवली के मागठाणे इलाके की निवासी हैं। नवंबर 2020 में उन्होंने अपने मामा प्रमोद दत्तात्रय बलकवडे से मिलने के दौरान यह जानकारी पाई कि शाह उन्हें मुख्यमंत्री कोटे के तहत सस्ते दामों में फ्लैट दिलवा सकते हैं। शाह ने उन्हें मागठाणे में रेसिडेंशियल



फ्लैट्स और चारकोप में कमर्शियल दुकानें दिखाई। भरोसा बढ़ाने के लिए शाह ने म्हाडा यूनिट्स की एक लिस्ट भी दिखाई। इसके बाद कोंडेकर ने अपनी मां और सास के नाम पर दो फ्लैट्स और एक दुकान के लिए आवेदन करने का निर्णय लिया। कुल 9 लाख रुपये एडवांस में दिए गए, जिसमें प्रत्येक के लिए तीन लाख रुपये शामिल थे।

नवंबर 2020 से जून 2024 के बीच, कोंडेकर परिवार ने किश्तों में आरोपी को कुल 27 लाख रुपये शाह और बलकवडे को दिए। बदले में उन्हें फर्जी दस्तावेज और म्हाडा में आवेदन होने की नकली रिसीप्ट भी दी गईं। शाह लगातार टालमटोल करता रहा और नए आवेदन भरवाने का बहाना करता रहा। जब कोंडेकर ने शाह से संपर्क करने की कोशिश की, तो पता चला कि वह अपने घर भी नहीं था और जिसके बाद उन्होंने दहिसर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। शाह को दो दिन पहले पुलिस की विशेष टीम ने गिरफ्तार किया और कोर्ट ने उसे पुलिस हिरासत में भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि शाह ने इसी तरह कई लोगों को ठगा है और अन्य पीड़ितों से आगे आने की अपील की है।

# जेल की क्षमता से अधिक कैदी बंद

**मुंबई के आर्थर जेल की क्षमता 999 जबकि 3268 कैदी है बंद**

**मुंबई।** मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि राज्य के मध्यवर्ती और जिला जेल के वर्ग एक दो और तीन ऐसे सभी जेल की क्षमता से अधिक कैदी बंद हैं। इन सभी जेलों में 27 हजार 184 की क्षमता है जबकि मई 2025 तक 39 हजार 527 कैदी जेल में बंद थे, जो जेल की क्षमता से 12 हजार 343 कैदी अधिक हैं। बुधवार को विधान परिषद में प्रश्नकाल के माध्यम से कांग्रेस सदस्य सतेज पाटिल ने जेल की क्षमता से अधिक कैदी बंद का मुद्दा उपस्थित किया था। सीएम फडणवीस ने लिखित में जवाब में यह जानकारी दी। फडणवीस ने बताया कि मुंबई मध्यवर्ती (आर्थर) जेल में 999 कैदियों की क्षमता है जबकि मई महीने के आखिरी तक 3268 कैदी बंद हैं। कैदियों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। सीएम ने बताया कि राज्य के कुल 60 जेल हैं इस जेल में मई 2025 तक 39 हजार 527 कैदी बंद थे जिसमें 6003 कैदी अशिक्षित 5067 कैदियों का कोर्ट में ट्रायल चल रहा है फडणवीस ने बताया कि कैदियों की संख्या क्षमता से ज्यादा है इसके बावजूद उन्हें आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

# शिक्षकों के खाते में जमा होगा 20% बढ़ा वेतन

## आंदोलनरत शिक्षकों से मिलने पहुंचे मंत्री गिरीश महाजन

**मुंबई।** अपनी मांगों को लेकर आजाद मैदान में आंदोलन कर रहे बिना अनुदानित स्कूलों के शिक्षकों की मांगों को सरकार ने पूरा करने का आश्वासन दिया है। बुधवार को आजाद मैदान पहुंचे मंत्री गिरीश महाजन ने कहा कि बिना अनुदानित शिक्षकों के खाते में 20 प्रतिशत बढ़ा वेतन जमा होगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि आगे से वेतन की तारीख आगे नहीं बढ़ेगी। सुबह राकांपा प्रमुख शरद पवार और शिवसेना यूबीटी प्रमुख उद्धव ठाकरे ने आजाद मैदान पहुंचकर शिक्षकों से मुलाकात की थी।

राज्य के बिना अनुदानित शिक्षकों ने स्कूलों को विभिन्न चरणों में 20 प्रतिशत अनुदान सहित अन्य मांगों को लेकर आजाद मैदान पर आंदोलन



शुरू किया था। मंत्री गिरीश महाजन ने कहा कि 18 जुलाई को महाराष्ट्र विधानमंडल का वर्षाकालीन सत्र का समापन होगा। इसके पहले आपके खाते में 20 प्रतिशत बढ़ा वेतन जमा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री शिक्षकों की मांग को लेकर सकारात्मक हैं। सरकार ने अक्टूबर 2024 में राज्य के पांच हजार से ज्यादा आंशिक रूप से अनुदानित निजी स्कूलों को चरणबद्ध तरीके से अनुदान देने का फैसला किया था। हालांकि यह फैसला 10 महीने बाद भी कागजों तक ही सीमित है।

# जन सुरक्षा विधेयक को लेकर संयुक्त समिति की रिपोर्ट पेश

## बिल के मूल उद्देश्य के वाक्य में संशोधन

**मुंबई।** बुधवार को विधानसभा में महाराष्ट्र विशेष जन सुरक्षा विधेयक पर गठित संयुक्त समिति की रिपोर्ट राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने पेश की। शहरी नक्सलवाद पर लगाम लगाने के उद्देश्य से लाया गया यह विधेयक व्यापक जन चर्चा और प्राप्त सुझावों के आधार पर महत्वपूर्ण सुधारों सहित अंतिम रूप में लाया गया है।

विधेयक पर विचार के लिए विधानमंडल के दोनों सदनों के सदस्यों की संयुक्त समिति गठित की गई थी। समिति के अध्यक्ष बावनकुले ने बताया कि पांच बैठकों के माध्यम से समिति ने




विधेयक पर बनी गलतफहमी को दूर कर और नागरिकों के विचारों को ध्यान में रखा। इस प्रक्रिया में विधानमंडल सचिवालय को 12,500 से अधिक सुझाव प्राप्त हुए, जिनके आधार पर सुधार प्रस्तावित किए गए।

विधेयक के मूल उद्देश्य वाक्य में संशोधन कर इसे केवल वामपंथी विचारधारा या अन्य अवैध कृत्यों पर नियंत्रण तक सीमित किया गया है, जिससे यह सुनिश्चित हो कि इसका दुरुपयोग राजनीतिक या सामाजिक संगठनों के विरुद्ध न हो। किसी भी संगठन को अवैध घोषित करने से पूर्व सलाहकार मंडल की सहमति आवश्यक होगी। इसमें उच्च न्यायालय के वर्तमान या सेवानिवृत्त न्यायाधीश शामिल होंगे, साथ ही जिला न्यायाधीश और शासकीय वकील स्तर के अधिकारी सदस्य रहेंगे। पहले जांच का अधिकार पुलिस उपनिरीक्षक स्तर के अधिकारी को था, जिसे अब समिति की अनुशंसा पर पुलिस उप अधीक्षक स्तर के अधिकारी को सौंपा गया है।

# अब मोबाइल पर फोटो खींचकर चालान जारी करना पड़ेगा भारी

## पुलिस अधिकारियों पर होगी अनुशासनात्मक कार्रवाई

**मुंबई।** महाराष्ट्र पुलिस ने अब ट्रैफिक पुलिस कर्मियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू करने का फैसला किया है, यह कार्रवाई उन कर्मियों के खिलाफ की जाएगी जो यातायात नियम उल्लंघन की तस्वीरें लेने और बाद में अपनी सुविधानुसार ई-चालान जारी करने के लिए अपने निजी मोबाइल फोन का उपयोग करते हैं। यह निर्देश अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (ट्रैफिक), प्रवीण सालुंखे द्वारा ट्रैफिक यूनियनों से शिकायतें मिलने के बाद एक सर्कुलर के माध्यम से जारी किया गया था। दरअसल आधिकारिक ई-चालान मशीनें उपलब्ध कराए जाने के बावजूद, कई ट्रैफिक पुलिस अधिकारी कथित तौर पर अपने निजी फोन का



उपयोग करके उल्लंघन करने वाले वाहनों की तस्वीरें ले रहे थे और बाद में, उन्हें सिस्टम पर अपलोड कर रहे थे। इस प्रथा को हाल ही में ट्रैफिक यूनियनों के प्रतिनिधियों और राज्य के परिवहन मंत्री के बीच एक बैठक के दौरान उठाया गया था, जहां निजी उपकरणों के दुरुपयोग पर असंतोष व्यक्त किया गया था।

# धर्मांतरण रोकने के लिए बनाएंगे कड़ा कानून: बावनकुले

## सदन में उठा आदिवासियों के धर्मांतरण का मुद्दा

**मुंबई।** आदिवासी बहुल नंदुरबार जिले में ईसाई मिशनरियों की तरफ से आदिवासियों को प्रलोभन देकर धर्मांतरण करने के मामले को सरकार ने गंभीरता से लिया है। विधानसभा में राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा कि राज्य में धर्मांतरण रोकने के लिए एक कड़ा कानून बनाया जाएगा। भाजपा के अनूप अग्रवाल एवं अन्य सदस्यों के ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर हुई चर्चा के जवाब में बावनकुले ने कहा कि वे मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से बात करेंगे कि कड़े प्रावधानों के साथ धर्मांतरण-रोधी कानून लाया जाए। उन्होंने कहा कि धुले-नंदुरबार के



संभागीय आयुक्त को क्षेत्र में अनधिकृत गिरजाघरों की जांच करने और उन्हें छह महीने में ध्वस्त करने का निर्देश दिया है। मंत्री ने कहा कि गृह विभाग ने 2018 में ही आदेश जारी किया है कि किसी भी धार्मिक स्थल के निर्माण के लिए राजस्व व वन विभाग की प्रशासनिक मंजूरी के साथ ही गृह विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेना आवश्यक है, लेकिन नंदुरबार में हुए धार्मिक स्थल के निर्माण या पुनर्निर्माण के लिए कोई मंजूरी नहीं ली गई है। भाजपा के अतुल भातखलकर ने अनधिकृत धार्मिक ढांचों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की मांग की। इस पर बावनकुले ने कहा कि कार्रवाई करने से पहले शिकायतों की जांच आवश्यक है। भाजपा विधायक संजय कुटे ने कहा कि धर्मांतरण केवल नंदुरबार में ही नहीं, बल्कि पूरे राज्य के आदिवासी इलाकों में होता है। अग्रवाल ने दावा किया कि नवापुर (धुले जिला) में आदिवासियों और गैर-आदिवासियों को ईसाई धर्म अपनाने के लिए लालच दिया जा रहा है।

# पुलिस आयुक्त मधुकर पांडेय का तबादला, एमबीवीवी को मिला नया पुलिस कमिश्नर



**मुंबई।** मीरा-भायंदर-वसई-विरार (एमबीवीवी) के पुलिस आयुक्त मधुकर पांडे का महाराष्ट्र सरकार ने बुधवार को तबादला कर दिया है। उन्हें अब पुलिस विभाग में अतिरिक्त महानिदेशक (प्रशासन) के पद पर नियुक्त किया गया है। उनकी जगह वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी निकेत कौशिक को एमबीवीवी का नया पुलिस कमिश्नर बनाया गया है। ये यहां के तीसरे पुलिस कमिश्नर होंगे। पांडे का दो साल का कार्यकाल खत्म होने के बाद नए पुलिस कमिश्नर को यहां लाया गया है।

# महालक्ष्मी रेसकोर्स पर इनडोअर इवेंट वेन्यू बनाने की तैयारी में मनपा

**मुंबई।** महालक्ष्मी रेसकोर्स पर बीते एक वर्ष में आयोजित बड़े आयोजनों से मनपा को लगभग 7.5 करोड़ रुपये की अतिरिक्त कमाई हुई है। मनपा ने इस सफलता से प्रेरित होकर अब रेसकोर्स परिसर के पास एक स्थायी इनडोअर इवेंट वेन्यू बनाने की योजना पर विचार कर रही है। यह वेन्यू वर्ली स्थित एनएससीआय डोम की तर्ज पर बनाया जाएगा और घोड़ों के अस्तबल के पास लगभग 15 एकड़ जमीन पर विकसित किया जाएगा। मंगलवार शाम मनपा मुख्यालय में आयोजित बैठक में अधिकारियों की इस परियोजना पर चर्चा हुई। प्रस्ताव है कि इस स्थान का उपयोग सांस्कृतिक, संगीत और कॉर्पोरेट कार्यक्रमों के लिए किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि रॉयल वेस्टर्न इंडिया टर्फ क्लब के साथ हुए



समझौते के तहत मनपा को रेसकोर्स का मुख्य मैदान ही नहीं बल्कि दो छोटे भूखंड भी प्राप्त हुए हैं। पिछले कुछ महीनों में लोलापालूजा इंडिया, गन्स एन' रोज़ेस जैसे अंतरराष्ट्रीय संगीत कार्यक्रम और घुड़सवारी शो ने इस ऐतिहासिक खुले मैदान को एक बड़े राजस्व वाले स्थल में बदल दिया है। मनपा अब इसी मॉडल को आगे बढ़ाने की तैयारी में है। घुड़सवारी की गतिविधियों को बाधित किए बिना 120 एकड़ भूमि के बेहतर विकास के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे इलाके की सभी भूमिगत उपयोगिता लाइनों—जैसे की नाले, सीवेज और जल पाइपलाइन—की मैपिंग शुरू करें। प्रस्ताव में यह भी शामिल है कि नई संरचनाओं का कुछ हिस्सा एक मंज़िल नीचे भूमिगत रूप से बनाया जाएगा।


**पश्चिम रेलवे**

**निर्माण कार्य**

मंडल रेल प्रबंधक (डब्ल्यूए), पश्चिम रेलवे, 6ठी मंजिल, इंजीनियरिंग विभाग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई – 400 008 द्वारा **ई-निविदा सूचना क्र. : बीसीटी/25-26/146, दि. 07.07.2025** आमंत्रित की जाती है. **कार्य एवं स्थान : विरार** : पुराने जीर्णशीर्ण एमएस टैंक (आर-2) के बदले में 2.25 लाख लीटर आरसीसी ओएच वॉटर टैंक का निर्माण. **कार्य की अनुमानित लागत** : ₹ 2,29,43,187.90. **ईएमडी** : ₹ 2,64,700/-. **जमा करने की तिथि एवं समय** : 01.08.2025, 15.00 बजे तक. **खुलने की तिथि एवं समय** : 01.08.2025 को 15.30 बजे. अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें. 0372

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly


# लाखों की लूट करने वाला आरोपी गिरफ्तार



**उल्हासनगर।** पुलिस उपायुक्त परिमंडल 4 अंतर्गत पुलिस स्टेशनों के क्षेत्र में निरंतर अपराधिक घटना बढ़ने से नागरिकों में भय का वातावरण बनता जा रहा है। जबकि चाकू की नोक पर 4 लाख की लूट करने वाले एक आरोपी को उल्हासनगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है, वहीं उसका सहयोगी एक आरोपी फरार है जिसकी पुलिस तलाश कर रही है, पुलिस की जानकारी अनुसार लूट की घटना 28 जून 2025 की है, जब रवि लालचंद वाटवानी मोटरसाइकिल से जा रहा था, जहां सहायता के नाम पर आरोपी ने वारदात को अंजाम दिया।

**आचार्य अत्रे चौक मेट्रो स्टेशन पर पानी घुसने की घटना से सेवा हुई थी बाधित**

# ठेकेदार पर 10 लाख का लगा जुर्माना

**मुंबई।** मेट्रो के आचार्य अत्रे चौक मेट्रो स्टेशन पर 26 मई 2025 को हुई भारी बारिश के चलते स्टेशन परिसर में पानी घुसने की गंभीर घटना सामने आई। इस वजह से स्टेशन के यात्रियों के लिए सेवाएं तत्काल रोकनी पड़ीं। मामले की जांच के बाद निर्माण में लापरवाही और तकनीकी त्रुटियां सामने आईं जिसके चलते ठेकेदार कंपनी दस लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। यह जानकारी आरटीआई कार्यकर्ता अनिल गलगली को सूचना के अधिकार अधिनियम के अंतर्गत प्राप्त हुई।

ठेकेदार कंपनी डोगस-सोमा जेवी को जारी की नोटीस के अनुसार तेज बारिश के दौरान मेट्रो स्टेशन के कॉनकोर्स लेवल में बड़ी मात्रा में



पानी प्रवेश कर गया। जांच में पाया गया कि यह घटना B2 एंट्री एग्जिट इंटरफेस पर स्थापित अस्थायी फायर बैरियर प्रीकास्ट सीमेंट वॉल के टूटने के कारण हुई। दीवार टूटने से बारिश का पानी और कचरा स्टेशन के अंदर घुस गया, जिससे कीचड़ जमा हो गया और पानी का बहाव तेजी से प्लेटफार्म, सीढ़ियों, अंडरक्रॉफ्ट लेवल, एएफसी सिस्टम, सिग्नलिंग, टेलीकॉम, इलेक्ट्रिकल सिस्टम और कंट्रोल रूम तक पहुंच गया। इस जल प्रवाह के कारण स्टेशन के आर्किटेक्चरल डेकोरेशन को नुकसान पहुंचा और यात्रियों की सुविधा पर भी बुरा असर पड़ा। सुरक्षा की दृष्टि से सेवाएं तुरंत रोक दी। जनरल कंसल्टेंट की प्राथमिक जांच रिपोर्ट के अनुसार, ठेकेदार कंपनी ने पहले से EE-B3 क्षेत्र में एक डि वाटरिंग सिस्टम स्थापित की थी, जिसमें कई पंप लगे थे जो सामान्य परिस्थितियों में पानी निकालने में सक्षम थे। हालांकि घटना के समय ठेकेदार का ऑपरेटर समय पर पंप चालू करने में असफल रहा जिससे पानी पूरे स्टेशन में फैल गया।

# 11वीं कक्षा में प्रवेश से एक भी छात्र वंचित नहीं रहेगा

## विधान परिषद में राज्य मंत्री भोयर ने दी जानकारी

**मुंबई।** स्कूली शिक्षा राज्य मंत्री पंकज भोयर ने कहा कि ग्रामीण और शहर के सभी छात्रों को 11वीं कक्षा में प्रवेश दिया जाएगा। इसलिए सरकार ने ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया अपनाई गई है। राज्य में ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया लागू की जा रही है। एक भी छात्र प्रवेश से वंचित नहीं रहेगा। मंत्री भोयर ने कहा कि विद्यार्थियों के कक्षा 11 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया को अपनाया गया है। बुधवार को विधान परिषद में सदस्य जयंत आसगावकर ने 11वीं कक्षा में विद्यार्थियों को प्रवेश में हो रही समस्या का मुद्दा उठाया था उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र लागू कक्षा 11 के लिए ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया को ऑफ़लाइन किया जाए। इसके जवाब में मंत्री पंकज भोयर ने कहा कि महानगर क्षेत्रों में लागू की जा रही ऑनलाइन प्रक्रिया को ठीक से लागू किया जा रहा है। अब उद्देश्य यह है कि ग्रामीण क्षेत्रों के छात्र प्रवेश प्रक्रिया में पीछे न रहें। इससे गांवों के छात्रों को शहरी क्षेत्रों में प्रवेश मिल सकता है। डॉ. भोयर ने सदन को बताया कि इस ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया के कई लाभ हैं पहले ग्यारहवीं कक्षा में प्रवेश लेते समय विद्यार्थियों को प्रत्येक महाविद्यालय की सूचना पुस्तिका 500 रुपये तक खरीदनी पड़ती थी।


**MAHATRANSCO**
Maharashtra State Electricity Transmission Co. Ltd.

**E-TENDER NOTICE**

MSETCL invites online bids (E-Tender) from registered contractors / agencies on Mahatransco E-Tendering website **https://srmetender.mahatransco.in** for following works.

**Tender No:- SE/EHV/O&M/Circle/T/SRM/E-Tender-17/2025-26 RFX No. 7000036966 Subject:-** E-tender for Rate contract for attending emergency breakdown and planned outage works on various 400 kV Lines under 400 kV LMSDn, Lonikand-I under EHV O&M Circle, Pune. **Tender Amount:- Rs. 75,00,000/- EMD:- Rs.75,000, Tender Fees:-** Rs.500/- + GST). **Download of tender documents:-** from Dtd. 09.07.2025 to Dtd. 24.07.2025 up to 11:00 hrs. **Bid Opening:-** Dtd. 24.07.2025 after 11:05 Hrs (Tech) Dtd. 25.07.2025 after 11:00 Hrs (Price) For further details visit our website **http://mahatransco.in** and open above RFX for downloading tender document, schedules, and annexures.

**Further, please note that, in case, if above tender will be refloated, it will be published on our website viz. www.mahatransco.in**

**Sd/-**
**(Vitthal Bhujbal)**
**Superintending Engineer**
**EHV O&M Circle, Pune**


लेखा अनुसंधान और संपादन (वैश्विक) में उत्कृष्टता के लिए

# प्रोफेसर डॉ. प्रेम लाल जोशी को मिला देवभूमि राष्ट्रीय पुरस्कार

**मुंबई।** उत्तराखंड के कैबिनेट मंत्री वन और तकनीकी शिक्षा सुभोद उनियाल ने बीते 5 जुलाई 2025 को देहरादून, उत्तराखंड में आयोजित एक रंगारंग समारोह में विभिन्न क्षेत्रों के कई उपलब्धि हासिल करने वालों को "देवभूमि राष्ट्रीय रत्न पुरस्कार" प्रदान किया। यह कार्यक्रम सामाजिक सुधार और उच्च शिक्षा संस्थान (आईएसआरएचई) और इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियर्स, देहरादून चैप्टर द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम को कई प्रसिद्ध हस्तियों ने संबोधित किया।

प्रसिद्ध शिक्षाविद और सेवानिवृत्त प्रोफेसर




डॉ. प्रेम लाल जोशी को प्रतिष्ठित "एक्सीलेंस इन अकाउंटिंग रिसर्च एंड एडिटिंग (ग्लोबल)" पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। 48 वर्षों के शानदार करियर के साथ, प्रो. जोशी ने अकाउंटिंग, ऑडिटिंग और वित्त में उत्कृष्ट योगदान दिया है। उन्होंने 10 किताबें लिखी हैं - जिनमें बहरीन के स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल शीर्षक शामिल हैं - और प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में 155 शोध पत्र प्रकाशित किए हैं। इसके अतिरिक्त, उन्होंने सामाजिक-आर्थिक मुद्दों पर 90 से अधिक लेख लिखे हैं और 45 अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में प्रस्तुत किए हैं। प्रो. जोशी ने दो दर्जन से अधिक अकादमिक पत्रिकाओं के संपादकीय बोर्डों में काम किया है और अकाउंटिंग में चार अंतरराष्ट्रीय पत्रिकाओं के संस्थापक संपादक हैं। वह वर्तमान में इंटरनेशनल जर्नल ऑफ़ ऑडिटिंग एंड ऑडिटिंग स्टडीज़ (IJAAS) के प्रधान संपादक के रूप में कार्य करते हैं। उनके शैक्षणिक जीवन में NITIE (अब IIM), मुंबई, बहरीन विश्वविद्यालय, मल्टीमीडिया विश्वविद्यालय, मलेशिया, बिलकेंट विश्वविद्यालय, अंकारा, HNB गढ़वाल विश्वविद्यालय, आदि जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में शिक्षण भूमिकाएं शामिल हैं।


**मध्य रेल**

**ओएचई कार्य**

**खुली ई-निविदा संख्या: केवायएन-एलडी-585-डब्लु-750-कांट, 04.07.2025. कार्य का विवरण:** मध्य रेलवे के मुंबई मंडल के कल्याण स्टेशन के आइलैंड प्लेटफार्म क्रमांक 2 और 3 को 70 मीटर तक विस्तारित करने के संबंध में मौजूदा ओएचई में परिवर्तन। **अनुमानित लागत:** रु. 60267902.36. **ईएमडी:** रु. 451300/-. **निविदा पपत्र का शुल्क:** रु. 0/-. **समापन अवधी:** 2 महिने। ई-निविदा जमा करने की अंतिम तिथी एवं अवधि दि. 23.07.2025 को 15:00 बजे है। ई-निविदा की विस्तृत जानकारी रेल की अधिकारीक वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा की जानकरी वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (क.वि.) मध्य रेल, कल्याण के सुचना पट पर उपलब्ध है। DE-232

अनाधिकृत रूप से रेल लाइन को पार करना दंडनीय अपराध है



**कुळगांव बदलापूर नगरपरिषद**

नवीन प्रशासकीय ईमारत, म. गांधी चौक रोड, बदलापूर रेल्वे स्टेशन (पूर्व). कुळगांव, पिन - ४२१५०३, ता. अंबरनाथ जि.ठाणे.
ई-मेल : - coud.kulgaonbadalapur@maharashtra.gov.in, वेबसाइट :- kbmc.gov.in.

**जा.क्र./कुबनप/भांडार विभाग/३२/२०२५-२०६** **दिनांक : ९/७/२०२५**

**जाहिर ई-निविदा सुचना क्र.०४/२०२५-२०२६**

कुळगांव बदलापूर नगरपरिषदेच्या अख्यारित्यीत असलेल्या एरंजाड शाळा क्र. 15, कुळगांव शाळा क्र. 01, कुळगांव शाळा क्र. 2 ऊर्दू, बेलवली शाळा क्र. 16 यामधील इयत्ता 09 व 10 वीमधील विद्यार्थ्यांना शर्ट, पॅट, टाय, टोपी, पट्टा, शुज, सॉक्स, आणि मुलींना सलवार, कुर्ता, दुपट्टा, शुज, सॉक्स इत्यादी साहित्य खरेदी करुन पुरविणेबाबत निविदाधारकाकडुन दोन लिफाफा पध्दतीने दरपत्रक मागविणेत येत आहे. निविदा संच विक्री व स्विकृती दिनांक 10/07/2025 पासुन सकाळी 10.30 पासुन ते दिनांक 16/07/2025 रोजीपर्यंत दुपारी 15.00 वाजेपर्यंत राहील. तसेच निविदा उघडणे (शक्य झाल्यास) दिनांक 17/07/2025 रोजी सायंकाळी 16.00 अथवा अन्य सोईच्या दिवशी.

तसेच याबाबत संपूर्ण माहिती https:/mahatenders.gov.in या संकेत स्थळावरुन प्राप्त करावयाचे असुन त्याच संकेत स्थळावर ई-निविदा फॉर्म फी, इसारा (बयाणा) रक्कम व ई-निविदा Online सादर करणे बंधनकारक आहे. प्राप्त निविदापैकी कोणतीही एक निविदा स्विकारण्याचा अथवा कारणाशिवाय सर्व निविदा नाकारण्याचा अधिकार मुख्याधिकारी, कुळगाव बदलापूर नगरपरिषद, कुळगांव यांनी राखुन ठेवला आहे. निविदा नियम व अटी-शर्तीमध्ये बदल करण्याचा अधिकार मुख्याधिकारी, कुळगांव बदलापूर नगरपरिषद, कुळगाव. यांनी राखुन ठेवला आहे.

निविदा पुर्व बैठक दि. 14/07/2025 रोजी सकाळी 11.00 वाजता मा. मुख्याधिकारी यांच्या दालनात होईल. बैठकीत गणवेषाचे व इतर साहित्याचे नमुने **(मुले :- गुलाबी रंगाचा हाफ शर्ट व फॉन रंगाची फुल पॅट, फॉन रंगाची टोपी (कॅप), फॉन रंगाचा पट्टा, फॉन रंगाची टॉय, कॅनवॉस बुट (शुज), सफेद कॉटन सॉक्स व मुली :- एस. कुमार / मोफतलाल कंपनीचे खाकी फेन्ट रंगाचा सलवार, गुलाबी रंगाचा कुर्ता, फॉन रंगाचा दुपट्टा, फॉन रंगाची टोपी (कॅप), फॉन गुलाबी रंगाचा पट्टा, कॅनवॉस बुट (शुज), सफेद कॉटन सॉक्स)** घेऊन उपस्थित राहावे. व सदर नमुने सादर केल्याबाबत मा. मुख्याधिकारी यांच्याकडुन प्रमाणित करुन घेण्यात यावे. व प्रमाणित केलेली प्रत निविदेच्या तांत्रिक बाबींचा लिफाफा क्रमांक एकमध्ये सादर बंधनकारक करणे राहील. प्रमाणित केल्याची प्रत सादर न केल्यास आपली निविदा विचारात घेतली जाणार नाही. याची नोंद घ्यावी.

**सही/-**
**मुख्याधिकारी तथा प्रशासक,**
**कुळगांव बदलापूर नगरपरिषद,**
**कुळगांव,**

# अफ्रीकी-अमेरिकी देशों की यात्रा पर मोदी

विपक्ष शुरू से ही प्रधानमंत्री मोदी की विदेश यात्राओं पर सवाल उठाता रहा है कि वो इतनी विदेश यात्राएं क्यों करते हैं। विपक्ष यह सवाल उठाता है कि इन विदेश यात्राओं का क्या फायदा है क्योंकि इन यात्राओं पर काफी पैसा खर्च होता है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद मोदी जी का विपक्ष ने यह कहकर मजाक बनाया कि इतनी विदेश यात्राओं के बावजूद कोई भी देश भारत के साथ नहीं खड़ा हुआ। विपक्ष यह भी देखने को तैयार नहीं है कि इन्हीं विदेश यात्राओं का असर है कि कोई भी देश भारत के खिलाफ नहीं खड़ा हुआ। चीन और तुर्की पाकिस्तान के साथ इसलिए खड़े दिखाई दिए क्योंकि वो पाकिस्तान को हथियार सप्लाई करते हैं । भारत विरोधी होने के कारण चीन और तुर्की पाकिस्तान का साथ दे रहे थे। ऐसे तो भारत भी रूस, इजराइल, फ्रांस और अमेरिका के हथियारों से जंग लड़ रहा था। इस युद्ध की विशेषता यह रही कि भारत ने अपने बनाए हथियारों का ज्यादा इस्तेमाल किया। इस तरह देखा जाए तो भारत को किसी देश की मदद की जरूरत ही नहीं थी। प्रधानमंत्री मोदी 2 जुलाई से 5 दिन की विदेश यात्रा के दौरान घाना, त्रिनिदाद और टोबैगो, अर्जेंटीना, ब्राजील और नामीबिया का दौरा कर रहे हैं। इस पर भी कांग्रेस के कई नेताओं के बयान सामने आ चुके हैं कि मोदी जी इन देशों की यात्रा पर क्यों जा रहे हैं । जिन देशों का कई दशकों से भारत के किसी प्रधानमंत्री ने दौरा नहीं किया है, वहां जाने का क्या जरूरत है। यहां तक मजाक बनाया जा रहा है कि मोदी जी बाकी बचे हुए देशों की भी यात्रा कर लेना चाहते हैं। हर बार की तरह घरेलू समस्याओं की दुहाई देते हुए मोदी जी की यात्रा पर सवाल खड़े किए जा रहे हैं। ऐसे में देश की जनता के मन में भी सवाल उठ सकता है कि इन गरीब देशों की यात्रा करके मोदी जी क्या हासिल करने वाले हैं। इसका विश्लेषण करने की जरूरत है कि क्यों मोदी जी इन देशों की यात्रा कर रहे हैं। किसी भी राष्ट्र प्रमुख द्वारा विदेश यात्रा करने का मकसद दूसरे देशों के साथ सम्बन्धों को बढ़ाना होता है। आजकल तो ज्यादातर राष्ट्र प्रमुख विदेश यात्राएं अपने देश के व्यापार को बढ़ाने के लिए करते हैं। भारत धीरे-धीरे विश्व शक्ति बन रहा है, जिसके कारण जिम्मेदारियां भी बढ़ रही हैं। विश्व पटल पर भारत की अनुपस्थिति का लाभ उठाकर चीन ने दक्षिण अमेरिकी और अफ्रीकी देशों में अपनी पैठ बना ली है और भारत कहीं दिखाई नहीं दे रहा है। मोदी जी ने सत्ता में आते ही जान लिया था कि भारत को अगर वैश्विक शक्ति बनना है तो इन देशों के साथ सम्बन्ध बढ़ाने होंगे । मोदी जी के सत्ता में आने से एक साल पहले ही चीन ने दुनिया के गरीब देशों को अपने कर्ज जाल में फंसाने के लिए एक जबरदस्त चाल चली थी। उसने अपने बीआरआई प्रोजेक्ट के अन्तर्गत गरीब देशों को यह लालच दिया कि वो उनके देशों को एक ऐसे गलियारे से जोड़ेगा जिससे उनका आयात-निर्यात आसानी से पूरी दुनिया में हो सकेगा। उसने इस योजना के अन्तर्गत इन देशों में ऐसी विकास परियोजनाएं शुरू की जिससे इन देशों के बुनियादी ढांचे का निर्माण होना था। उसने इन देशों को यह लालच दिया कि इन विकास परियोजनाओं से इन देशों की आय बढ़ जाएगी और इन पर खर्च किया गया पैसा भी जल्दी वापिस आ जाएगा। इसके लिए चीन ने इन देशों को कर्ज दिया और कर्ज की शर्तों को गुप्त रखा गया। इन शर्तों का ही नतीजा है कि श्रीलंका बर्बाद हो गया है, मालदीव और पाकिस्तान मुश्किल में हैं। चीन का तरीका यही है कि उन गरीब देशों को कर्ज दो और उसके बदले उनके प्राकृतिक संसाधनों पर कब्जा कर लो। चीन की इस नीति से दक्षिण अमेरिकी और अफ्रीकी देश बर्बाद हो चुके हैं। मोदी जी अब इन देशों से सम्बन्ध बढ़ा रहे हैं ताकि चीन के इस कर्ज जाल से उन्हें बाहर निकालने में मदद दी जाए। भारत ऐसा करने के लिए इन देशों को कर्ज नहीं दे रहा है बल्कि इन देशों के विकास पर काम कर रहा है ताकि ये देश खुद ही चीन के कर्ज की वापसी कर सके। इसके लिए भारतीय कंपनियां इन देशों में निवेश कर रही हैं ताकि इन देशों में भी विकास की धारा बह सके। भारत इन देशों को प्राकृतिक संसाधनों की लूट से बचा कर इन संसाधनों का उचित दाम दिलाना चाहता है । सच कहे तो भारत को भी इन संसाधनों की जरूरत है लेकिन भारत चीन की तरह उन पर कब्जा नहीं चाहता बल्कि इन देशों के साथ व्यापार भी चाहता है। 2023 की एक रिपोर्ट के अनुसार चीन ने अफ्रीकी देशों के लगभग 80 प्रतिशत व्यापार पर कब्जा कर लिया है और यही हाल दक्षिण अमेरिकी देशों का भी है। मोदी जी की इन पांच देशों की यात्रा भारत की सॉफ्ट पावर, ग्लोबल साउथ रणनीति, आर्थिक सहयोग और कूटनीतिक नेतृत्व को शक्ति प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित हो सकती है। भारत आजादी के बाद से ही ग्लोबल साउथ के देशों के प्रति एक जिम्मेदारी महसूस करता रहा है, इसलिए नेहरू जी ने गुटनिरपेक्ष नीति पर इन देशों को लाने की कोशिश की थी ताकि ये देश दो गुटों की लड़ाई में उलझ कर बर्बाद न हो जाएं। घाना एक तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है और भारत के महत्वपूर्ण व्यापारिक सम्बन्ध उसके साथ हैं। भारत सोने का बड़ा आयातक है और घाना से 70 प्रतिशत सोना हमारे देश में आता है। भारत इन व्यापारिक संबंधों का बढ़ाना चाहता है और घाना की विकास परियोजनाओं में सहयोग देना चाहता है। घाना के जरिये भारत अफ्रीकी देशों में अपनी पैठ बनाना चाहता है। घाना अफ्रीकी बाजारों में भारत की पहुंच आसान बना सकता है । त्रिनिदाद एवं टोबैगो में भारतीय मूल की बड़ी आबादी है इसलिए भारत इस देश के साथ अपने संबंधों को मजबूत करना चाहता है।

कटाक्ष | सुरेश मिश्र

*कदम-कदम पर चल रहे,सारे नेता दांव*
*लगता है आ रहा है, कोई नया चुनाव*
*कोई नया चुनाव, मुंबई-पटना टोली*
*थप्पड़ बरसें कहीं, कहीं पर बरसे गोली*
*कह सुरेश भौकाल बने कब अपने दम पर*
*आम आदमी कूट रहे सब कदम-कदम पर*

# दुनिया में झगड़ा लगाने का आदी अमेरिका

**अमेरिका दुनिया भर में पहले झगड़ा लगाने और फिर पंचायती करके लाभ कमाने का आदी रहा है। इसलिए उसकी नीतियों को वक्त वक्त पर अंतरराष्ट्रीय चुनौती भी मिलती रही हैं। भूमंडलीकरण और खुली अर्थव्यवस्था का उन्नायक कब और कैसे मानवता विरोधी खलनायक बन गया, जनशोध का विषय है।**




अमेरिकी नेतृत्व वाले जी-सेवन के मुकाबले ब्रिक्स देशों की जवाबी रणनीति और उसके बारे में सम्बन्धित देशों के द्वारा ना-नुकुर करते रहने से विफ़रे अमेरिकी चिढ़ के अंतरराष्ट्रीय मायने स्पष्ट हैं और ये देर-सबेर अमेरिका पर ही भारी पड़ने वाले हैं यद्यपि डोनाल्ड ट्रंप का टैरिफ ब्रेक के बाद फिर से दुनिया में हलचल मचाने लगा है, क्योंकि गत सोमवार को ही उन्होंने अपने मित्र जापान-साउथ कोरिया समेत 14 देशों पर फ्रेश टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। वहीं इससे पहले ब्रिक्स पर निशाना साधते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा है कि जो देश अमेरिकी नीतियों के खिलाफ जाएगा, उस पर 10 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ लगाया जाएगा हालांकि ट्रंप की इस चेतावनी को लेकर ब्रिक्स में शामिल सदस्य देशों ने कड़ी आलोचना की है। इसलिए स्वाभाविक सवाल है कि आखिर ऐसी कौन सी वजह है जिसे लेकर ब्रिक्स देश ट्रंप के टारगेट पर हैं और इन अतिरिक्त टैरिफ का इन देशों पर क्या असर होगा, जिसमें उसका कथित मित्र भारत भी शामिल है? उल्लेखनीय है कि ब्रिक्स दुनिया की उभरती अर्थव्यवस्थाओं का एक समूह है। इसके संस्थापक सदस्य देशों में ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका हैं। दरअसल, इसका नाम भी इन्हीं पांच देशों के पहले अक्षर को लेकर बनाया गया है। ब्रिक्स का उद्देश्य उभरती अर्थव्यवस्थाओं वाले देशों में आर्थिक सहयोग, विकास और वैश्विक संतुलन बढ़ाना है। ब्रिक्स की स्थापना 2009 में हुई और 1 जनवरी 2024 को ईरान, मिस्र, इथियोपिया, इंडोनेशिय और संयुक्त अरब अमीरात को भी संगठन में शामिल किया गया था। वैसे तो सऊदी अरब भी इसमें आमंत्रित राष्ट्र के रूप में ग्रुप की गतिविधियों में भाग लेता है हालांकि अभी तक वह आधिकारिक तौर पर शामिल नहीं हुआ है। शायद अपनी अमेरिकी करीबियों के चलते! बता दें कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बीते 2 अप्रैल को ही दुनिया के तमाम देशों पर रेसिप्रोकल टैरिफ का ऐलान किया था। हालांकि, बाद में इसे 90 दिन के लिए रोक दिया था। इस छूट की डेडलाइन 9 जुलाई को खत्म होने वाली थी, लिहाजा इसे 1 अगस्त 2025 तक बढ़ाया गया है। वहीं, इससे पहले सोमवार 7 जुलाई को ही ट्रंप ने अपना टैरिफ बम फोड़ना शुरू कर दिया और जापान-साउथ कोरिया के अलावा म्यांमार, लाओस, दक्षिण अफ्रीका, कजाकिस्तान, मलेशिया, ट्यूनीशिया, इंडोनेशिया, बोस्निया, बांग्लादेश, सर्बिया, कंबोडिया और थाईलैंड पर 25 फीसदी से 40 फीसदी तक टैरिफ लगाने का ऐलान कर दिया। इसी बीच उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए ब्रिक्स देशों के लिए एक चेतावनी भी जारी की। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने ट्रुथ सोशल अकाउंट पर लिखा है कि जो भी देश ब्रिक्स की एंटी-अमेरिकन पॉलिसी का समर्थन करेंगे, उन पर 10 फीसदी का एक्स्ट्रा टैरिफ लगाया जाएगा और अमेरिका की इस नीति में किसी भी तरह की कोई छूट की गुंजाइश नहीं है। इशारा स्पष्ट इशारा भारत की ओर था। यहां बता दें कि ब्राजील के रियो डी जनेरियो में 6-7 जुलाई को संपन्न हुए ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के बाद जारी एक घोषणापत्र में यूएस टैरिफ की आलोचना की गई थी, जिसके बाद डोनाल्ड ट्रंप की ये तीखी प्रतिक्रिया सामने आई है।

इसलिए सवाल दर सवाल उभरता है कि आखिर क्या टैरिफ की आलोचना ही एकमात्र कारण है, जिसे लेकर डोनाल्ड ट्रंप ब्रिक्स को टारगेट कर रहे हैं, या इसके पीछे और भी कुछ ठोस वजह हैं। यदि ऐसा है तो क्या क्या है, यह जानना हर किसी के लिए जरूरी है। पहली बात तो ये कि इस साल अमेरिकी करेंसी डॉलर में आई तगड़ी गिरावट और बीते कुछ समय में यूएस इकोनॉमी में सुस्ती के कारण ट्रंप को ऐसा लगता है कि हर कोई अमेरिका के खिलाफ साजिश कर रहा है। वहीं, दूसरा बड़ा कारण दुनिया के तमाम बड़े देशों द्वारा डॉलर के उपयोग को कम करने की दिशा में कदम बढ़ाना भी इसके पीछे की वजह समझा जा सकता है। इस बात का एक बड़ा उदाहरण देखें तो स्पष्ट होता है कि ब्रिक्स के संस्थापक सदस्य देशों में शामिल और आर्थिक रूप से मजबूत रूस और चीन आपस में अपनी करेंसी में ही ट्रेड करते रहे हैं। यही नहीं 2022 में तो रूस ने ब्रिक्स देशों के लिए एक इंटरनेशनल करेंसी का प्रस्ताव भी दिया था। जिससे अमेरिका का चिढ़ना स्वाभाविक है। क्योंकि डॉलर पर बड़े देशों की निर्भरता कम होना अमेरिका के प्रभुत्व के लिए एक बड़ा खतरा साबित हो सकता है, जिसको लेकर ट्रंप की चिंता बढ़ी हुई है। वहीं, जब से अमेरिका ने ग्लोबल फाइनेंशियल इंफ्रास्ट्रक्चर को अपना हथियार बनाया है और ईरान (2012 में) के अलावा रूस (2022 में) को विश्वव्यापी अंतरबैंक वित्तीय दूरसंचार (SWIFT) सोसायटी से बाहर रखा गया है, तभी से दुनिया भर के देशों ने अमेरिकी डॉलर और अमेरिकी नेतृत्व वाली वैश्विक वित्तीय प्रणाली पर अपनी निर्भरता कम करने की कोशिश की है। सच कहा जाए तो डोनाल्ड ट्रंप ब्रिक्स को ऐसे ही टारगेट नहीं कर रहे हैं बल्कि इसका एक बड़ा कारण ये भी है कि ब्रिक्स अब वैश्विक आबादी का 45 प्रतिशत हिस्सा है और दुनिया के सकल घरेलू उत्पाद में 35 प्रतिशत से अधिक का योगदान देता है। अब अगर वे वैश्विक व्यापार में इस समूह में शामिल बड़े देशों द्वारा डॉलर के उपयोग को कम किया जाएगा, तो ये अमेरिका के लिए किसी बड़े झटके से कम नहीं होगा। वैसे भी डॉलर में इस साल येन-यूरो के मुकाबले 10 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई है और ये बीते दिनों 3 साल के निचले स्तर पर पहुंच गया था। वहीं, अमेरिका की एक्स्ट्रा टैरिफ की धमकी के बाद ब्रिक्स के संस्थापक सदस्यों में शामिल ब्राजील के राष्ट्रपति लुईस इनसियो लूला दा सिल्वा ने सख्त तेवर दिखाए हैं और 10% टैरिफ लगाने की ट्रंप की धमकी को सिरे से खारिज कर दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि अब दुनिया बदल चुकी है और हमें कोई सम्राट नहीं चाहिए। उन्होंने ठीक ही कहा कि ब्रिक्स अब वैश्विक अर्थव्यवस्था को व्यवस्थित करने के नए तरीके तलाश रहा है। मुझे लगता है कि यही वजह है कि कुछ बड़े देश/लोग खुद में असहज महसूस कर रहे हैं। वहीं चीन ने भी स्पष्ट कहा है कि ब्रिक्स किसी भी देश के खिलाफ नहीं है। सनद रहे कि इससे पहले साल 2025 की शुरुआत में ही अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ब्रिक्स देशों को बड़ी चेतावनी देते हुए कहा था कि अगर इसमें शामिल देश वैश्विक व्यापार में डॉलर की भूमिका को चुनौती देंगे, तो फिर उन्हें 100 प्रतिशत टैरिफ का सामना करना पड़ सकता है। हालांकि, ताजा चेतावनी सिर्फ 10 फीसदी की है, जो सुकून की बात है। इस बीच एक अमेरिकी मीडिया की एक रिपोर्ट की मानें, तो इसमें कहा गया है कि अमेरिका का ट्रंप प्रशासन सभी ब्रिक्स देशों पर तत्काल 10% टैरिफ लगाने की योजना नहीं बना रहा है बल्कि अगर कोई भी देश ऐसे कदम उठाता है जिसे वह अमेरिका विरोधी मानता है, तो उसे इस तरह की अमेरिकी कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है। वहीं, एक बड़ा सवाल ये भी है कि क्या ट्रंप की ये एक्स्ट्रा टैरिफ की धमकी भारत के लिए भी परेशानी का सबब बन सकती है?

**– कमलेश पांडेय**

# गुरु पूर्णिमा : गुरु-शिष्य के पवित्र रिश्ते का पर्व

गुरु पूर्णिमा यानि आषाढ़ मास की पूर्णिमा। प्रसिद्ध ब्रज तीर्थ गोवर्धन में मुड़िया पूर्णिमा। श्रीमद्भभागवत और अट्ठारह पुराण आदि साहित्यों के रचियता महर्षि वेदव्यास का जन्म। और देश और दुनिया के लिए गुरु पद पूजन एवं वंदन का पर्व। हिंदू धार्मिक ग्रंथो में आषाढ़ मास की पूर्णिमा यानी गुरु पूर्णिमा का यही महात्म है। गुरु पूर्णिमा पर्व पर प्रसिद्ध गोवर्धन की परिक्रमा में करोड़ों भक्त गोवर्धन महाराज की परिक्रमा करेंगे वही, शिष्य अपने गुरुजनों के चरण वंदना कर अपने जीवन को धन्य करेंगे। इस दिन भगवान विष्णु के साथ मां लक्ष्मी की पूजा विशेष रूप से की जाती है। साथ ही इस दिन घरों में सत्य नारायण भगवान की कथा करने का खास महत्व शास्त्रों में बताया गया है। इस दिन पवित्र नदी में स्नान करने से हर तरह के पाप से मुक्ति मिलती है और महापुण्य की प्राप्ति होती है। यह पर्व गुरु व शिष्य के पवित्र रिश्ते का प्रतीक माना जाता है। आज के दिन शिष्य अपनी समर्थ के अनुसार अपने गुरुजनों को भेंट एवं उपहार प्रदान कर उनका आशीष प्राप्त करेंगे। सनातन धर्म में गुरु को भगवान का दर्जा दिया गया है। यहां तक की गुरु की महिमा का बखान करते हुए शास्त्रों में गुरु को ब्रह्मा विष्णु और महेश के समकक्ष माना गया है। गुरु पूर्णिमा के दिन गुरु की पूजा और चरण वंदन करना अत्यंत शुभ माना गया है। गुरु पूर्णिमा के दिन शिष्यों द्वारा अपने गुरु के प्रति आस्था को प्रकट किया जाता है। शिष्यों द्वारा आध्यात्मिक गुरुओं और अकादमिक शिक्षकों को नमन और धन्यवाद करने के लिए गुरु पूर्णिमा के पर्व को मनाया जाता है। सभी गुरु अपने शिष्यों की भलाई के लिए अपना पूरा जीवन न्योछावर कर देते है। हमेशा से आध्यात्मिक गुरु संसार में शिष्य और दुखी लोगों की सहायता करते आये हैं और ऐसे ही कई उदाहरण हमारे सामने मौजूद है जब गुरुओं ने अपने ज्ञान से अनेक दुखी लोगों की समस्याओं का निवारण किया है। इसके अलावा इस दिन व्रत करने व पूजा-पाठ करने से अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है। इस दिन भगवान विष्णु, माता लक्ष्मी के साथ भगवान सत्य नारायण की कथा करने का विशेष महत्व है। हिंदू पंचांग के



जानकर पंडित श्यामसुंदर शर्मा के अनुसार पूर्णिमा तिथि 10 जुलाई को सुबह 01 बजकर 36 मिनट पर प्रारंभ होगी और 11 जुलाई को सुबह 02 बजकर 06 मिनट पर समाप्त होगी। इसलिए हिंदू धर्म की मान्यता के मुताबिक उदया तिथि होने के कारण गुरु पूर्णिमा 10 जुलाई 2025 को है। गुरु पूर्णिमा पर मिट्टी का घड़ा, जल, अनाज, मौसमी फल, वस्त्र, अन्न, मिठाई व गुड़ आदि का दान करना अत्यंत शुभ माना गया है। हिंदू, बौद्ध और जैन संस्कृतियों में गुरुओं को एक विशेष स्थान प्राप्त है। इन धर्मों या संस्कृतियों में अनेक शैक्षणिक और आध्यात्मिक गुरु हुए हैं जिन्हें भगवान के तुल्य माना गया है। स्वामी अभेदानंद, आदिशंकराचार्य एवं चैतन्य महाप्रभु आदि प्रसिद्ध हिन्दू गुरु थे। वैदिक मान्यताओं के अनुसार, ऐसा माना जाता है कि प्राचीन काल में आषाढ़ पूर्णिमा की तिथि पर ब्रह्मसूत्र, महाभारत, श्रीमद्भागवत और अट्ठारह पुराण आदि साहित्यों के रचियता महर्षि वेदव्यास का जन्म भी हुआ था। धार्मिक ग्रंथों में महर्षि वेदव्यास को तीनों कालों के ज्ञाता माना गया है। महर्षि व्यास ने ही महाभारत की रचना की थी। महर्षि व्यास जी को हमारे आदि-गुरु माना जाता हैं। गुरु पूर्णिमा के प्रसिद्ध त्यौहार को व्यास जयंती के रूप में भी मनाया जाता है। इसलिए इस पर्व को व्यास पूर्णिमा भी कहते हैं और इस दिन हमें अपने गुरुओं को व्यास जी का अंश मानकर उनकी पूजा करनी चाहिए। भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं से जुड़ी ब्रजभूमि में स्थित गोवर्धन पर्वत श्रद्धा और आस्था का बड़ा केंद्र है। हर साल यहां करोड़ों भक्त परिक्रमा लगाने आते हैं। खासतौर पर मुड़िया पूर्णिमा के दिन यहां सबसे ज्यादा भीड़ जुटती है। गोवर्धन धाम में लगने वाले इस मेले में देश ही नहीं, बल्कि विदेशों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। देसी और विदेशी श्रद्धालु पवित्र गोवर्धन पर्वत की परिक्रमा कर पूर्ण लाभ अर्जित करते हैं। यही वजह है कि उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले के गोवर्धन में आयोजित होने वाला मुड़िया मेला देश और दुनिया के लक्खी धार्मिक मेलों में शुमार है। ऐसी मान्यता है कि मुड़िया पूर्णिमा मेले की शुरुआत सनातन गोस्वामी की याद में हुई थी। कहा जाता है कि जब उनका परलोक गमन हुआ, तब उनके अनुयायियों ने गोवर्धन पर्वत की परिक्रमा की और सिर मुंडवाकर भजन-कीर्तन करते हुए यात्रा निकाली। तभी से यह परंपरा शुरू हुई।

# सवाल पहचान छुपाने का है

कांवड़यात्रा 11 जुलाई से इस वर्ष फिर से शुरू होने जा रही है जिसमें उत्तर प्रदेश और उत्तराखण्ड सरकार के द्वारा आदेश जारी किये गये हैं कि कांवड़ यात्रा के मार्ग के ढ़ाबे, होटल, रेस्तरां, दुकानदार, खोमचे वाले स्पष्ट नामपट्टिका लगायेंगे। इतना ही नहीं, पहचान पत्र और लाइसेंस नम्बर भी रखेंगे और सक्षम अधिकारी द्वारा मांगे जाने पर दिखायेंगे भी। यह व्यवस्था पिछले साल भी लागू की गई थी, परन्तु सर्वोच्च न्यायालय के अंतरिम आदेश के तहत उसमें रोक लगा दी गई थी। सरकार द्वारा जारी निर्देशों में यह भी लिखा गया है, ढाबे और होटल वालों को यह भी बताना पड़ेगा कि उनके ढाबे में शाकाहार या मांसाहार क्या उपलब्ध है? अब इस बात पर मुस्लिम संगठनों और तथाकथित धर्मनिरपेक्ष दलों द्वारा इसका घोर विरोध हो रहा है। समाजवादी पार्टी के पूर्व सांसद एस.टी. हसन का कहना है इस तरह से इनमें और पहलगाम के आतंकियों में क्या फर्क है? ओवैसी तो इस भाजपा सरकारों द्वारा हिन्दू-मुस्लिम करने का उदाहरण दे रहे हैं जबकि दूसरी तरह हिन्दू संगठनों का कहना है कि जब मुसलमान सिर्फ हलाल खाने का अपना अधिकार मानते हैं और वह भी हलाल किसी मुसलमान द्वारा ही किया जाना चाहिए तो क्या वह हिन्दु मुसलमान नहीं है? हिन्दू-मुसलमान अपनी जगह पर है. सबसे बड़ी बात यह कि जो कांवड़ यात्रा करने वाले हिन्दू होते हैं, जो पूरी कावड़ यात्रा के दौरान खानपान में पूरी शुद्धता का पालन करते हैं। वह सिर्फ शाकाहारी भोजन ही नहीं करते बल्कि वही खाना खाने का प्रयास करते हैं जहाँ मांसाहारी भोजन दूर-दूर तक न पकता हो। व्यावहारिक स्थिति यही है कि ऐसा सिर्फ उन्ही होटलों, ढाबों और रेस्टोरेंटो में सम्भव है जिन्हें हिन्दू चलाते हैं। यह भी सभी को पता होना चाहिए कि हिन्दुओं में एक बड़ी आबादी आज भी ऐसी है, जो पूरी तरह शाकाहारी है। उनके लिये मांसाहार पूरी तरह निषिद्ध तो है ही, वह उस परिवेश से भी दूरी बनाकर रहने का प्रयास करते हैं जहाँ मांसाहार पकाया या खान-पान में शरीक किया जाता है। इसके अलावा खास तौर पर श्रावण मास में कांवड़ यात्रा के दौरान, नवरात्रि हिन्दू धार्मिक पर्वों एवं त्योहारों, धार्मिक यात्राओं में भी अमूमन मांसाहार का उपयोग तो करते ही नहीं, बल्कि एक विशेष रीति-नीति से शुचिता और एक विशेष जीवनशैली का पालन करते हैं। इसलिये निश्चित रूप से उन्हें यह अधिकार है कि ऐसे अवसरों पर वह जहाँ खाना खा रहे हैं, या स्वल्पाहार भी कर रहे हैं, उन्हें यह पता होना चाहिए कि उसकी पहचान क्या है ? वस्तुतः जैसे मुसलमानों या दूसरे समुदायों के बहुत से मामले आस्था से जुड़े होते हैं, वैसे यह भी ऐसे अवसरों पर यह हिन्दुओं की आस्था से जुड़े मामले हैं जिसके लिये भारतीय संविधान पूरी तरह से संरक्षण देता है। गौर करने का विषय है कि यदि ऐसे अवसरों पर उन्हें ऐसा महसूस हो कि हमने किसी मांसाहार वाले होटल या ढाबे में तो कहीं भोजन तो नहीं कर लिया तो उन्हें कितना मानसिक कष्ट ही नहीं, सन्ताप की स्थिति से गुजरना पडेग़ा। तस्वीर का दूसरा पहलू यह कि यह कांवड़ यात्री मुस्लिम कारीगरों द्वारा बनाई गई कांवड़ों का उपयोग करते हैं। मुस्लिमों द्वारा बनाये गये कपड़ों का उपयोग करते हैं पर इससे किसी भी हिन्दू को कोई आपत्ति नहीं होती और इसमें न कोई हिन्दू-मुसलमान का प्रश्न ही उठता।

**– वीरेन्द्र सिंह परिहार**

साभार

आज का कार्टून




# जनसंख्या के बोझ से कराहती धरती

जनसंख्या प्रत्येक राष्ट्र की बहुमूल्य संपत्ति होती है। इसी से श्रम शक्ति उत्पन्न होती है और देश का विकास होता है। जब तक प्राकृतिक संसाधनों के अनुपात में जनसंख्या का विस्तार होता है। प्रकृति सभी का पालन पोषण करती है लेकिन संतुलन रहते प्रकृति पर दबाव नहीं होता परंतु जब अनुपात का अतिक्रमण करके मनुष्य जनवृद्धि करता है, तब यह स्थिति विस्फोटक हो जाती है । आज वैश्विक स्तर पर जनसंख्या का एक बड़ा हिस्सा भोजन, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि बहुत सी आवश्यकताओ की पूर्ति में असमर्थ है । इसका मूल कारण अनियंत्रित जनसंख्या है। विश्व में सर्वाधिक जनसंख्या वाला देश अब चीन नहीं, भारत है जबकि भारत और चीन के क्षेत्रफल में बहुत अंतर है। संसाधनों में अंतर है। यदि हमने जनसंख्या विस्फोट को नहीं रोका तो इस बोझ से चरमराना तय है। प्रकृति के पास सीमित मात्रा में भूमि, जल, वायु, खनिज पदार्थ हैं परंतु तीव्र गति से बढ़ती हुई जनसंख्या इन संसाधनों का अनियंत्रित दोहन कर रही है । परिणाम स्वरूप जो प्राकृतिक संसाधन सहजता से हमारी आवश्यकताओं की पूर्ति करते जा रहे थे आज क्षीण होते जा रहे है। इससे प्राकृतिक परिवेश विषैला हो रहा है। अधिक जनसंख्या के लिए अधिक खाद्यान्न चाहिए परंतु रासायनिक उर्वरकों के अधिकाधिक उपयोग से पृथ्वी की उर्वरता शक्ति कम हो रही है। प्रकृति का वातावरण दूषित होने से मनुष्य अनेक प्रकार के शारीरिक व मानसिक रोगों से ग्रसित होता जा रहा है। इस जनसंख्या विस्फोट को नियंत्रित किये बिना सामाजिक न्याय, समानता व बेहतर जीवन स्तर प्राप्त नहीं हो सकता । बेतहाशा जनसंख्या वृद्धि गरीबी, बेरोजगारी, भुखमरी, कुपोषण, भ्रष्टाचार, आतंकवाद, अशिक्षा, पर्यावरण प्रदूषण तथा जनसंख्याकीय असंतुलन जैसी समस्याओं को जन्म देती है और विकास कार्यो को निष्फल कर देती है। जनसंख्या को संतुलित रखकर ही प्रकृति में विद्यमान सीमित संसाधनों के द्वारा दरिद्रता, बेरोजगारी, भुखमरी , निरक्षरता जैसी समस्यायों को दूर किया जा सकता है । जनसंख्या की अनियंत्रित वृद्धि बेशक अंतरराष्ट्रीय समस्या है लेकिन हमें अपनी समस्याओं का समाधान स्वयं करना है। इसलिए जाति, धर्म, राजनीति से ऊपर उठकर एक प्रभावी कार्ययोजना बनानी चाहिए अन्यथा परिणाम भयावह हो सकते हैं। प्रसिद्ध अर्थशास्त्री माल्थस का विचार, 'यदि मनुष्य कृत्रिम उपायों से इस पर नियंत्रण नही रखता है तो प्रकृति स्वयं संतुलन स्थापित करती है। जो प्राकृतिक आपदाओं के रूप में विनाशकारी होता है।' आज हमारे चारों ओर जो प्राकृतिक दुर्घटनाएं में हो रही तेजी से वृद्धि माल्थस के उपर्युक्त कथन को सही सिद्ध करती हैं क्योंकि इन दुर्घटनाओं के मूल में जनसंख्या का बढ़ता हुआ दबाव ही है। बढ़ती हुई जनसंख्या के लिए केवल भोजन ही नहीं, आवास, रोजगार, यातायात सहित अनेक प्रकार की सुविधा भी चाहिए। इनसे प्राकृतिक संसाधनों पर बोझ बढ़ने से रोका नहीं जा सकता। बढ़ती हुई जनसंख्या से उत्पन्न समस्याओं पर ध्यान आकृष्ट करने व समाधान करने के उद्देश्य से संयुक्त राष्ट्र संघ ने 11 जुलाई 1989 को प्रतिवर्ष जनसंख्या दिवस मनाना प्रारम्भ किया। इस दिन संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम की शासकीय परिषद द्वारा विश्व स्तर पर जनसंख्या सम्बन्धी समस्याओं पर जनचेतना जागृत करने का प्रयास किया जाता है। अशिक्षा, महिलाओं में शिक्षा का अभाव, भाग्यवादिता, पुत्रैषणा, जागरूकता का अभाव, कम उम्र में विवाह अतिशय जनसंख्या वृद्धि के कारक माने जाते हैं। जनसंख्या नियंत्रण का संबंध किसी एक सम्प्रदाय, समुदाय अथवा जाति से नहीं हो सकता। क्योंकि जनसंख्या वृद्धि का प्रभाव सभी पर समान रूप से पड़ता है। कुछ संप्रदाय एकाधिक विवाह और अधिक से अधिक संतान के पक्षधर है। उनसे जब भी परिवार को छोटा रखने की चर्चा की जाती है तो वे इसे 'ऊपर वाले की देन' बताकर पल्ला झाड़ लेते हैं। 'ऊपर वाले ने हमें किसी पिछड़े गांव में जन्म दिया था तो हम अभाव गरीबी से लड़ने के लिए किसी नगर महानगर में आए। क्या यह ऊपर वाले के निर्णय के विरुद्ध नहीं है?', 'रोग बीमारी भी ऊपर वाले की देन है, तब हम अपना उपचार ऑपरेशन क्यों करवाते है?' जैसे प्रश्नों पर चुप्पी साधने वाले ये लोग जनसंख्या नियंत्रण की अपनी जिम्मेदारी को कब समझेंगे?

# शिंदे की उपस्थिति में पुणे के सैकड़ों कार्यकर्ता शिवसेना में होंगे शामिल

**इस मेगा प्रवेश कार्यक्रम को 'प्रॉमिसिंग पुणे' नाम दिया गया**

- आनंद दिघे के 'आनंदाश्रम' में आयोजित प्रवेश कार्यक्रम
- अपनी ताकत बढ़ाने में जुटे सभी प्रमुख राजनीतिक दल



**महानगर नेटवर्क**
**पुणे**

पुणे में शिवसेना ने 'ऑपरेशन टायगर' की शुरुआत कर दी है। गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर कल ठाणे स्थित आनंद दिघे के 'आनंदाश्रम' में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की उपस्थिति में पुणे के सैकड़ों कार्यकर्ता शिवसेना में प्रवेश करेंगे। इस मेगा प्रवेश कार्यक्रम को 'प्रॉमिसिंग पुणे' नाम दिया गया है। आगामी विधानसभा चुनावों के मद्देनजर सभी प्रमुख राजनीतिक दल अपनी ताकत बढ़ाने में जुटे हुए हैं। जहां एक ओर उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे की संभावित एकता की चर्चा जोरों पर है, वहीं दूसरी ओर शिंदे गुट संगठन विस्तार पर पूरा ध्यान केंद्रित कर रहा है।

इसी रणनीति के तहत पुणे के विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रमुख कार्यकर्ता शिवसेना में शामिल होने जा रहे हैं।इस आयोजन की सफलता के पीछे कई महीनों से मेहनत की जा रही थी। खासदार श्रीकांत शिंदे, शिवसेना सचिव संजय मोरे, उद्योग मंत्री उदय सामंत, विधान परिषद उपसभापति डॉ. नीलम गोर्हे, खासदार श्रीरंग बारणे, और शिवसेना पुणे शहरप्रमुख प्रमोद भानगिरे लगातार पर्दे के पीछे सक्रिय थे। शिवसेना पुणे शहरप्रमुख नाना भानगिरे ने बताया, "शिंदे साहब के नेतृत्व में लोगों का भरोसा लगातार बढ़ रहा है।

समाज के विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाले समर्पित कार्यकर्ता पार्टी में शामिल हो रहे हैं। 'ऑपरेशन टायगर' सामाजिक सरोकार से जुड़े और जनविश्वास रखने वाले लोगों को साथ जोड़ने की एक प्रभावी पहल है।"उन्होंने यह भी जानकारी दी कि जल्द ही पुणे में 'प्रॉमिसिंग पुणे' अभियान की भी भव्य शुरुआत की जाएगी।

### कौन-कौन होंगे शामिल?

**वैभव वाघ** – वंदे मातरम संगठन के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष, ग्लोबल गणेश फेस्टिवल के कार्यकारी अध्यक्ष, 'व्हायरल' पुस्तक के लेखक एवं चुनाव रणनीतिकार

**स्वप्निल नाईक** – पतित पावन संगठन के पुणे शहराध्यक्ष, हिंदुत्व का जाना–पहचाना चेहरा

**उमेश गालिंदे** – 30 वर्षों से राज्यस्तरीय कबड्डी स्पर्धा के आयोजक

**अभिमन्यु मैद व सुधीर ढमाले** – शहरी बस्तियों में स्वास्थ्य क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य

**संदेश पावसकर** – होटल कामगारों के अधिकारों के लिए सक्रिय

**अथर्व पिसाळ** – छात्र आंदोलनों से जुड़े युवा कार्यकर्ता

**निलेश जाधव** – 75,000 किलो गोमांस की तस्करी रोककर चर्चित

**युनुस सय्यद** – कैंसर को मात देने के बाद अब कैंसर रोगियों के लिए नि:शुल्क काउंसलिंग

**विजय गालफाडे** – मातंग समाज के युवा आंदोलन में सक्रिय

**दत्ता मानकर** – युवा उद्यमी अनिल बटाणे, देवेंद्र शेळके, गोरख बांदल, गौरव नवले, अनिकेत उतेकर, ओंकार मालुसरे, महेश चव्हाण, योगेश राजपूत, महेश सूर्यवंशी सहित कई अन्य प्रमुख कार्यकर्ता भी शिवसेना में शामिल होंगे।

# 'व्हॉट्सएॅप पार्किंग' सुविधा सहित कई प्रस्तावों पर मंजूरी

## पिंचिं मनपा की स्थायी समिति बैठक संपन्न



**महानगर नेटवर्क**
**पिंपरी**

पिंपरी-चिंचवड महानगरपालिका की मुख्य प्रशासकीय इमारत स्थित दिवंगत महापौर मधुकर पवले सभागृह में स्थायी समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता प्रशासक शेखर सिंह ने की। बैठक में अतिरिक्त आयुक्त प्रदीप जांभळे पाटील, विजयकुमार खोराटे, तृप्ती सांडभोर, नगर सचिव मुकेश कोळप तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में प्रभाग क्र. 26 पिंपले निलख सहित अन्य क्षेत्रों में नालों की सफाई एवं निर्माण कार्य, प्रभाग क्र. 19 के कुकी नाले की मरम्मत, महापालिका की खुली जगहों, उद्यानों में वृक्षारोपण के लिए पौधे आपूर्ति, मोशी डंपिंग ग्राउंड के कचरे का बायोमायनिंग, यशवंतराव चव्हाण स्मृती रुग्णालय में जरुरतमंद मरीजों के लिए सहायता निधि संस्था की स्थापना जैसे कई प्रस्तावों पर प्रशासक ने मंजूरी दी। इसके अतिरिक्त, प्रभाग क्र. 2 स्थित छत्रपती संभाजी महाराज की प्रतिमा क्षेत्र में शेष निर्माण व विद्युत कार्यों को भी स्वीकृति प्राप्त हुई। बैठक के दौरान आयुक्त शेखर सिंह के हाथों महापालिका द्वारा शुरू की गई 'पे अँड पार्क' और 'व्हॉट्सएॅप पार्किंग' जैसी अभिनव डिजिटल सेवाओं का लोकार्पण किया गया। इस सुविधा के माध्यम से नागरिक व्हॉट्सएॅप पर ही वाहन पार्किंग की बुकिंग कर सकेंगे। बुकिंग निश्चित समय के लिए उपयोगकर्ता के नाम पर सुरक्षित रहेगी। समय पर वाहन पार्क न करने की स्थिति में अलर्ट के जरिए जानकारी दी जाएगी और वह स्थान अगले नागरिक के लिए खोल दिया जाएगा। फिलहाल यह सेवा शहर के 10 स्थानों पर शुरू की गई है, जिससे समय की बचत होगी और पार्किंग प्रबंधन भी अधिक सशक्त होगा। बैठक के दौरान पिंपरी-चिंचवड महापालिका द्वारा विकसित की गई आधुनिक और डिजिटल 'पे अँड पार्क' और 'व्हॉट्सएॅप पार्किंग' सेवाओं का उद्घाटन प्रशासक शेखर सिंह के हाथों संपन्न हुआ।

**प्रमुख विशेषताएं:**
कागज रहित प्रक्रिया: टिकट या पर्ची की आवश्यकता नहीं।
रियल टाइम बुकिंग स्टेटस: व्हॉट्सएॅप के माध्यम से ही उपलब्ध।
स्मार्ट अलर्ट: पार्किंग समय की सूचना और चेतावनी।

# दापोडी एसटी कार्यशाला भंडार खरीदी घोटाला

## दोषी अधिकारियों पर होगी कार्रवाई :परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक



**पुणे।** पुणे जिला स्थित दापोडी की राज्य परिवहन महामंडल (एसटी) की मध्यवर्ती कार्यशाला में हुए भंडार खरेदी (सामग्री खरीद) घोटाले में दोषी पाए गए अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। यह जानकारी महाराष्ट्र के परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने विधान सभा में प्रश्नोत्तर काल के दौरान दी। यह मुद्दा विधायक संदीप क्षीरसागर द्वारा विधान सभा में उठाया गया था। मंत्री सरनाईक ने बताया कि इस प्रकरण की प्राथमिक जानकारी लाचलुचपत प्रतिबंधक विभाग (एंटी करप्शन ब्यूरो) को उपलब्ध कराई गई है। दापोडी स्थित एसटी वर्कशॉप में भांडार खरेदी को लेकर सहाय्यक लेखा परीक्षण अधिकारी द्वारा विशेष ऑडिट किया गया था, जिसमें गंभीर अनियमितताएं उजागर हुई हैं। इस घोटाले में शामिल 15 अधिकारियों की जांच की गई, जिनमें सभी को दोषी पाया गया है। इन दोषी अधिकारियों के मासिक वेतन से 10 प्रतिशत की कटौती की जा रही है। साथ ही, इस प्रकरण की और गहराई से जांच के लिए महामंडल की ओर से महालेखापरीक्षक (CAG) से भी जांच कराने का प्रस्ताव रखा जाएगा, ऐसी जानकारी भी मंत्री सरनाईक ने दी। यह घोटाला सरकारी खर्च और पारदर्शिता को लेकर गंभीर सवाल खड़े करता है, और अब देखना होगा कि दोषियों पर और क्या कड़ी कार्रवाई होती है।

# केंद्र सरकार श्रमिकों के हित में कर रही काम: अर्नब चटर्जी

## सरकार का ई-श्रमिक कार्ड के माध्यम से श्रमिकों को सशक्त बनाने का प्रयास



**महानगर नेटवर्क**
**पुणे**

देश की केंद्र सरकार ने पिछले दस वर्षों में 169 से अधिक श्रेणियों के श्रमिकों के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। केंद्र की मोदी सरकार ई-श्रमिक कार्ड के माध्यम से श्रमिकों को सशक्त बनाने का प्रयास कर रही है। आज, श्रमिक ही देश को चलाते और बनाते हैं, इसलिए केंद्र सरकार श्रमिकों के हित में काम कर रही है, ऐसा भारतीय जनता मजदूर प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष अर्नब चटर्जी ने कहा। भारतीय जनता मजदूर प्रकोष्ठ (बीजेएमसी) महाराष्ट्र राज्य के पहचान पत्र और सदस्यता पत्र वितरित करने और ई-श्रमिक कार्ड पंजीकरण के लिए न्यू पुणे क्लब में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। चटर्जी इस अवसर पर बोल रहे थे। इस अवसर पर भारतीय मजदूर प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय सचिव संजय अग्रवाल, राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष दीपक शर्मा, महाराष्ट्र प्रदेश उपाध्यक्ष जयेश टांक, भारतीय जनता मजदूर प्रकोष्ठ की महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष एवं कार्यक्रम की आयोजक ज्योति सावरदेकर, भाजपा व्यापारी संघ पुणे के अध्यक्ष उमेश शाह, सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी विजय चव्हाण आदि उपस्थित थे। विभिन्न शहरों से आए सौ से अधिक पदाधिकारियों को पहचान पत्र वितरित किए गए तथा सदस्यों को ई-श्रमिक कार्ड पंजीकरण एवं सदस्यता प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। आगे बोलते हुए चटर्जी ने कहा, पिछले दस वर्षों में भारतीय जनता मजदूर प्रकोष्ठ अर्थात श्रमिक कल्याण के माध्यम से हम श्रमिकों को असहाय नहीं बल्कि सशक्त बनाने का कार्य कर रहे हैं। आज महाराष्ट्र प्रदेश कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को पहचान पत्र एवं ई-श्रमिक कार्ड पंजीकरण प्रदान कर हमने केंद्र सरकार की श्रमिक कल्याण नीतियों को अंतिम चरण तक पहुँचाने का अभियान शुरू किया है।

# महाराष्ट्र को मिलेगा 28,429 करोड़ रुपये का नया महामार्ग

## पुणे और अहिल्यानगर तालुकाओं से गुजरेगा मार्ग



**महानगर नेटवर्क**
**पुणे**

महाराष्ट्र में सड़कों के जाल को मजबूत करने की दिशा में सरकार लगातार प्रयास कर रही है। हाल ही में समृद्धि महामार्ग का अंतिम 76 किमी का इगतपुरी से आमने तक का चरण मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के हाथों लोकार्पित किया गया। इससे मुंबई से नागपुर के बीच 701 किलोमीटर की दूरी का सफर और अधिक तेज और सुगम हो गया है।

अब राज्य में एक और महत्त्वपूर्ण औद्योगिक महामार्ग परियोजना की तैयारी शुरू हो गई है। महाराष्ट्र के 'सुवर्ण त्रिकोण' यानी मुंबई, पुणे और नाशिक के बीच, पुणे–नाशिक के बीच एक नया औद्योगिक महामार्ग विकसित करने का निर्णय लिया गया है।

राज्य सड़क विकास महामंडल (MSRDC) ने पुणे से नाशिक तक, अहिल्यानगर होते हुए, इस औद्योगिक महामार्ग को विकसित करने का निर्णय लिया है। इस परियोजना का विस्तृत प्रस्ताव अब राज्य सरकार की मंजूरी के लिए प्रस्तुत किया गया है।

इस महामार्ग के अंतिम आराखड़े को फरवरी 2024 में मंजूरी मिल चुकी है। इसके बाद डीपीआर (डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट) और व्यवहार्यता रिपोर्ट भी तैयार की गई है। कुल 28,429 करोड़ रुपये की लागत वाली इस परियोजना को राज्य मंत्रिमंडल की मंजूरी मिलने के बाद औपचारिक रूप से काम शुरू हो जाएगा।

महामार्ग का संभावित मार्ग और विवरण कुल लंबाईः 133 किलोमीटर,भूमि अधिग्रहण की आवश्यकताः लगभग 1550 हेक्टेयर है।

**महत्वपूर्ण रूट**
पुणे जिले के खेड, शिरूर, आंबेगाव और जुन्नर तालुकों से तथा अहमदनगर जिले के संगमनेर तालुका से होकर गुजरेगा। इस महामार्ग के पूर्ण होने के बाद पुणे से नाशिक की यात्रा में लगभग 2 घंटे की कमी आएगी और यह सफर केवल 3 घंटे में तय किया जा सकेगा। इससे इस मार्ग पर आने वाले जिलों में औद्योगिक विकास को बड़ी गति मिलने की उम्मीद है। साथ ही पुणे और नाशिक के व्यापारी और औद्योगिक क्षेत्रों के लिए यह नया संपर्क मार्ग अत्यंत लाभदायक साबित होगा। परियोजना को 48 महीनों में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है, जिससे राज्य में अगले कुछ वर्षों में एक महत्वपूर्ण विकासात्मक पड़ाव पार किया जाएगा।

# ट्रैफिक जाम से जूझ रहे धायरी नागरिक



**नियमों की अनदेखी कर शुरू किया गया CNG पंप**
**धायरी के नागरिकों ने दी जन आंदोलन की चेतावनी**

**महानगर नेटवर्क**
**पुणे**

धायरी क्षेत्र में शुरू किए गए एक विवादित CNG पंप को लेकर नागरिकों में भारी आक्रोश है। झूठे दस्तावेज, नियमों का उल्लंघन, अधिकारियों की निष्क्रियता और जनप्रतिनिधियों की आँख मूंदने की नीति के चलते यह मामला लगातार गंभीर होता जा रहा है। नागरिकों का आरोप है कि इस पंप के लिए दिए गए 'हमीपत्र' (गारंटी पत्र) की शर्तों को पूरा नहीं किया गया है, जिससे उनका स्वास्थ्य, सुरक्षा और रोजाना की ट्रैफिक समस्या पर बुरा असर पड़ा है। 'आप' पार्टी के शहराध्यक्ष धनंजय बेनकर ने RTI के माध्यम से मिली जानकारी के आधार पर कई गंभीर खामियों को उजागर किया है।

**कई गंभीर खामियां उजागर**

- 16 गुंठे की जमीन पर बने इस पंप क्षेत्र को दो भागों में बाँटा गया है – A भाग में 6 दुकानें हैं और B भाग में एक कंपनी के लिए शेड बनाया गया है।
- हमीपत्र के अनुसार पुराने निर्माण को तोड़ना था, लेकिन ऐसा नहीं किया गया।
- दो सड़कों के कोने पर स्थित इस जमीन पर 'चैम्पफरिंग' की जानी थी, जो अब तक नहीं की गई।
- MRTP अधिनियम 1966 की धारा 37 (1) के तहत आवश्यक राजपत्र व जन सूचना नहीं दी गई और न ही नागरिकों से आपत्ति मांगी गई।
- पंप की लोकेशन पर 30 मीटर चौड़ी सड़क होना आवश्यक था, लेकिन वास्तव में वह उपलब्ध नहीं है।
- पहले से मौजूद निर्माण को तोड़ने की शर्त के बावजूद वह आज भी कायम हैं।
- अग्निशमन विभाग की अंतिम अनुमति अब तक प्राप्त नहीं हुई है।



चातुर्मास प्रारंभ होते ही जैन बंधु अपने बच्चों के साथ पूजा करने के लिए मंदिर में एकत्र हुए। चातुर्मास के आरंभ के साथ ही जैन समाज के लोग पूजा–वस्त्र धारण कर अपने पाल्यों के साथ पूजा–अर्चना के लिए बड़ी संख्या में मंदिर पहुंचे। वास्केप द्वारा श्रद्धापूर्वक भगवान की पूजा की गई। कई जैन बंधु पूरे चातुर्मास की अवधि में उपवास करते हैं। (फोटो : सुशील राठौड़)

# सीईटी प्रवेश पंजीकरण की समय सीमा बढ़ी

**पुणे।** राज्य की संयुक्त प्रवेश परीक्षा (CET) कक्ष द्वारा शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के लिए बी.ई./बी.टेक और एमबीए/एमएमएस जैसे व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु विद्यार्थियों को बड़ी राहत देते हुए प्रवेश पंजीकरण की समयसीमा में तीन दिन की वृद्धि की गई है। साथ ही केंद्रीयकृत प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत आरक्षण प्राप्त विद्यार्थियों को EWS/NCL/CVC/TVC जैसे प्रमाणपत्र अब अंतिम प्रवेश तिथि तक प्रस्तुत करने की अनुमति दी गई है। यह जानकारी महाराष्ट्र के उच्च व तकनीकी शिक्षा मंत्री चंद्रकांतदादा पाटील ने दी। कई विद्यार्थियों और अभिभावकों ने जाति प्रमाणपत्र एवं जाति वैधता प्रमाणपत्र समय पर प्राप्त न होने की शिकायतें की थीं। इन समस्याओं को ध्यान में रखते हुए अब 8 जुलाई 2025 तक निर्धारित ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि को 11 जुलाई 2025 तक बढ़ा दिया गया है।

# लोणकर विद्यालय में वितरण किया गया जरूरतमंद विद्यार्थियों को शैक्षणिक सामग्री



**महानगर नेटवर्क**
**पुणे**

पुणे जिला शिक्षा मंडल के अंतर्गत मुंढवा के लोणकर माध्यमिक विद्यालय, केशवनगर में सोमवार को एक महत्वपूर्ण सामाजिक उपक्रम के अंतर्गत जरूरतमंद विद्यार्थियों को निःशुल्क शैक्षणिक साहित्य वितरित किया गया।

इस कार्यक्रम में कुल 70 विद्यार्थियों को शालेय साहित्य प्रदान किया गया। इस उपक्रम का आयोजन राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता शरद पवार के मार्गदर्शन में हुआ। प्रदेश सरचिटणीस कुमार सेल, प्रदेश उपाध्यक्ष सोमनाथ आप्पा शिंदे के मार्गदर्शन में इस वितरण समारोह को अंजाम दिया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को स्कूल बैग, किताबें, कंपास बॉक्स, नोटबुक, ड्रॉइंग बुक, पेन-पेंसिल, रेनकोट व अन्य शैक्षणिक सामग्री वितरित की गई। इस अवसर पर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी पुणे शहराध्यक्ष प्रशांत वाडेकर ने कहा कि समाज के वंचित विद्यार्थियों को शिक्षा की मुख्यधारा में जोड़ना अत्यंत आवश्यक है और इसी उद्देश्य से यह पहल की गई है। कार्यक्रम का संचालन ललित शिंदे ने किया। स्वागत संदीप कोरे ने किया, जबकि यूनिक फाउंडेशन के प्रमुख राजू शिंदे, संजय नलगे, दीपक लोणकर, गणेश वाघुले, अनिकेत बोराडे, अमित शिंदे, विनोद शिंदे, तानाजी गायकवाड, नितीन गायकवाड, शिवाजी गायकवाड, आदर्श पालक व शिक्षकगण प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# मुकुल माधव फाउंडेशन और क्रिएटिव फाउंडेशन द्वारा 40 किसानों को सम्मानित



**महानगर नेटवर्क**
**पुणे**

"किसान समाज की आत्मा हैं और जीवन श्रृंखला किसान का अहम हिस्सा हैं। यदि किसान उपज उत्पादन बंद कर दें, तो हम कल्पना भी नहीं कर सकते कि समाज की क्या स्थिति होगी।" यह उद्‌गार क्रिएटिव फाउंडेशन के अध्यक्ष संदीप खर्डेकर ने व्यक्त किए। गुरुपौर्णिमा के पावन अवसर पर मुकुल माधव फाउंडेशन और क्रिएटिव फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में विंग्रो किसान साप्ताहिक बाजार के 40 मेहनतकश किसानों को रेनकोट वितरित कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर सचिन कुलकर्णी (मुकुल माधव फाउंडेशन), पूर्व नगरसेविका मंजुश्री खर्डेकर, किरण देखणे, सुमित दिकोंडा, जगदीश डिंगरे, सुजाता संदीप घगे, विकास पवार, संदीप भोसले, गणेश भाले, आतिश टेमकर, ओमकार फरगडे, शाम वाघमारे सहित अनेक गणमान्य उपस्थित थे।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सचिन कुलकर्णी ने कहा, "किसानों के बिना हम जीवन की कल्पना नहीं कर सकते। हम हमेशा ऐसे लोगों के साथ खड़े रहते हैं जो समाज के लिए कुछ अलग और सार्थक कार्य करते हैं। हमें संतोष मिलता है जब हम जरूरतमंदों की मदद कर पाते हैं।"पूर्व नगरसेविका सौ. मंजुश्री खर्डेकर ने कहा, "मुझे जो भी सफलता मिली है वह सामाजिक उपक्रमों में निरंतरता के कारण है। आठ वर्ष पूर्व नगरसेविका बनने के बाद जो उपक्रम शुरू किए थे, वे आज भी उसी उत्साह से चलते हैं। विंग्रो शेतकरी बाजार के माध्यम से सीधे खेत से ताजे फल-सब्जियां उचित दरों पर नागरिकों तक पहुंचाई जाती हैं।

# एसवीसी बैंक की 119वीं वार्षिक आम बैठक

## वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए प्रस्तुत किए गए लेखापरीक्षित वित्तीय विवरण



**महानगर नेटवर्क**
**पुणे**

118 वर्षों की समृद्ध विरासत वाले एसवीसी को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड ने अपनी 119वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) सफलतापूर्वक संपन्न की, जो निरंतर विकास, डिजिटल नवाचार और समावेशी बैंकिंग के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है। श्री दुर्गेश एस. चंदावरकर की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में शेयरधारकों, बोर्ड के सदस्यों और वरिष्ठ प्रबंधन ने भाग लिया, जिसने नियमित प्रगति और स्टेकहोल्डरों के भरोसे के एक और वर्ष को चिह्नित किया।वार्षिक आम बैठक के दौरान, बैंक ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अपनी वार्षिक रिपोर्ट और लेखापरीक्षित वित्तीय विवरण प्रस्तुत किए। चुनौतीपूर्ण व्यापक आर्थिक स्थितियों के बावजूद, एसवीसी बैंक ने प्रभावशाली वित्तीय प्रदर्शन किया, कुल कारोबार 39,000 करोड़ के आंकड़े को पार कर गया - जो बीते साल की तुलना में 11.93 प्रतिशत अधिक है। बैंक का शुद्ध लाभ बढ़कर 241.11 करोड़ हो गया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 10.52 प्रतिशत ज्यादा है।

**मुख्य झलकियां:**
जमाराशि 10.20 प्रतिशत बढ़कर 22,380.48 करोड़ हो गई
अग्रिम राशि 14.29 प्रतिशत बढ़कर 16,972.61 करोड़ हो गई
खुदरा अग्रिम राशि 19.24 प्रतिशत बढ़कर 5,685.56 करोड़ हो गई
सकल एनपीए घटकर 1.96 प्रतिशत रह गया; शुद्ध एनपीए घटकर 0.25 प्रतिशत रह गया

# संशोधकों के लिए समस्याएं ही अवसर होती हैं :डॉ. एनपी पाधी

**पुणे।** मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एमएनआईटी), जयपुर के निदेशक प्रो. डॉ. एन. पी. पाधी ने कहा कि संशोधकों के लिए समस्याएं ही अवसर होती हैं। इतिहास में जितने भी बड़े आविष्कार हुए हैं, वे किसी न किसी जटिल समस्या को हल करने के लिए ही हुए हैं। आज भारत के कोने-कोने से प्रतिभाशाली संशोधक सामने आ रहे हैं, जो जटिल विषयों पर काम कर रहे हैं। भारत की प्रगति के लिए देश की अग्रणी संस्थाएं एकजुट होकर कार्य करें। वे एमआइटी आर्ट, डिझाइन एंड टेक्नोलॉजी यूनिवर्सिटी, पुणे के बीच हुए सामंजस्य करार के अवसर पर बोल रहे थे।


## पुणे महानगरपालिका, पुणे
### निविदा प्रकिया कक्ष उद्यान विभाग
### निविदा जाहिरात - नविन कामे

जाहिरात क्र. 1/408
दि. 09/07/2025

अद्वितीय & Unique

विक्री कालावधी दिनांकः- 10-07-2025 09:00 सकाळी ते 19-07-2025 12:30 दुपारी पर्यंत
स्वीकृती दिनांकः- :- 10-07-2025 09:00 सकाळी ते 19-07-2025 12:30 दुपारी पर्यंत
तांत्रिक निविदा उघडणे प्रक्रिया दिनांकः 21-07-2025 12:30 दुपारी

| निविदा क्रमांक | खात्याचे नाव | कामाचे नाव | निविदा संच किमंत ₹ | अंदाजित पूर्व गणित रक्कम ₹ | बयाणा रक्कम ₹ | कामाची मुदत (महिने) | निविदा विषयक जबाबदार व्यक्तीचे नाव व दूरध्वनी क्रमांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| PMC/GARDEN/2025/074 | उद्यान | परिमंडळ क्र. 4 मधील निरनिराळ्या उद्यानात बोअरवेल व पर्यायी पाण्याची व्यवस्था करणे. | ₹ 415/- | ₹ 847106/- | ₹ 8471/- | 12 | स्वाती नरुटे 8180944218 |

अ) सदर कामाबाबत निविदा अटी शर्ती इ. बाबतचा सर्व तपशिल निविदा संचामध्ये नमूद केला असून सदर कामांचे निविदा संच www.mahatenders.gov.in या वेबसाईटवर पाहण्यासाठी उपलब्ध आहे. निविदा संचाची विक्री व स्विकृती सदर वेबसाईटवरुन फक्त ऑनलाईन पद्धतीने करण्यात येत असून सर्व निविदा दोन पाकिट पद्धतीने मागविण्यात येत आहेत.
ब) निविदा प्रकियाच्या शेवटच्या दिवशी निविदा संच प्राप्त न झाल्यास व स्वीकृतीच्या शेवटच्या दिवशी ऑनलाइन सादरीकरण न झाल्यास याची सर्वस्वी जबाबदारी टेंडरदाराची राहील.
क) ऑनलाईन निविदा प्रक्रियेबाबतची संपूर्ण माहिती टेंडर सेल विभाग पुणे म.न.पा. येथे मिळेल.
ड) कार्यालयीन आदेश क्र. अतिमआ (वि) 32दिनांक 22/04/2016 नुसार बयाणा रक्कम इ. सी. एस/आर. टी. जी. एस/एन. ई. एफटी. सुविधे मार्फत स्विकारणेत येणार आहे.

सही/-
Parshuram Anil Bichukale
टेंडर लिपिक
उद्यान
पुणे महानगरपालिका

सही/-
Ashok kedari (Prabhari)
कार्यकारी अभियंता
उद्यान
पुणे महानगरपालिका


**महानगर मीडिया नेटवर्क प्रा. लिमिटेड** के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अंतेश आर सिंह द्वारा, महानगर मीडिया नेटवर्क प्रा. लिमिटेड ऑफिस नं. 12, अ और ब, सी.टी.एस. नं. 40/1, बी 2, संगम प्रोजेक्ट फेस 1, डॉ आंबेडकर रोड, आर.टी.ओ के पास पुणे-411001, से प्रकाशित एवं **डांगट मीडिया प्रा.लि.**, 22, दीघा एम आई डी सी, टी टी सी इंडस्ट्रियल एरिया, विष्णु नगर, दीघा, नवी मुंबई - 400708 में मुद्रित. ● फोन नंबरः 020-26059198 ईमेल : hmahanagar@gmail.com
● कार्यकारी संपादक : राघवेंद्र नाथ द्विवेदी* (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)

## 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान 2.0 का आगाज, सीएम योगी बोले

# हमने हीटवेव को ग्रीनवेव में बदला

महानगर संवाददाता
लखनऊ

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत बुधवार को यहां सरयू नदी के किनारे त्रिवेणी वाटिका में बरगद, नीम और पीपल के पौधे लगाकर इसे भगवान श्रीराम, धरती माता और जन्मदायिनी माता को समर्पित किया। अयोध्या में आयोजित एक जनसभा में उन्होंने जलवायु परिवर्तन के खिलाफ इस अभियान की महत्ता पर जोर दिया। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में पिछले आठ वर्षों में उत्तर प्रदेश की अभूतपूर्व प्रगति पर प्रकाश डालते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, 'इस दौरान 204 करोड़ पौधे लगाए गए जिनमें से 75 प्रतिशत पौधे जीवित हैं। इसके परिणामस्वरूप राज्य में पांच लाख एकड़ क्षेत्र में वन आच्छादन बढ़ा है।' एक बयान के मुताबिक मुख्यमंत्री ने कहा, 'हमने हीटवेव (गर्म हवा) को ग्रीनवेव (शीतल हवा) में बदला है। यह प्रयास न केवल पर्यावरण को स्वच्छ रखने में सहायक है, बल्कि जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों को कम करने में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है।' उन्होंने वैज्ञानिक जगदीश चंद्र बसु का उल्लेख करते हुए कहा, 'पेड़ों में भी जीवन है और ये छाया, फल, मृदा संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।' 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान को मुख्यमंत्री ने धरती माता और जन्मदायिनी मां के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक बताया। उन्होंने वैदिक उद्घोष 'माता भूमिः पुत्रोऽहं पृथिव्याः' का उल्लेख करते हुए कहा, 'एक सच्चा पुत्र वही है जो अपनी मां की सेवा और रक्षा करता है।




### पर्यावरण संरक्षण में संतुलन स्थापित होगा

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि नियोजित और वैज्ञानिक प्रयासों से विकास और पर्यावरण संरक्षण में संतुलन स्थापित किया जा सकता है। उन्होंने कहा, 'आठ साल पहले शुरू हुए इस अभियान में शुरुआत में केवल पांच करोड़ पौधे उपलब्ध थे लेकिन वन विभाग, मनरेगा और निजी क्षेत्र के सहयोग से आज 52 करोड़ पौधे तैयार किए गए हैं।'

### खास मौकों को यादगार बनाने लगाएं पेड़



उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि जन्मदिन हो या शादी की सालगिरह, इन खास मौकों को यादगार बनाने के लिए आंगनबाड़ी केंद्रों या सरकारी स्कूलों में जाएं, वहां बच्चों को मिठाई बांटें और पेड़ लगाएं। इससे समाज में नए संस्कार जन्म लेंगे और आपके खास दिन की याद भी लंबे समय तक बनी रहेगी। राज्यपाल बुधवार को बाराबंकी में भारतीय सेना की बम विस्फोटक कंपनी परिसर में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान को भी मजबूती देते हुए सभी कर्मचारियों और बच्चों को चॉकलेट व अनुष्ठान सामग्री देकर सम्मानित किया। राज्यपाल ने कहा, "आज बच्चों को चिड़िया दिखाने के लिए घरों में घोंसला बनाकर रखना पड़ता है। ऐसी स्थिति क्यों आई? पर्यावरण बचाने का मतलब है खुद को बचाना।" इस अवसर पर राज्य मंत्री सतीश शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत, एमएलसी अंगद सिंह, अवनीश सिंह पटेल, विधायक साकेंद्र वर्मा, डीएम शशांक त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय और अरविंद मौर्य सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## प्रयागराज में तालाब में डूबने से चार मासूमों की मौत

### गांव में मचा कोहराम



महानगर संवाददाता
प्रयागराज

पुलिस कमिश्नरेट प्रयागराज के यमुनानगर जोन अंतर्गत मेजा थाना क्षेत्र के बेदौली गांव में बुधवार सुबह एक दिल दहला देने वाला हादसा सामने आया। गांव के पास ईंट भट्ठे के लिए निकाली गई मिट्टी से बने गहरे गड्ढे में बारिश का पानी भर जाने से बना अस्थायी तालाब मासूमों के लिए जानलेवा साबित हुआ। इसी तालाब में डूबने से चार बच्चों की दर्दनाक मौत हो गई।

घटना की जानकारी मिलते ही मेजा थाना पुलिस के साथ एसीपी मेजा संत प्रसाद उपाध्याय भी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। चारों बच्चों के शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए गए हैं। गांव में मातम पसरा है और परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। एसीपी मेजा के मुताबिक, मंगलवार दोपहर करीब 3 बजे बच्चे घर से खेलने के लिए निकले थे और तभी से लापता थे। परिजन पूरी रात बच्चों को खोजते रहे और पुलिस भी सर्च ऑपरेशन में लगी रही।

### ईंट निर्माण को निकाली मिट्टी से बना था गड्ढा

प्राथमिक जांच में सामने आया है कि सभी बच्चे खेलते हुए ईंट भट्ठे के पास चले गए थे, जहां ईंट निर्माण के लिए खेतों से मिट्टी निकाली गई थी। इन गड्ढों में बारिश का पानी भरने से अस्थायी तालाब बन गया था। आशंका है कि खेलते समय बच्चे इनमें गिर गए और डूबने से उनकी मौत हो गई।

## निजीकरण के खिलाफ सड़क पर उतरे बिजली कर्मचारियों ने दिखाया दम



महानगर संवाददाता
लखनऊ

नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लॉइज एंड इंजीनियर्स के आह्वान पर बुधवार को देश के 27 लाख बिजलीकर्मियों ने एक दिन की सांकेतिक हड़ताल की है। प्रदेश के लगभग एक लाख बिजली कर्मचारियों, संविदा कर्मियों, जूनियर इंजीनियरों और अभियंताओं ने कार्यालय/ कार्य स्थल से बाहर आकर निजीकरण के विरोध में प्रदर्शन किया। इसे लेकर कर्मचारी नेताओं ने कहा कि केंद्र सरकार की एवं राज्य सरकारों की बिजली के निजीकरण की जन विरोधी नीतियों के विरोध में और खास कर उत्तर प्रदेश में पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के विरोध में देश के सभी प्रांतों के लगभग 27 लाख बिजलीकर्मियों ने एक दिन की सांकेतिक हड़ताल कर अपनी एकजुटता का परिचय दिया है।

ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन के चेयरमैन शैलेंद्र दुबे, ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ पावर डिप्लोमा इंजीनियर्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष आरके त्रिवेदी, ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ़ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाईज के महामंत्री मोहन शर्मा, इलेक्ट्रिसिटी इंप्लॉइज फेडरेशन ऑफ इंडिया के महामंत्री सुदीप दत्ता, इंडियन नेशनल इलेक्ट्रिसिटी वर्कर्स आदि फेडरेशन ने यहां जारी बयान में प्रदेश सरकार से मांग की है कि बिजली के निजीकरण का फैसला वापस लिया जाए और केंद्र सरकार से मांग की है कि विद्युत मंत्रालय इस मामले में पहल कर उत्तर प्रदेश में बिजली निजीकरण का फैसला निरस्त करवाना सुनिश्चित करें।

## राष्ट्रीय अध्यापक पुरस्कार के लिए नहीं मिल रहे उम्मीदवार

**वाराणसी।** राष्ट्रीय अध्यापक पुरस्कार के लिए वाराणसी समेत पूरे प्रदेश से उम्मीदवार नहीं मिल रहे हैं। शिक्षा मंत्रालय की वेबसाइट पर पुरस्कार के लिए ऑनलाइन प्रविष्टि भरने की अंतिम तिथि 15 जुलाई है। लेकिन प्रदेश से अब तक कुल 16 आवेदन हुए हैं। इसमें जिले से एक भी नहीं है। शिक्षक दिवस के अवसर पर हर वर्ष पांच सितंबर को राष्ट्रपति यह पुरस्कार प्रदान करते हैं। वर्ष-2025 के राष्ट्रीय पुरस्कारों के लिए आवेदन बीते एक महीने से जारी है लेकिन शिक्षकों में इसके प्रति उदासीनता है। पुरस्कृत शिक्षक वेलफेयर सोसायटी उत्तर प्रदेश के प्रांतीय प्रवक्ता रामअवतार यादव ने बताया कि भारत सरकार के पोर्टल पर उत्तर प्रदेश से अब तक मात्र 16 शिक्षकों ने आवेदन किया है। बनारस से कोई आवेदन नहीं है। इसे लेकर केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने भी चिंता जताई है। सभी राज्यों को आवेदन के प्रति शिक्षकों को जागरूक करने के निर्देश दिए हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक भोलेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यापक सम्मान के लिए कोई भी पूर्णकालिक शिक्षक आवेदन कर सकते हैं।

## निजी अस्पताल में युवक की मौत के बाद लाश का इलाज करते रहे डॉक्टर, हंगामा

महानगर संवाददाता
पीलीभीत



जिले में गौहनिया रेलवे क्रॉसिंग के पास स्थित एक निजी अस्पताल में मरीज की मौत के बाद परिजनों ने जमकर हंगामा किया। आरोप लगाया कि चार दिन तक आईसीयू में भर्ती रखने के नाम पर मरीज को देखने तक नहीं दिया। मंगलवार को रेफर करने के लिए मरीज को बाहर निकाला तो उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना पर सुनगढ़ी और कोतवाली पुलिस के अलावा स्वास्थ्य विभाग के अफसर मौके पर पहुंचे। परिजनों ने अस्पताल और चिकित्सक पर कार्रवाई की मांग की।

माधोटांडा मार्ग पर गौहनिया रेलवे क्रॉसिंग के पास एक अस्पताल है। पूरनपुर क्षेत्र के चांट फिरोजपुर निवासी राजेंद्र कुमार ने बताया कि चार दिन पूर्व उसके छोटे भाई विष्णु (35) पुत्र प्रेमराज सिरसा चौराहे के पास सड़क हादसे में घायल हो गए थे। भाई को पूरनपुर सीएचसी के बाद शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। राजेंद्र ने बताया कि चिकित्सक को भर्ती करने के लिए 30 हजार रुपये दिए। कुछ घंटे बाद ऑपरेशन के नाम पर एक लाख रुपये और लिए गए। चार दिन में करीब तीन लाख रुपये जमा करा लिए। इस बीच परिजनों को एक बार भी मरीज को देखने नहीं दिया गया। आईसीयू गेट के पास जाने पर हटा दिया गया। मंगलवार शाम चिकित्सक ने बरेली रेफर करने की बात कहकर मरीज को बाहर निकाला तो उसकी मौत हो चुकी थी। परिजनों का आरोप है कि मृतक के शरीर को देखने पर उसकी मौत करीब तीन दिन पूर्व होने की बात सामने आ रही है। परिजनों ने शव का इलाज करने के नाम पर रुपये वसूलने का आरोप लगाकर हंगामा किया।

## मेरठ में जयंत चौधरी की मैंगो पार्टी में आम की लूट



**मेरठ।** मेरठ में केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी की मौजूदगी में आयोजित एक मैंगो पार्टी उस वक्त चर्चा में आ गई, जब रालोद कार्यकर्ता आम लेकर ऐसे भागे मानो कोई खजाना मिल गया हो। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, जिसमें कई लोग आम को थैलियों और यहां तक कि अपनी जेबों में भरते हुए नजर आ रहे हैं।

यह मैंगो पार्टी केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी के लिए रखी गई थी। स्थानीय रालोद नेताओं और कार्यकर्ताओं ने मेहमानों के स्वागत में आमों की किस्मों की शानदार व्यवस्था की थी। जैसे ही आम परोसे गए, कुछ रालोद कार्यकर्ता बेकाबू हो गए और आमों को अपनी जेबों, बैग्स और गमछों में भरकर भागने लगे। कुछ लोगों ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाल दिया, जो अब वायरल हो गया है। वीडियो पर लोग मजाकिया कमेंट कर रहे हैं। एक यूजर ने कमेंट किया, 'ये तो आम आदमी की सच्ची तस्वीर है!' एक दूसरे यूजर ने लिखा, 'जयंत जी की पार्टी में तो आम ही खास बन गया।'

## जलालुद्दीन की कोठी पर फिर गरजा बुलडोजर

महानगर संवाददाता
बलरामपुर

जिले में धर्म परिवर्तन कराने के आरोपी जमालुद्दीन उर्फ छांगुर की कोठी पर दूसरे दिन भी अतिक्रमण हटाने का अभियान जारी है। बारिश थमते ही बुधवार को भी सुबह 11 बजे से बुलडोजर गरजे। एक साथ पांच बुलडोजर लगाए गए, इसके बाद फिर पांच और बुलडोजर बुलाए गए। एसडीएम राजेंद्र बहादुर ने बताया कि 10 बुलडोजर लगाए गए हैं। पोकलैंड न मिलने से बुलडोजर की संख्या बढ़ाई गई है।

इससे पहले, हिंदू परिवारों का धर्म परिवर्तन कराने के आरोपी जमालुद्दीन उर्फ छांगुर के आलीशान अड्डे पर मंगलवार सुबह 11 बजे बुलडोजर गरजा। छांगुर ने इसे नीतू से नसरीन बनी मुंबई निवासी सिंधी महिला के नाम पर जमीन लेकर करीब 12 करोड़ रुपये में बनवाया था। निर्माण के दौरान ही दो बिस्वा सरकारी जमीन भी कब्जा ली। इस पर तहसील प्रशासन ने कोठी के उस हिस्से को अवैध घोषित कर ध्वस्तीकरण शुरू कर दिया। सोमवार को नोटिस चस्पा करने के बाद कार्रवाई की भनक लगते ही कोठी में रहने वाले लोग गेट पर ताला जड़ बाहर चले गए थे। मंगलवार सुबह 11 बजे पुलिस व प्रशासन की टीम पहुंची। गैस कटर से ताला कटवाया और फिर तीन बुलडोजर परिसर में दाखिल हुए। गेट के बाएं तरफ बनवाई गई 40 कमरों की कोठी को गिराने की कार्रवाई शुरू हुई। पिलर पर बनी कोठी काफी मजबूत थी, जिसे ढहाने के लिए दो बुलडोजर और मंगवाए गए। दोपहर से ध्वस्तीकरण का अभियान तेज हुआ। शाम तक आधा हिस्सा ही गिराया जा सका।

धर्म परिवर्तन का है आरोपी



### अवैध निर्माण को ढहाया

धर्मांतरण के आरोप में एटीएस ने अगस्त 2024 में एफआईआर दर्ज करके जांच शुरू की। 10 आरोपी बनाए गए, जिसमें जमालुद्दीन उर्फ छांगुर के बेटे महबूब और नवीन रोहरा उर्फ जमालुद्दीन को बीते 08 अप्रैल को गिरफ्तार किया गया। उसी दिन से छांगुर और नीतू उर्फ नसरीन भूमिगत हो गए। एटीएस ने छांगुर और नीतू को पांच जुलाई को लखनऊ से गिरफ्तार कर लिया। धर्म परिवर्तन के आरोपी छांगुर की ओर से किए गए अवैध निर्माण को ढहाया गया है। मामले में शामिल आरोपियों की जांच हो रही है।

## IIT BHU के बाथरूम में कैमरा को लेकर हरकत में छात्र

- पुलिस ने शुरू की जांच



**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी स्थिति आईआईटी बीएचयू एक फिर से सुर्खियों में है। IIT BHU के छात्र दर्जनों की संख्या में लंका थाने पहुंचे। छात्रों का आरोप है कि हॉस्टल में एक छात्र द्वारा हॉस्टल में गुप्त तरीके से वीडियो कैमरा लगाया था जिसके बाद छात्रों के नहाने का वीडियो रिकॉर्ड हुआ है। यह छात्रों के निजता का सवाल है। इसको लेकर छात्रों ने निकटतम लंका थाना पर तहरीर दी है। फिलहाल इस मामले में पुलिस द्वारा उनको आश्वास्त किया गया है कि जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी। हालांकि, जब इस मामले में आईआईटी बीएचयू प्रशासन ने कहा कि ऐसी कोई घटना उनके संज्ञान में नहीं आई है। अगर छात्रों को ऐसी शिकायत है तो उनसे बात करके कुछ ही देर में ऑफिशियल बयान जारी किया जाएगा। वहीं छात्रों ने पुलिस को सौंपे के शिकायती पत्र में कहा है कि, "हम आपको सूचित करना चाहते हैं कि IIT BHU में एक अत्यंत गंभीर और आपराधिक व्यवहार सामने आया है।

## कॉलेज छात्रों को ड्रग्स बेचने वाले गिरोह का पर्दाफाश

### सरगना निकला SSB जवान

महानगर संवाददाता
गौतमबुद्धनगर



ग्रेटर नोएडा नॉलेज पार्क कोतवाली पुलिस ने एक बड़े ड्रग्स रैकेट का पर्दाफाश करते हुए चार लोगों को गिरफ्तार किया है, जो कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के छात्रों को नशे की लत में धकेलने का घिनौना काम कर रहे थे। चौंकाने वाली बात यह है कि इस गिरोह का सरगना जम्मू-कश्मीर बॉर्डर पर तैनात सशस्त्र सीमा बल का एक जवान निकला. साथ ही एक कॉलेज का लैब टेक्नीशियन, एक साइबर कैफे संचालक और एक परचून दुकानदार भी इस अपराध में शामिल पाए गए हैं। पुलिस ने इन चारों आरोपियों के पास से लगभग 600 ग्राम ड्रग्स बरामद की है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 25 लाख रुपये आंकी गई है। यह नशा युवाओं तक पहुंचाया जा रहा था, खासतौर पर कॉलेज छात्रों को टारगेट किया जा रहा था। एडीसीपी ग्रेटर नोएडा सुधीर कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि छात्रों को ड्रग्स बेचने की मिल रही शिकायतों के आधार पर यह कार्रवाई की गई। पकड़े गए आरोपियों की पहचान रोहित कुमार, कृष्ण, लवकुश तेवतिया और नकुल के रूप में हुई है।

### ऑनलाइन नेटवर्क के जरिए होती थी सप्लाई

पुलिस जांच में यह बात भी सामने आई है कि आरोपी व्हाट्सएप और अन्य ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स के जरिए भी छात्रों तक ड्रग्स पहुंचाते थे। नकुल का काम छात्रों से सीधा संपर्क बनाना था, जिससे वह आसानी से कैंपस के अंदर ड्रग्स सप्लाई कर सके। फिलहाल पुलिस ने चारों आरोपियों को जेल भेज दिया है और ड्रग्स रैकेट के अन्य संभावित लिंक की तलाश की जा रही है। इस कार्रवाई ने न केवल सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं, बल्कि यह भी दर्शाया है कि कैसे शैक्षणिक संस्थानों के आसपास नशे का जाल फैलाया जा रहा है।

## तीन महिला समेत 22 PCS को आईएएस काडर में पदोन्नति

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के 22 पीसीएस अधिकारियों को प्रमोशन देकर आईएएस बनाया गया है। इस लिस्ट में तीन महिलाएं भी शामिल हैं। लंबे समय से पदोन्नति का इंतजार कर रहे इन अधिकारियों को जल्द नई जिम्मेदारियां दी जाएंगी। सूची में सहारनपुर मंडल के अपर आयुक्त भानु प्रताप यादव, यूपी अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के परीक्षा नियंत्रक राजेश कुमार सिंह, सिद्धार्थनगर के सीडीओ बलराम सिंह, यमुना एक्सप्रेसवे अथॉरिटी के विशेष कार्याधिकारी शैलेंद्र भाटिया और यूपी लोक सेवा आयोग के उप सचिव देवी प्रसाद पाल शामिल हैं।

इसके अलावा सचिव विकास प्राधिकरण मुरादाबाद अंजू लता, संयुक्त निदेशक, दिव्यागंज सशक्तीकरण निदेशालय जय नाथ यादव, अपर निदेशक(प्रशासन) कृषि निदेशालय तथा अपर मेला अधिकारी दयानंद प्रसाद, उपसचिव यूपी लोक सेवा आयोग विनोद कुमार गौड, संयुक्त निदेशक मंडी सचिन कुमार सिंह, उपसचिव यूपी लोक सेवा आयोग विवेक कुमार श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी हाथरस बसंत अग्रवाल, अपर जिलाधिकारी वाराणसी वंदिता श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी अयोध्या महेंद्र कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी बिजनौर विनय कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी मुरादाबाद गुलाब चंद्र, वक्फ न्यायाधिकरण सदस्य राम सुरेश वर्मा आदि शामिल हैं।

### कानपुर में 2-2 सीएमओ का मामला

## अखिलेश यादव ने सरकार पर कसा तंज

महानगर संवाददाता
कानपुर

उत्तर प्रदेश के कानपुर में दो चिकित्साधिकारियों के ज्वाइन करने का मामला चर्चाओं में है। दरअसल बुधवार को उस वक्त असमंजस की स्थिति बनी, जब डॉक्टर हरीदत्त नेमी दोबारा बतौर सीएमओ अपने दफ्तर पहुंच गए। इस दौरान उनके बगल ही बीते दिनों नियुक्त किए गए सीएमओ डॉक्टर उदयनाथ भी मौजूद थे। अब इस मामले में पूर्व सीएम व सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोला है।

कानपुर मामले पर पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवाल पर अखिलेश यादव ने कहा कि इस सरकार में हर ओर झगड़े चल रहे हैं। अखिलेश यादव ने सरकार पर निशाना साधा और कहा कि "नेता जी समाज के उन लोगो को जो प्रेरणा देने का काम करते थे उनको यश भारती और अर्जुन अवार्ड दिया। इसके साथ ही सम्मान राशि भी दी लेकिन इस सरकार ने उसे खत्म करने का काम किया है।"



### पौधारोपण अभियान पर साधा निशाना

अखिलेश ने पेड़ लगाने को लेकर सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा है कि "सरकार का टारगेट लगभग 200 करोड़ पेड़ लगाने का है और हम हमेशा पूछते हैं कि इतनी जगह कहां से लाओगे?" अखिलेश ने इस मुहिम को इवेंट बताया है और कहा कि सरकार कोई अच्छा काम नहीं कर रही। फतेहपुर में महिलाओं ने बांस का पुल बनवाया उसे तोड़ दिया, अयोध्या कम्पोजिट विद्यालय बच्चे पढ़ने गए हो और ताला लगा मिला इससे बड़ा दुर्भाग्य क्या होगा? अखिलेश ने बिहार में वोटर वेरिफिकेशन पर भी चुनाव आयोग को आड़े हाथों लिया।

## लुलू मॉल में चल रहा धर्मांतरण का खेल!

**लखनऊ।** लुलु मॉल में कैश सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत आरोपी फरहान उर्फ फराज को लखनऊ पुलिस ने अपनी सहकर्मी पर रेप के आरोप में गिरफ्तार किया है. युवती ने आरोपी फरहान पर कोलड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाकर रेप करने और धर्म परिवर्तन का मानसिक दबाव बनाने का आरोप लगाया है. मामला सुशांत गोल्फ सिटी लुलू मॉल में काम करने वाले कैश सुपरवाइजर फरहान उर्फ फराज और हिन्दू युवती जो कि वो भी लुलू मॉल में काम करती है 25 वर्षीय युवती ने फरहान के ऊपर जबरन रेप करने मारपीट और जन से मारने का आरोप लगया है। युवती द्वारा आरोप लगाया गया है फरहान अपने घर ले गया और वहां पर कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर दुष्कर्म किया और वीडियो बनाया फिर लगातार प्रताड़ित करता रहा और वीडियो वायरल करने की धमकी देकर होटल और घर में ले जाकर शोषण करता था, जब युवती द्वारा विरोध किया जाता तो फरहान द्वारा सिगरेट से जलाया जाता और पैसे की भी डिमांड करता रहा युवती द्वारा जेवर व पैसे भी लिए लगातार पैसो की डिमांड करता रहता था. युवती द्वारा सुशान्त गोल्फ सिटी में युवक के खिकाफ तहरीर दी गई पुलिस ने युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## तीर्थ पुरोहित दंपत्ति की हत्या, सगे भाई समेत चार को उम्रकैद

महानगर संवाददाता
वाराणसी

फास्ट ट्रैक (द्वितीय) सुनील कुमार की अदालत ने बुधवार को पिशाचमोचन में करीब छह साल पहले तीर्थ पुरोहित कृष्ण कुमार उपाध्याय और उनकी पत्नी ममता उपाध्याय की हत्या के मामले में फैसला सुनाया। अदालत ने पुरोहित के सगे छोटे भाई राजेंद्र उपाध्याय व उसकी पत्नी पूजा उपाध्याय, भतीजा रजत उपाध्याय, कर्मचारी रामविचार उपाध्याय को उम्रकैद की सजा सुनाई गई। जबकि अच्छे हसन और महेंद्र प्रताप राय को पांच- पांच साल की कैद की सजा सुनाई गई है।

बता दें कि साक्ष्यों के अभाव में अदालत ने मामले में आरोपी मनचंदा, वत्सला, कुशमेश्वर मिश्रा, मदनलाल, कृष्ण मोहन मिश्रा उर्फ भुल्लन को दोषमुक्त कर दिया था। अभियोजन पक्ष के अनुसार, चेतगंज थाना क्षेत्र के सरायगोवर्धन काली महल क्षेत्र में 21 सितंबर 2019 की सुबह संपत्ति विवाद में तीर्थ पुरोहित कृष्ण कुमार उपाध्याय और उनकी पत्नी ममता उपाध्याय की गोली मारकर और चापड़ से वार कर हत्या कर दी गई थी। कृष्ण कुमार घर के बाहर खड़े थे और पत्नी किचन में काम कर रही थीं।

### दो को पांच- पांच साल की जेल



### पुलिस ने की कार्रवाई

पुलिस ने आरोपियों को कस्टडी रिमांड पर लिया और वारदात में प्रयुक्त असलहा महेंद्र प्रताप राव के घर से बरामद किया था। इसके बाद मुकदमे में महेंद्र प्रताप राव का नाम भी बढ़ा दिया गया। विवेचना पूरी करने के बाद पुलिस ने 14 आरोपियों के खिलाफ अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया। सुनवाई के दौरान एक आरोपी रमेश चंद्र उपाध्याय का निधन हो गया था। मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में हुई और करीब छह साल में फैसला आ गया। अदालत ने अपराध को गंभीर माना और कहा कि सगे-संबंधियों के खिलाफ ऐसे अपराध समाज में भय पैदा करते हैं।

## डीएम से भिड़ने वाले सीएमओ कोर्ट का आर्डर लेकर पहुंचे दफ्तर

### कुर्सी पर किया कब्जा तो मचा हंगामा



**कानपुर।** कानपुर में डीएम से भिड़ने के बाद निलंबित कर दिए गए सीएमओ कोर्ट से सस्पेंशन पर स्टे मिलते ही अपने दफ्तर पहुंच गए। यहां आते ही अपनी पुरानी कुर्सी पर बैठ गए और कर्मचारियों का उपस्थिति रजिस्टर तलब कर जांच भी शुरू कर दी। पुराने सीएमओ के दफ्तर आने की जानकारी मिलते ही नए सीएमओ भी पहुंचे और इस तरह कुर्सी पर बैठने पर आपत्ति की। उनसे कुर्सी छोड़ने को भी कहा। लेकिन पुराने सीएमओ ने इनकार कर दिया। इस बीच नए सीएमओ के नाम की नेम प्लेट भी उखाड़ दी गई। मामला बढ़ता देख अधिकारियों को भी जानकारी दे दी गई। कुछ देर में ही एसडीएम, एसीपी के साथ भारी पुलिस फोर्स सीएमओ दफ्तर पहुंच गई। अधिकारियों ने अपनी तरफ से सीएमओ को समझाने की भी कोशिश की लेकिन मामला सुलझ नहीं सका। कहा जा रहा है कि शासन तक बात पहुंचाई जा रही है। वहां से कोई आदेश मिलने पर आगे का एक्शन हो सकता है।

# अब बिना आधार नहीं मिलेगा कौशल विकास योजना का फायदा

**दिव्यांगजनों के लिए सरकार ने बदले नियम**

महानगर नेटवर्क
नई दिल्ली



दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए केंद्र सरकार की ओर से चलाई जा रही कौशल विकास योजना में अब आधार कार्ड अनिवार्य कर दिया गया है। सरकार ने कहा है कि इस योजना के तहत किसी भी लाभार्थी को तब तक नकद लाभ नहीं मिलेगा जब तक वे अपना आधार नंबर या उसका पंजीकरण प्रमाण नहीं देंगे। सरकार ने साफ किया है कि इस योजना के तहत दी जाने वाली सुविधाएं जैसे ट्रांसपोर्ट अलाउंस, बोर्डिंग-लॉजिंग, पोस्ट-प्लेसमेंट सहायता आदि पाने के लिए आधार नंबर देना या उसके लिए आवेदन करना अनिवार्य होगा। यह नियम 2 जुलाई 2024 से प्रभावी हो गया है। हालांकि, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि जिन पात्र दिव्यांगजनों के पास फिलहाल आधार नहीं है, उन्हें योजना से वंचित नहीं किया जाएगा। उन्हें पहचान के लिए स्कूल दस्तावेज, जन्म प्रमाणपत्र या अभिभावकता से जुड़े कागजात देने होंगे। अगर आधार ऑथेंटिकेशन बायोमेट्रिक वजहों से फेल हो जाता है, तो ओटीपी, क्यूआर कोड स्कैन या ऑफलाइन ई-केवाईसी जैसे विकल्पों से पहचान की जा सकती है। इसके लिए यूआईडीएआई से मंजूरी ली गई है और संबंधित अधिकारी को जिम्मेदारी दी गई है। मंत्रालय ने सभी कार्यान्वयन एजेंसियों को निर्देश दिए हैं कि वे दिव्यांगजनों के लिए सुगम स्थानों पर आधार नामांकन केंद्र खोलें या खुद रजिस्ट्रर बनें, ताकि इन लोगों को कोई असुविधा न हो। यह कदम आधार नामांकन और अपडेट प्रक्रिया को तेज करने के लिए उठाया गया है। मंत्रालय की ओर से कहा गया है कि लोगों को इस बदलाव की जानकारी देने के लिए एक जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

# भारत बंद से कई जगह पब्लिक ट्रांसपोर्ट प्रभावित

**• बिहार और बंगाल में ट्रेनों पर असर**



महानगर नेटवर्क
नई दिल्ली

बुधवार को 10 केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच ने 'भारत बंद' का आह्वान किया था। इस बंद से कई राज्यों में सार्वजनिक परिवहन बुरी तरह प्रभावित हुआ। यूनियनों का कहना है कि केंद्र सरकार की श्रम सुधार और आर्थिक नीतियां श्रमिकों के अधिकारों को कमजोर करती हैं। इसलिए वे इसका विरोध कर रहे हैं। बंद में सार्वजनिक परिवहन, सरकारी दफ्तरों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, बैंकों, बीमा, डाक सेवाओं, कोयला खनन और औद्योगिक उत्पादन को रोकने की कोशिश की गई।
बिहार और बंगाल में प्रदर्शनकारियों ने ट्रेन की पटरियों को जाम कराने की कोशिश की। बिहार के जहानाबाद रेलवे स्टेशन पर राष्ट्रीय जनता दल के छात्रों ने रेलवे ट्रैक को ब्लॉक कर दिया। पश्चिम बंगाल में प्रदर्शनकारियों ने कई स्टेशनों पर रेल सेवाएं बाधित कीं। इनमें जादवपुर भी शामिल था। यहां वामपंथी यूनियनों के सदस्यों ने पुलिस के सामने ही पटरियों पर धरना दिया। उत्तर बंगाल में बस ड्राइवर अपनी सुरक्षा में हेलमेट पहने भी नजर आए। हालांकि, दार्जिलिंग हिल्स में ऐसा नहीं था। एक बस ड्राइवर ने बताया कि ये लोग सही बात कह रहे हैं (भारत बंद का जिक्र करते हुए)। लेकिन हमें अपना काम करना है। हम मजदूर हैं, इसलिए हम समर्थन करते हैं (बंद का)... हम सुरक्षा के लिए हेलमेट पहन रहे हैं, ताकि कुछ हो तो बचे रहें।

# चुनाव आयोग ने साझा की संविधान के अनुच्छेद 326 की तस्वीर

**बिहार में मतदाता सूची संशोधन पर दिया बड़ा संकेत**

महानगर नेटवर्क
नई दिल्ली

बिहार में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर बिहार ही नहीं पूरे देश में सियासी पारा चरम पर है। जहां चुनाव आयोग अभियान चला कर जोर-शोर से इसे अंजाम दे रहा है, वहीं विभिन्न राजनीतिक दल इसका विरोध कर रहे हैं। इस बीच, चुनाव आयोग ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भारत के संविधान के अनुच्छेद 326 की तस्वीर साझा की है। ऐसा करके चुनाव आयोग ने बिना कुछ कहे यह साफ कर दिया है कि वह सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार के लिए प्रतिबद्ध है और ऐसा करके वह केवल अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन कर रहा है। दरअसल भारत के संविधान के अनुच्छेद 326 के मुताबिक यह वयस्क मताधिकार की गारंटी देता है। इसके अनुसार भारत का हर वह नागरिक जो 18 साल या उससे ज्यादा




उम्र का है। सामान्य रूप से किसी निर्वाचन क्षेत्र में रहता है। वह मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने का हकदार है। इसके केवल मानसिक रूप से विक्षिप्त, अपराधी, भ्रष्टाचार में लिप्त और अवैध काम करने वालों को इसके अयोग्य माना गया है। यह अनुच्छेद यह सुनिश्चित करता है कि सभी पात्र नागरिकों को निष्पक्ष और समान रूप से मतदान का अधिकार मिले। विपक्ष को बिना कुछ कहे संदेश दे दिया है। इसमें आयोग का कहना है कि वह एक संवैधानिक स्वायत्त संस्था है। भारत का संविधान उसके लिए सर्वोच्च है।

**विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण को लेकर उठ रहे कई सवाल**

विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण को लेकर विरोध के साथ ही विपक्ष कई सवाल खड़े कर रहा है। 22 साल पहले यानी 2003 में इस प्रक्रिया के दौरान दो साल लगे थे। एक महीने में विशेष गहन पुनरीक्षण का रिकॉर्ड जुटाकर सत्यापन करना और उसके बाद पूरे एक महीने दावा-आपत्तियों को करना है।

उसे ही आधार मानकर पर वह बिहार राज्य में एसआईआर की कवायद कर रहा है। आयोग की कवायद ने राजनीतिक हलकों में चर्चा को तेज कर दिया कि आयोग का मकसद क्या है। इसके अलावा आयोग ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर इस पोस्ट के माध्यम से उन आलोचनाओं का जवाब देने की कोशिश की है, जिसमें विपक्ष उसे लगातार घेर रहा है।

# पाक में ड्रोन अटैक

**आसमान से बम गिरते ही मच गई सनसनी**




महानगर नेटवर्क
नई दिल्ली

पाकिस्तान में एक ड्रोन अटैक की घटना सामने आई है। पाक के खैबर पख्तूनख्वा के बन्नू जिले में विद्रोहियों द्वारा किए गए दो ड्रोन हमलों में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि तीन घायल हो गए। बन्नू जिला पुलिस अधिकारी (DPO) सलीम अब्बास कुलाची ने बताया कि बुधवार को जिले में दो क्वाडकॉप्टर (एक प्रकार का ड्रोन) घटनाएं हुईं। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों द्वारा किए गए पहले क्वाडकॉप्टर हमले में एक महिला की मौत हो गई, जबकि तीन बच्चे घायल हो गए, जिनमें एक महिला के दो बच्चे भी शामिल थे। अब्बास कुलाची ने बताया कि महिला के शव और घायलों को अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज जारी है।
जिला पुलिस अधिकारी अब्बास कुलाची ने बताया कि एक और ड्रोन हमला हुआ, जहां आतंकवादियों ने मेरियन पुलिस स्टेशन पर हमला किया और स्टेशन की छत पर लगे सौर पैनलों को क्षतिग्रस्त कर दिया। उन्होंने कहा कि हमले में पुलिसकर्मी सुरक्षित रहे। आतंकवादियों की तलाश के लिए इलाके में तलाशी अभियान जारी है। प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) द्वारा नवंबर 2022 में सरकार के साथ संघर्ष विराम समाप्त करने के बाद पाकिस्तान में हाल ही में (खासकर खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान में) विद्रोही गतिविधियों में वृद्धि देखी गई है।
बन्नू में पिछले कई महीनों में कई हमले हुए हैं। शनिवार को जिले में एक जिरगा पर सशस्त्र हमलावरों द्वारा किए गए हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। मार्च में बन्नू छावनी पर एक आतंकवादी हमले का जवाब देते हुए सुरक्षा बलों ने 16 विद्रोही मारे थे और पांच सुरक्षाबल भी मारे गए थे। इस घटना में आत्मघाती विस्फोटों के कारण एक मस्जिद और एक आवासीय इमारत को भी नुकसान हुआ था। इसके कारण 13 नागरिकों की मौत हो गई और 32 अन्य घायल हो गए थे।

# अंतरिक्ष में किसान बने ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला

**मेथी और मूंग के बीज के साथ कर रहे प्रयोग**

महानगर नेटवर्क
नई दिल्ली

भारत के शुभांशु शुक्ला इन दिनों अपनी अंतरिक्ष यात्रा का लुत्फ उठा रहे हैं। यहां वह इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन में अपनी यात्रा के अंतिम चरण में किसानी करते नजर आए हैं। हाल ही में शुभांशु शुक्ला की एक तस्वीर सामने आई है, जिसमें वे एक पेट्री डिश में अंकुरित हो रहे मूंग और मेथी के साथ नजर आ रहे हैं। जानकारी के मुताबिक अंकुरित मूंग और मेथी को ISS के एक स्टोरेज फ्रीजर में रखा गया है। शुभांशु शुक्ला द्वारा इन पौधों को उगाना उनकी टीम द्वारा किए जा रहे अलग-अलग



प्रयोगों का हिस्सा है। इन पौधों के जरिए इस बात का अध्ययन किया जा रहा है कि माइक्रो ग्रैविटी पौधों के शुरुआती विकास को कैसे प्रभावित करता है। यहां अंकुरित बीजों पर प्रयोग का नेतृत्व धारवाड़ के कृषि विज्ञान विश्वविद्यालय के रविकुमार होसामणि और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान के सुधीर सिद्धपुरेड्डी कर रहे हैं।

**10 जुलाई के बाद पृथ्वी पर लौटने की उम्मीद**

गौरतलब है कि एक्सिओम-4 यान से ISS पहुंचे शुक्ला और उनके साथी कक्षीय प्रयोगशाला में 12 दिन बिता चुके हैं। तय कार्यक्रम के अनुसार फ्लोरिडा तट पर मौसम की स्थिति के आधार पर 10 जुलाई के बाद किसी भी दिन पृथ्वी पर लौटने की उम्मीद है। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने अब तक आईएसएस से एक्सिओम-4 यान के अनडॉकिंग की तारीख की घोषणा नहीं की है।

एक्सिओम स्पेस के एक बयान में कहा गया है कि पृथ्वी पर लौटने के बाद इन बीजों को कई पीढ़ियों तक उगाया जाएगा ताकि उनके जेनेटिक्स, DNA और पोषण संबंधी प्रोफाइल में बदलावों की जांच की जा सके।

**कई तरह के प्रयोग कर रहे हैं शुभांशु**

इससे पहले शुभांशु ने बताया कि अंतरिक्ष स्टेशन पर उनके शोध कार्य विभिन्न क्षेत्रों और विषयों में फैले हुए हैं। उन्होंने बताया कि स्टेम सेल रिसर्च से लेकर बीजों पर माइक्रो ग्रैविटी के प्रभाव का अध्ययन, स्टेशन पर लगे स्क्रीन के साथ बातचीत करते समय अंतरिक्ष यात्रियों पर पड़ने वाले प्रभाव का मूल्यांकन। यह सब अद्भुत रहा है।

# नौसेना को सौंपा गया स्वदेशी गोताखोरी सहायता पोत 'निस्तार'

**• गहरे समुद्र में चलाया जा सकेगा बचाव अभियान**



**नई दिल्ली।** पहला स्वदेशी रूप से निर्मित गोताखोरी सहायता पोत बुधवार को भारतीय नौसेना को सौंप दिया गया है। यह पोत गहरे समुद्री में गोताखोरी और बचाव अभियान चला सकती है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यह पोत गहरे पानी में बचाव कार्य करने वाली पनडुब्बी (डीएसआरवी) के लिए 'मदर शिप' यानी मुख्य जहाज के रूप में भी काम करेगा, ताकि पनडुब्बी में किसी आपातकाल की स्थिति में कर्मियों को बचाने और निकालने में मदद मिल सके। नौसेना के प्रवक्ता ने कहा कि निस्तार पहली स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित गोताखोरी सहायता पोत है। इसे हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड ने आठ जुलाई को विशाखापत्तनम में भारतीय नौसेना को सौंपा गया।

# दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता के बंगले का 60 लाख का टेंडर रद्द



**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के सरकारी आवास के 60 लाख रुपए का टेंडर रद्द कर दिया गया है। राजधानी के लोक निर्माण विभाग ने 9 जुलाई को दिल्ली सरकार को सूचित किया कि रेखा गुप्ता के आवास के नवीनीकरण का टेंडर 'प्रशासनिक कारणों' से रद्द कर दिया गया है। यह टेंडर बिजली के काम के लिए था, जिसमें 14 एयर कंडीशनर, 9 लाख रुपये के टीवी और 6 लाख रुपये की अतिरिक्त लाइट फिटिंग लगाना शामिल था। मुख्यमंत्री को लोक निर्माण विभाग द्वारा राज निवास मार्ग पर दो बंगले आवंटित किए गए थे - एक उनके आवास के लिए और दूसरा कैंप कार्यालय के लिए। उन्होंने पिछले हफ्ते अपने कैंप कार्यालय का उद्घाटन किया था।
बता दें कि रेखा गुप्ता को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के लगभग 100 दिन बाद जून में दिल्ली के सिविल लाइंस इलाके में राज निवास मार्ग पर एक आधिकारिक बंगला आवंटित किया गया था। रेखा गुप्ता ने उसी इलाके में 6, फ्लैग स्टाफ रोड पर पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) प्रमुख अरविंद केजरीवाल के बंगले में रहने से इंकार कर दिया था।

# चीन में दुनिया की सबसे बड़ी बांध परियोजना भारत के लिए 'वाटर बम' है

**अरुणाचल CM ने चेताया**

महानगर नेटवर्क
नई दिल्ली

अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने कहा है कि राज्य की सीमा के निकट चीन द्वारा बनाया जा रहा विशाल बांध एक 'वाटर बम' होगा और यह सैन्य खतरे के अलावा किसी भी अन्य समस्या से कहीं ज्यादा बड़ा मुद्दा है। खांडू ने एक साक्षात्कार में कहा कि यारलुंग सांगपो नदी पर दुनिया की सबसे बड़ी बांध परियोजना गंभीर चिंता का विषय है, क्योंकि चीन ने अंतरराष्ट्रीय जल संधि पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं, जो उसे अंतरराष्ट्रीय मानदंडों का पालन करने के लिए मजबूर कर सकती थी। ब्रह्मपुत्र नदी को तिब्बत में यारलुंग



सांगपो नाम से जाना जाता है। खांडू ने कहा कि मुद्दा यह है कि चीन पर भरोसा नहीं किया जा सकता। कोई नहीं जानता कि वे कब क्या करेंगे। उन्होंने कहा कि चीन से सैन्य खतरे के अलावा मुझे लगता है कि यह किसी भी अन्य समस्या से कहीं ज्यादा बड़ा मुद्दा है। यह हमारी जनजातियों और हमारी आजीविका के लिए अस्तित्व का खतरा पैदा करने वाला है। यह काफी गंभीर मुद्दा है, क्योंकि चीन इसका इस्तेमाल एक तरह के 'वॉटर बम' के रूप में भी कर सकता है। यारलुंग सांगपो बांध के नाम से जानी जाने वाली इस बांध परियोजना की घोषणा चीन के तत्कालीन प्रधानमंत्री ली केकियांग द्वारा 2021 में सीमा क्षेत्र का दौरा करने के बाद की गई थी। खबरों के अनुसार चीन ने 137 अरब अमेरिकी डॉलर की लागत वाली इस पंचवर्षीय परियोजना के निर्माण को 2024 में मंजूरी दी। इससे 60,000 मेगावाट बिजली उत्पादन होने का अनुमान है, जिससे यह दुनिया का सबसे बड़ा जलविद्युत बांध बन जाएगा।

# जस्टिस यशवंत वर्मा से छिनेगा जज का पद!

महानगर नेटवर्क
नई दिल्ली

सरकारी आवास में बड़े पैमाने पर कैश मिलने पर घिरे जस्टिस यशवंत वर्मा की कुर्सी छीनने की प्रक्रिया जल्दी ही आगे बढ़ सकती है। उनके खिलाफ सरकार महाभियोग प्रस्ताव को मंजूरी दे चुकी है और 21 जुलाई से शुरू होने वाले मॉनसून सेशन में इसे पेश किया जाएगा। फिलहाल सरकार के लेवल पर इस बात को लेकर मंथन हो रहा है कि इसे राज्यसभा में पहले पेश किया जाए या फिर पहले लोकसभा से पारित करा लिया जाए। विपक्षी सांसद भी जस्टिस यशवंत वर्मा के महाभियोग प्रस्ताव पर समर्थन के लिए तैयार हैं। बस कांग्रेस की एक डिमांड यह है कि जस्टिस शेखर यादव पर भी महाभियोग लाया जाए, जिन्होंने विश्व हिंदू परिषद के कार्यक्रम में

**विपक्षी सांसद भी तैयार**



सांप्रदायिक बयान दिए थे।
संविधान के आर्टिकल 124 (4) में जजों के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने की पूरी प्रक्रिया बताई गई है। इसके अनुसार सुप्रीम कोर्ट या फिर हाईकोर्ट के किसी जज को पद से हटाने के लिए यह जरूरी है कि महाभियोग प्रस्ताव पर लोकसभा के कम से कम 100 सांसदों के हस्ताक्षर हों। इसके अलावा राज्यसभा के 50 सांसदों का समर्थन हो। यह शर्त सदन में प्रस्ताव लाने के लिए है। इसके अलावा मंजूरी के लिए दो तिहाई बहुमत वाला नियम है। यदि दोनों सदनों से प्रस्ताव बहुमत के साथ पारित हो जाता है, तो फिर उसे राष्ट्रपति के समक्ष भेजा जाता है और उनके साइन के साथ ही संबंधित जज को हटना पड़ता है।
हालांकि इस पूरी प्रक्रिया के बीच एक पेच यह भी है कि संसद में जब इस प्रस्ताव को लाया जाता है तो स्पीकर जांच के लिए एक कमेटी का गठन करते हैं। इस कमेटी में भारत के चीफ जस्टिस या फिर सुप्रीम कोर्ट के किसी अन्य जज, किसी हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस और एक विद्वान कानूनविद को शामिल किया जाता है। कमेटी की रिपोर्ट में यदि संबंधित जज के आचरण पर उठे सवालों को सही पाया जाता है तो फिर सदन में महाभियोग प्रस्ताव पर मतदान की प्रक्रिया कराई जाती है।

# केंद्रीय कृषि मंत्री बोले- वायरस से संकट में कपास

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को कहा कि फिलहाल देश में कपास का उत्पादन काफी कम है। हाल ही में बीटी कपास को प्रभावित करने वाले टीएसवी वायरस के कारण उत्पादकता में गिरावट आई है। कपास का उत्पादन तेजी से घट रहा है, जिससे हमारे किसान संकट में हैं। कपास का उत्पादन बढ़ाने और लागत कम करने का हमारा लक्ष्य है। चौहान ने कहा कि हमारा लक्ष्य जलवायु के अनुकूल, उच्च-गुणवत्ता वाले बीज विकसित करना है, जो वायरस के हमलों का सामना कर सकें। इस पर विचार करने के लिए हमने 11 जुलाई को सुबह दस बजे कोयंबटूर में एक बैठक बुलाई है। इस बैठक में कपास उत्पादक किसानों, किसान संगठनों के प्रतिनिधि,



भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के महानिदेशक सहित प्रख्यात वैज्ञानिक, कपास उत्पादक राज्यों के कृषि मंत्री, राज्य सरकार के अधिकारी, कपास उद्योग के प्रतिनिधि और कृषि विश्वविद्यालय के विशेषज्ञ शामिल होंगे। अगर आपके पास इस विषय पर कोई सुझाव है तो हमारे टोल-फ्री नंबर 18001801551 पर कॉल करें और साझा करें। मंत्री ने आगे कहा कि मैं आपके सुझावों पर गंभीरता से विचार करूंगा।

# धर्म और जाति से परे बच्चे ही देश की असली उम्मीद

**HC जज ने ऐसा क्यों कहा**

**नई दिल्ली।** केरल हाईकोर्ट के जज वीजी अरुण ने समाज से अपील की है कि वह उन बच्चों से प्रेरणा ले जो धर्म और जाति की पहचान से मुक्त होकर पले-बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे बच्चे भविष्य में समाज की रूढ़ियों को निडर होकर चुनौती देने वाले वयस्क बनेंगे। केरल युक्तिवादी संगम द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में बोलते हुए न्यायमूर्ति अरुण ने ऐसे माता-पिता की सराहना की जो अपने बच्चों को बिना किसी धार्मिक या जातिगत पहचान के बड़ा कर रहे हैं। बार और बेंच की रिपोर्ट के अनुसार न्यायमूर्ति अरुण ने अपने संबोधन में कहा कि मैं उन सभी की सराहना करता हूं जो अपने बच्चों को स्कूल



भेजते हैं और उन्हें धर्म या जाति से जोड़े बिना शिक्षा देते हैं। ये बच्चे कल की उम्मीद हैं। ये ही बच्चे भविष्य में निडर होकर सही सवाल पूछेंगे, भले ही समाज उनका विरोध करे। यह कार्यक्रम प्रसिद्ध युक्तिवादी लेखक पावनन की स्मृति में आयोजित किया गया था, जहां लेखक वैसाखन को भी सम्मानित किया गया। जस्टिस अरुण ने दोनों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि इन्होंने अपने जीवन में तर्क और धर्मनिरपेक्षता को अपनाने के लिए जातिगत उपनामों को त्याग कर कलम के नाम अपनाए।

**निजी अनुभव भी साझा किया**

जस्टिस अरुण ने अपने पिता टीकेजी नायर का भी ज़िक्र किया, जो लेखक, राजनीतिज्ञ और सामाजिक कार्य-कर्ता थे। उन्होंने बताया कि उनके पिता पावनन से प्रभावित होकर "अनिलन" नाम से लिखते थे।

**सोशल मीडिया की भाषा पर जताई चिंता**

जस्टिस अरुण ने सोशल मीडिया पर बढ़ती आपत्तिजनक भाषा पर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया के योद्धा गिद्धों की तरह टूट पड़ते हैं। मुझे कई बार ऐसे केस पढ़ने पड़ते हैं, जो सोशल मीडिया पोस्ट के कारण दर्ज हुए हैं। ये पोस्ट मलयालम भाषा को प्रदूषित करते हैं। मैंने कई बार सोचा है कि कोई मलयाली इस तरह खुद को कैसे गिरा सकता है।

# इजरायल की ताकत पर बोला जानी दुश्मन

**• हमें अंदाजा ही नहीं था कि ऐसा हमला होगा**

**तेल अवीव।** इजरायल के जानी दुश्मन कहे जाने वाले तीन आतंकी संगठनों हमास, हिजबुल्ला और हूती से अकसर यहूदी मुल्क का संघर्ष छिड़ा रहता है। अब भी वह इन तीनों से एक साथ जंग लड़ रहा है। इस बीच हिजबुल्ला ने कुछ महीने पहले हुए पेजर अटैक को लेकर कहा है कि हमें अंदाजा तक नहीं था कि इजरायल इतना भीषण और अंदर तक मार करने वाला हमला करेगा। दरअसल पेजर अटैक ने पूरी दुनिया को हैरान कर दिया था, जब लेबनान में एक साथ हजारों पेजरों में विस्फोट हुआ। इसमें दर्जनों हिजबुल्ला उग्रवादी मारे गए थे, जबकि हजारों लोग घायल हुए थे। आखिर कैसे पेजर में विस्फोटक फिट किया गया और कैसे उनकी सप्लाई चेन तक इजरायल की पहुंच हुई। इस लेकर हर कोई हैरान था और खुद हिजबुल्ला के नेता नईम कासिम ने भी अब इस बात को माना है। लेबनानी आतंकी समूह के नेता ने कहा कि हमें अंदाजा तक नहीं था कि इजरायल ऐसा कुछ कर सकता है या फिर हमारे ऊपर ऐसा कोई हमला होगा। मंगलवार को लेबनान के एक अखबार अल-मायदीन को दिए इंटरव्यू में कासिम ने कहा कि पेजर धमाकों की जांच में कई गंभीर खामियां सामने आई हैं। इससे पता चला है कि हमारी खरीद प्रक्रिया में गड़बड़ी थी और इजरायल ने डिवाइस तक पहुंच बना ली।
उन्होंने कहा कि इन पेजर का ऑर्डर एक साल पहले दिया गया था और इतने वक्त में इजरायल ने सप्लाई चेन का पता लगा लिया।

# समय पर कार्रवाई से बच सकती है जान : WHO

**• सांप के काटने के प्रति जागरूकता**

**नई दिल्ली।** मानसून के मौसम में सांप के काटने के मामले बढ़ जाते हैं, खासकर ग्रामीण और पहाड़ी इलाकों में जहां हरियाली ज्यादा होती है। भारत में सांप के काटने की घटनाएं एक गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के अनुसार हर साल दुनिया भर में लगभग 4.5 से 5.4 मिलियन लोगों को सांप काट लेते हैं। इनमें से 1.8 से 2.7 मिलियन मामलों में ज़हर का असर होता है। दुनिया में सांप के काटने से सबसे ज्यादा मौतें भारत में होती हैं। 2000 से 2019 के बीच भारत में करीब 12 लाख लोगों की मौत सांप के काटने से हुई है, यानी हर साल लगभग 58,000 मौतें। दुर्भाग्य से, ये आंकड़े पूरी तरह दर्ज नहीं हो पाते। सरकारी रिपोर्ट्स में सिर्फ



10% मौतें ही दिखाई गईं, क्योंकि ग्रामीण इलाकों में सिर्फ 20-30% लोग ही अस्पताल जाते हैं। कुछ क्षेत्रों में सांप के काटने से मरने का खतरा 1 में से 100 तक है। अधिकतर पीड़ित 30 से 69 वर्ष की आयु के होते हैं और 25% से ज्यादा बच्चे 15 साल से कम उम्र के होते हैं। कुल 70% मौतें आठ प्रमुख राज्यों में होती हैं, खासकर मानसून के समय। भारत में 90% मामलों में चार प्रमुख सांपों का हाथ होता है - कॉमन क्रेट, इंडियन कोबरा, रसेल वाइपर और सॉ स्केल्ड वाइपर। सांप का ज़हर शरीर के कई हिस्सों को नुकसान पहुंचा सकता है। इससे शरीर में खून बहना, लकवा मारना, किडनी फेल होना, दिल पर असर, मांसपेशियों का टूटना और यहां तक कि मौत भी हो सकती है। ऐसे में सबसे जरूरी है कि पीड़ित को तुरंत नज़दीकी अस्पताल ले जाया जाए। सबसे अच्छा इलाज क्वालिटी एंटी-वेनम देना है, जो ज़हर का असर कम कर सकता है और जान बचा सकता है। WHO ने 2017 में सांप के काटने को ऐसी बीमारी का नाम दिया है जो गरम जगहों पर पाई जाती है और जिस पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया जाता था। 2019 में एक वैश्विक रणनीति शुरू की गई थी, जिसका उद्देश्य 2030 तक मौतों और गंभीर विकलांगताओं को आधा करना है।

# 'बलरामपुर से जल्लाद को किया गिरफ्तार'

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को आजमगढ़ में विपक्ष पर जमकर हमला बोला। इस दौरान योगी ने कहा कि यह डबल इंजन की सरकार विकास में विश्वास करती है, विभाजन में नहीं। मुख्यमंत्री ने यह विभाजन करने वाले लोग वही हैं, जिन्होंने विकास तो परिवार का किया, लेकिन जाति, क्षेत्र और भाषा के नाम पर बांटने का पाप किया है। योगी ने कहा कि आपने देखा होगा कि कैसे-कैसे नमूनों के यह लोग पालते थे। आजमगढ़ और प्रदेश के युवाओं के सामने पहचान का सकंट आ खड़ा हुआ था। योगी ने कहा कि यहां का नौजवान पहचाने के लिए मोहताज था, अपमानित होता था, लेकिन आज उत्तर प्रदेश का नौजवान देश में कहीं जाएंगा तो देखने वाले के चेहरे पर चमक आ जाती होगी।

# मॉस्को और बीजिंग पर गिरा दूंगा बम

**ट्रंप का धमकी भरा ऑडियो लीक**



**नई दिल्ली।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कुछ ऑडियो टेप सामने आए हैं, जिनमें वह रूस और चीन पर बम गिराने की धमकी देते सुनाई दे रहे हैं। कम से कम तीन ऑडियो लीक हुए हैं। ऑडियो में ट्रंप काफी गुस्से में हैं और पुतिन-जिनपिंग के लिए काफी बुरा-भला भी कह रहे हैं। उनका आरोप है कि बार-बार समझाने के बाद भी पुतिन सीरियस नहीं हैं। ऐसी ही बातें वो ताइवान के मामले में जिनपिंग के लिए कह रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार ट्रंप ने ये बातें साल 2024 में चुनावी ट्रंप रिटूक द वाइट हाउस..." से लीक हुए ऑडियो टेप्स में ट्रंप रूस और चीन को लेकर बेहद उग्र भाषा का इस्तेमाल करते सुनाई दे रहे हैं।
एक ऑडियो में ट्रंप कहते सुनाई दे रहे हैं, "मैंने पुतिन से कहा, अगर तुम यूक्रेन में घुसे तो मैं मास्को पर बम बरसा दूंगा।

**प्रो-फिलिस्तीन छात्रों पर सख्त रुख**

एक और टेप में ट्रंप ने कैंपस में फिलिस्तीन समर्थक विरोध कर रहे छात्रों को निशाना बनाते हुए कहा, "जो भी छात्र विरोध करे, मैं उन्हें देश से बाहर निकाल दूंगा।" इस बयान पर वहां मौजूद लोगों ने तालियां बजाईं। ट्रंप ने यह भी कहा कि अगर उन्हें फिर से राष्ट्रपति चुना गया, तो वे इस विरोध को "25-30 साल पीछे धकेल देंगे।"

# गुरु और शिष्य के पवित्र रिश्ते का प्रतीक गुरु पूर्णिमा



आषाढ़ माह की पूर्णिमा तिथि को गुरु पूर्णिमा के नाम से जाना जाता है। इस दिन को गुरुओं की पूज़ा के लिए निर्धारित किया गया है। इस दिन लोग अपने गुरुओं का सम्मान करते हैं जिन्होंने जीवन में उनका मार्ग-दर्शन किया हो और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया हो। आषाढ़ शुक्ल पूर्णिमा को महर्षि वेद -व्यास जी का जन्म हुआ था, इसीलिए इसे व्यास पूर्णिमा के नाम से भी जानते हैं। यह दिन गुरु और शिष्य के पवित्र रिश्ते का प्रतीक है। आषाढ़ माह की पूर्णिमा तिथि पर गंगा नदी में स्नान दान का विशेष महत्व है। गुरु पूर्णिमा के इस विशेष दिन पर गौतम बुद्ध ने सारनाथ में अपना प्रथम उपदेश दिया था। गुरु पूर्णिमा को बौद्धों द्वारा गौतम बुद्ध के सम्मान में भी मनाया जाता है। साल 2025 में गुरु पूर्णिमा 10 जुलाई 2025 गुरुवार के दिन मनाई जाएगी।

### आषाढ़ पूर्णिमा 2025 तिथि

**पूर्णिमा तिथि की शुरूआत 10 जुलाई, रात 01:36 मिनट पर होगी. पूर्णिमा तिथि समाप्त 11 जुलाई, 2025 को रात 02:06 मिनट पर होगी।**

### गुरु पूर्णिमा शुभ योग


**इस बार गुरु पूर्णिमा तिथि बहुत ही खास है क्योंकि इस दिन इंद्र योग और वैधृति योग का निर्माण हो रहा है। आपको बता दें कि इस साल गुरु पूर्णिमा के दिन भद्रा का भी साया होगा, लेकिन पाताल लोक में होने के कारण कोई असर नहीं पड़ेगा।**

### गुरु पूर्णिमा पूजन विधि

इस दिन ब्रह्म मुहूर्त में उठकर स्नान करें। फिर घर के मंदिर की सफाई करें। इसके बाद वेदी पर अपने गुरु की प्रतिमा स्थापित करें। फिर गुरु के सामने घी का दीपक जलाइए और उन्हें सफेद चंदन, अक्षत, फूल, जनेऊ, फल, मिठाई अर्पित करके आरती करें और उनका आशीर्वाद लीजिए। वहीं, इस दिन गुरु दोष से मुक्ति भी पा सकते हैं। गुरु पूर्णिमा के दिन पीले वस्त्र और पहनें और अच्छा व्यवहार करें। इसके अलावा आप हर गुरुवार को विष्णु जी और देव गुरु बृहस्पति की भी पूजा अर्चना करें। इस दिन आप बृहस्पति बीज मंत्र 'ॐ ग्रां ग्रीं ग्रौं स: गुरवे नम:' का 108 बार जाप करें। साथ ही इस दिन आप अपने गुरु को वस्त्र दान करें। आप गुरु दोष से छुटकारा पाने के लिए गुरुवार के दिन पीली वस्तुएं भी दान कर सकते हैं। इस दिन गाय को चने की दाल, गुड़ आदि भी खिला सकते हैं।

# शिवलिंग पर सबसे पहले क्या चढ़ाएं बेलपत्र या जल?

**भगवान शिव को भक्त विभिन्न नाम से पुकारते हैं, जैसे भोलेनाथ, आशुतोष, गंगाधर, चंद्र मौली आदि. भोलेनाथ को देव, दानव, मानव सभी सामान भाव से पूजते हैं. वह सभी का कल्याण करते हैं. आपको बता दें कि 11 जुलाई से सावन का महीना शुरू होने वाला है, ऐसे में शिव भक्त भगवान की विधिवत पूजा अर्चना और व्रत करेंगे. इस दौरान बेलपत्र, फूल और जलाभिषेक करके महादेव का आशीर्वाद प्राप्त करेंगे. लेकिन कुछ लोगों के मन में यह सवाल होता है कि शिवलिंग पर पहले क्या अर्पित करना चाहिए बेलपत्र या जल?**



भगवान शिव की पूजा में जल और बेलपत्र दोनों का ही बहुत महत्व है। सबसे पहले भगवान शिव के अभिषेक में जल या गंगा जल चढ़ाना चाहिए। उसके बाद दही, दूध, शहद शक्कर आदि चढ़ाएं। उसके पुन: शुद्ध जल चढ़ाएं या गंगा जल चढ़ाएं। उसके बाद बेलपत्र, पुष्प सफेद पुष्प, भाग धतूरा आदि अर्पित करिए।

शिव पुराण में उल्लेख और रुद्र संहिता में स्पष्ट रूप से वर्णन है कि शिवलिंग का अभिषेक पहले गंगाजल या शुद्ध जल से करना चाहिए। इसके बाद बेलपत्र ,धतूरा भांग, सफेद पुष्प या अन्य पूजन सामग्री अर्पित करनी चाहिए। इससे यह स्पष्ट होता है की पूजन की शुरुआत जल अर्पण से होती है। स्कंद पुराण में भगवान शिव की पूजा के बारे में उल्लेख है। स्कंद पुराण के "केदार खंड" में वर्णन मिलता है कि शिव पूजन में सर्वप्रथम शुद्ध जल से जल अभिषेक करना चाहिए। इससे भगवान शिव अत्यंत प्रसन्न होते हैं, फिर उसके बाद बेलपत्र, फूल या अन्य द्रव्य चढ़ाए जाते हैं। पद्म पुराण में भी भगवान शिव की पूजा अर्चना के बारे में विस्तार से बताया गया है। पद्म पुराण में भगवान शिव की पूजा में सबसे पहले जल और बिल्व पत्र दोनों की महिमा बताई गई है, पर जल को पहले स्थान पर रखा गया है। जल को पहले हम क्यों चढ़ाते हैं, इसके पीछे भी एक महत्वपूर्ण कारण है। इसे आवाहन का एक भाग माना जाता है। भगवान शिव को जल शीतलता प्रदान करता है। जो कि उनको प्रिय है। भगवान शिव ने समुद्र मंथन के समय निकले हलाहल (महान विष को) संसार की रक्षा एवं सृष्टि के कल्याण लिए पी लिया था और उसे अपने कंठ में धारण कर लिया था।

# घर पर करें पार्लर जैसा मेकअप

**अगर घर में ही तैयार होने के प्लान है तो इन मेकअप टिप्स को फॉलो करें। मेकअप करने के लिए आप किसी भी त्योहार चाहे करवा चौथ हो या अन्य सोलह श्रृंगार का महत्व होता है। पति की लंबी आयु के लिए महिलाएं करवा चौथ का व्रत करती हैं और खूब सज-संवर कर तैयार होती है। हर महिला इस दिन सबसे खूबसूरत दिखना चाहती है। करवा चौथ पर मेहंदी से लेकर साड़ी हर चीज बेस्ट होनी चाहिए। महिलाएं इस खास दिन को मनाने के लिए पार्लर में जाकर तैयार होती हैं। हालांकि करवा चौथ पर पार्लर में भारी भीड़ होती है। ऐसे में अगर आप पार्लर जाकर घंटों बर्बाद नहीं करना चाहतीं तो घर में मेकअप कर सकती हैं। बिना मेकअप के फोटो और साड़ी का लुक अधूरा लगता है। आज हम आपको घर में पार्लर जैसा मेकअप करना बता रहे हैं। आप अपनी स्किन टाइप और कलर से हिसाब से अच्छा मेकअप कर सकती हैं। बस इन टिप्स को फॉलो करें।**

### ➲ प्राइमर

मेकअप का पहला स्टेप शुरू होता है आपके फेस की क्लीनिंग से, कोई भी मेकअप करने से पहले चेहरे को फेसवॉश से धो लें और सुखा लें। अब आपको फेस पर प्राइमर लगाना है। इससे चांद निकलने तक आपका मेकअप बिल्कुल भी खराब नहीं होगा।

### ➲ कंसीलर

अब अगर आपकी आंखों के आस-पास डार्क सर्कल हैं या फिर चेहरे पर किसी तरह के धब्बे हैं तो उन्हें छुपाने के लिए कंसीलर का इस्तेमाल करें। कंसीलर स्टिक से उन जगहों को छुपा लें।

### ➲ फाउंडेशन

अब अपनी स्किन टोन के हिसाब से चेहरे पर फाउंडेशन लगाएं। इससे आपका फेस ग्लो करेगा और स्किन एकदम स्मूद दिखने लगेगी। मार्केट में लिक्विड फाउंडेशन आसानी से मिल जाते हैं जिन्हें लगाना आसान होता है। अगर स्किन ड्राई है तो पहले थोड़ा मॉयस्चराइजर लगा लें। चेहरे के अलावा गर्दन पर भी फाउंडेशन लगा लें।

### ➲ कॉम्पेक्ट पाउडर

फाउंडेशन के बाद मेकअप का अगला स्टेप है पूरे फेस पर कॉम्पेक्ट पाउडर लगाने का। फेस पाउडर या कॉम्पेक्ट मेकअप को स्मज करने का काम करेगा। स्किन टोन के हिसाब से ही कॉम्पेक्ट अप्लाई करें। कॉम्पेक्ट लगाने से मेकअप अच्छी तरह सेट हो जाता है।

### ➲ आई शैडो

अब अपनी ड्रेस के हिसाब से मैचिंग आई शैडो लगाएं। आप चाहें तो सिर्फ सिल्वर या गोल्डन शेट वाले आई शैडो का इस्तेमाल कर सकते हैं। आजकल ऐसे आई शैडो मिलते हैं जो लंबे समय तक चलते हैं। अगर आपकी आंखें छोटी हैं तो डार्क कलर का मैट फिनिश आई शैडो अप्लाई करें।

### ➲ मस्कारा-लाइनर

इसके बाद आई मेकअप में जरूरी है मस्कारा और आई लाइनर, जो आपकी आंखों को अट्रैक्टिव बनाता है। आंखों को खूबसूरत बनाने के लिए मस्कारा जरूर लगाएं। उम्र दराज महिलाएं ट्रांसपेरेंट मस्कारा लगा सकती है। अगर आप





लिप्स को हाईलाइट करना चाहती हैं तो आई मेकअप थोड़ा हल्का ही रखें।

### ➲ लिपस्टिक

वैसे तो साड़ी पर रेड, मरून या पिंक कलर के डार्क शेड अच्छे लगते हैं। आजकल मैट फिनिश में न्यूड शेड भी ट्रेंड में हैं तो आप कोई भी कलर जो आपको पसंद हो लिप्स पर अप्लाई कर लें। ब्रश या लिप लाइनर से लिपस्टिक अच्छी तरह से लगती है। लंबे समय तक लिपस्टिक को बनाए रखने के लिए मैट फिनिश लिप कलर लगाएं।

# बथुआ का जूस पीने के फायदे

**बथुआ एक हरे पत्तेदार स जी है,जोकि सर्दियों के मौसम में पाई जाती है। बथुआ विटामिन ए, कैल्शियम, पोटैशियम और फॉस्फोरस जैसे गुणों से भरपूर होता है। इसके अलावा बथुए की तासीर गर्म होती है इसलिए सर्दियों में इसके सेवन से आपके शरीर को कई बेहतरीन लाभ प्राप्त होते हैं। ऐसे में आज हम आपके लिए बथुआ का जूस पीने के फायदे लेकर आए हैं। इसके सेवन से आपका दिल और पाचन तंत्र हेल्दी बना रहता है। इतना ही नहीं रोजाना सर्दियों में बथुए के जूस को पीने से आपका खून भी साफ होता है, तो चलिए जानते हैं बथुआ का जूस पीने के फायदे-**



### दिल को हेल्दी बनाएं

अगर आप रोजाना बथुआ का जूस का सेवन करते हैं तो इससे आपका दिल हेल्दी बना रहता है। इसके सेवन से दिल से जुड़ी बीमारियों का खतरा कम हो जाता है साथ ही इससे आपकी हार्ट बीट संतुलित बनी रहती है। बथुए के जूस के सेवन से आप हार्ट अटैक जैसी समस्या से बचे रहते हैं।

### किडनी स्टोन में उपयोगी

अगर आप बथुआ के जूस में शक्कर मिलाकर सेवन करते हैं तो इससे आपकी किडनी में मौजूद पथरी को निकालने में मदद मिलती है। इसका सेवन कुछ दिनों में स्टोन आपके यूरिन के जरिए आसानी से निकल जाता है।

### पाचन को हेल्दी रखे

अगर आप पेट से जुड़ी सम्याएं जैसे कब्ज, गैस या अपच से जूझ रहे हैं तो ऐसे में आपके लिए बथुए का जूस बेहद फायदेमंद साबित हो सकता है। इसके सेवन से आपको खट्टी डकार और भूख में कमी को भी दूर करने में मदद मिलती है।

### बल्ड प्यूरिफाई करे

अगर आप बथुए में नीम की 2-3 पत्तियां डालकर जूस बनाकर पीते हैं तो इससे आपका बल्ड प्यूरिफाई होता है। इसके साथ ही इस जूस के सेवन से आपका ब्लड सर्कुलेशन बी बेहतर बना रहता है।

# चाय को बनाने के लिए सही तरीका अपनाएं

**चाय दवा का असर करती है, लेकिन अगर इसे ठीक से बनाया जाए। अब आप सोच रहे होंगे चाय बनाना कौन सी कला है। चाय तो हर कोई बना लेता है। बच्चों को भी चाय बनानी आ जाती है। ये बात ठीक है कि चाय हर कोई बना लेता है,लेकिन हेल्दी चाय हर कोई नहीं बना पाता। अक्सर हम चाय बनाते वक्त ऐसी छोटी-छोटी गलतियां कर बैठते हैं जिससे चाय फायदे की जगह नुकसान करती है। चाय बनाते वक्त अगर आपने ये गलतियां कर दीं तो आपके सुबह शाम की चाय जहर बन सकती है। जी हां चाय को पकाने, पत्ती डालने, दूध मिलाने से लेकर चाय को बनाने तक का सही तरीका देखे...**

- परफेक्ट चाय बनाने के लिए सबसे पहले दूध को एक पैन में डालकर उबाल लें और दूसरे पैन में 1 बड़ा कप पानी उबलने के लिए रख दें। जब पानी में उबाल जाए तो इसमें करीब 1 टीस्पून चाय की पत्ती डाल दें और साथ ही आपको अदरक, इलाइची या फिर तुसली या कोई मसाला डालना हो तो अपनी पसंद के हिसाब से डाल दें।
- अब इसे सिर्फ 5 मिनट के लिए मीडियम फ्लेम पर उबालें और फिर करीब आधा कप से थोड़ा ज्यादा दूध और 1 स्पून चीनी मिला दें।
- अब चाय को हाई फ्लेम पर सिर्फ 2 से 3 उबाल लगाएं और गैस बंद कर दें। इस तरह बनने वाली चाय ज्यादा नुकसान नहीं करती है।
- वैसे चाय बनाने का सबसे अच्छा तरीका है कि आप चाय पत्ती और कोई फ्लेवर डालकर पानी को उबाल लें और छान लें।
- फिर कप में उबला हुआ दूध और चीनी एक साथ मिक्स करें। ये चाय आपको बिल्कुल भी नुकसान नहीं पहुंचाएगी।
- चाय बनाते वक्त हमेशा चाय बनाने में लगने वाले समय का ध्यान रखें। आपको 6 मिनट से ज्यादा चाय को नहीं उबालना चाहिए।
- बार बार चाय की पत्ती का इस्तेमाल करना, एक ही पैन में बार बार चाय बनाना, चाय को बहुत देर तक उबालना, बनी हुई चाय को फिर से उबालकर पीना ये सारी चीजें चाय को सेहत के लिए जहर बना देती हैं।



# सिर दर्द के लिए गुणकारी नींबू पत्ते

नींबू का इस्तेमाल घरों में पूरे साल होता है। दाल का स्वाद बढ़ाने से लेकर शिकंजी तक सब में नींबू का उपयोग होता है। इसके साथ ही नींबू के सेहत के लिए भी अनेक फायदे हैं, वजन कम करना हो तो गर्म पानी में नींबू और शहद मिलाकर पिया जाता है तो वहीं पेट की समस्या खत्म करने के लिए भी नींबू यूज होता है। लेकिन नींबू के अलावा इसके पत्ते भी बेहद गुणकारी हैं, यहां हम नींबू के पत्तों के फायदे बताने वाले हैं। रोजाना नींबू की पत्तियां चबाने से स्ट्रेस यानी तनाव कम होता है। नींबू की पत्तियों में कई ऐसे गुण पाए जाते हैं, जिनसे स्ट्रेस कम होता है। नींबू के पत्तों को सूंघनें पर इसमें भीनी खुशबू आती है।



नींबू की तरह ही इसकी पत्तियों में भी विटामिन सी पाया जाता है, जो कि शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता यानी इम्यूनिटी बढ़ाने का काम करता है। इसके सेवन से आप मौसम बदलने के दौरान फैलने वाले इंफेक्शन से बच सकते हैं। नींबू की पत्तियों को चबाने से आपकी वजन कम करने की जर्नी आसान हो सकती है। नींबू का पेड़ आपको किसी भी पार्क में मिल सकता है, इसके अलावा आप घर में भी नींबू का पेड़ लगा सकते हैं। तनाव के कारण होने वाले सिर दर्द में भी नींबू की पत्तियां फायदेमंद साबित होती है। रोजाना नींबू की पत्तियों को चबाकर खाने से आप सिर दर्द जैसी समस्या से छुटकारा पा सकते हैं। नींबू की पत्तियों में विटामिन सी होता है, जो कि स्किन का ग्लो बरकरार रखने के लिए लाभदायक होता है।

# प्राकृतिक तरीके से करें सफ़ेद बालों को काला

**वर्तमान समय की जीवनशैली और खानपान इतना असंतुलित हो गया हैं कि इसका असर सेहत के साथ ही बालों पर भी दिखाई देता हैं जिसकी वजह से समय से पहले बालों में सफेदी आने लगती हैं। पहले जहां ये समस्या 40 की उम्र के बाद देखी जाती थी, मगर अब कम उम्र के लोग भी सफेद बालों से जूझ रहे हैं। ऐसे में जरूरी हैं कि बालों का सही ख्याल रखा जाए। इसके लिए बाजार में मिलने वाले प्रोडक्ट्स की जगह प्राकृतिक चीजों का इस्तेमाल करना बेहतर साबित होता हैं। इसलिए आज इस कड़ी में हम आपको कुछ ऐसे प्राकृतिक तरीकों की जानकारी देने जा रहे हैं जिनकी मदद से प्राकृतिक तरीके से सफ़ेद बालों को काला किया जा सकता हैं। तो आइये जानते हैं इन तरीकों के बारे में।**

### नारियल तेल

करी पत्ता का इस्तेमाल सदियों से चिकित्सकीय कारणों से होता आया है। करी पत्ता सफेद बालों को ठीक करने के साथ ही समय से पहले सफेद होते बालों को रोकता है। इसे बनाने के लिए आपको करी पत्ता को नारियल तेल या जोजोबा ऑयल में मिलाना है। इस मिश्रण को तब तक गर्म करें, जब तक कि इसका रंग हल्का काला ना हो जाए। इसे ठंडा होने दें और फिर इस तेल को हौले से अपने स्कैल्प पर लगाएं। बढ़िया परिणाम के लिए रात भर लगे रहने दें।

### मेहंदी

यह मिश्रण सफेद बालों को काफी हद तक काला करता है। इसे तैयार करने के लिए मेहंदी को गर्म ब्लैक कॉफी में मिलाकर पेस्ट बना लें। इस पेस्ट को तीन- चार घंटे के लिए बालों पर लगा कर रखें। आप चाहें तो इसमें अंडे, ऑलिव ऑयल और दही भी मिला सकते हैं। यह बालों और स्कैल्प को हेल्दी भी रखता है।



### प्याज का रस

प्याज का रस बालों के लिए बहुत फायदेमंद है। यह बालों में कालापन लाने के लिए भी बढ़िया इलाज है। इसमें कैटेलेस होता है। यह एक ऐसा एंजाइम है जो प्राकृतिक रूप से आपके बालों को काला करता है। आप 2 या 3 प्याज को काट कर उसे मिक्सर में चला लें। अब एक बारीक सूती कपड़ा लेकर उसमें इस मिश्रण को छान लें। प्याज का जूस निकल जाएगा। अब इस जूस को अपने बालों और स्कैल्प पर लगाएं और आधे- एक घंटे के लिए छोड़ दें। बाद में शैम्पू कर लें।



# लॉर्ड्स में आज से खेला जाएगा भारत-इंग्लैंड के बीच तीसरा टेस्ट



**नई दिल्ली।** भारत और इंग्लैंड के बीच खेली जा रही पांच मैचों की टेस्ट सीरीज रोमांचक मोड़ पर है. इस सीरीज का पहला टेस्ट मैच मेजबान इंग्लैंड ने जीता तो दूसरा टेस्ट मैच मेहमान टीम इंडिया ने. भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरा टेस्ट मैच 10 जुलाई से लंदन के लॉर्ड्स में खेला जाएगा. यह टेस्ट मैच भारतीय समय के अनुसार दोपहर साढ़े तीन बजे से शुरू होगा. वहीं मैच का टॉस दोपहर तीन बजे होगा. अभी किसी भी टीम ने इस टेस्ट मैच के लिए अपनी प्लेइंग इलेवन का एलान नहीं किया है। भारत और इंग्लैंड के बीच लॉर्ड्स में खेले जाने वाले तीसरे टेस्ट मैच का पहला सेशन दोपहर साढ़े तीन बजे शुरू होगा. पहला सेशन दो घंटे का होगा. यानी साढ़े तीन बजे मैच शुरू होगा और साढ़े 5 बजे तक खेला जाएगा. फिर लंच होगा. लंच 40 मिनट का होगा. लंच के बाद शाम 6:10 बजे मैच दोबारा शरू होगा. अब दूसरा सेशन भी दो घंटे का होगा. यानी रात 8:10 बजे टी ब्रेक होगा. टी ब्रेक 20 मिनट का होगा. साढ़े 8 बजे मैच दोबारा शुरू होगा. फिर रात 10 बजे दिन का खेल खत्म होगा. अगर बारिश की मैच में खलल डालती है तो फिर समय में बदलाव किया जा सकता है. टेस्ट क्रिकेट के नियम के हिसाब से एक दिन में 90 ओवर का खेल होता है. भारत और इंग्लैंड का तीसरा टेस्ट मैच 10 जुलाई से 14 जुलाई के बीच लंदन के लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर खेला जाएगा. यह मैच भारतीय समयानुसार दोपहर 3:30 बजे से शुरू होगा. टीवी पर मुकाबले का लाइव प्रसारण सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क पर किया जाएगा. आप मोबाइल, टैबलेट या लैपटॉप पर भी लाइव मैच देख सकते हैं।

## भारत की प्लेइंग-11 में बुमराह की होगी एंट्री



इस मैच के लिए भारत के अनुभवी तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को प्लेइंग-11 में शामिल किया जाएगा। बुमराह को हेडिंग्ले में हुए पहले टेस्ट के बाद वर्कलोड के चलते एजबेस्टन में हुए दूसरे टेस्ट से आराम दिया गया है। अब उन्हें लॉर्ड्स में खिलाया जाएगा, जहां की पिच तेज गेंदबाजों के लिए मददगार मानी जाती है। बुमराह ने सीरीज में एकमात्र मैच खेला है जहां उन्होंने पहली पारी में कुल 5 विकेट हासिल किए थे।

### भारत की लॉर्ड्स टेस्ट के लिए संभावित प्लेइंग-11

यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, करुण नायर, शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (विकेटकीपर/उपकप्तान), रविंद्र जडेजा, शार्दुल ठाकुर, वाशिंगटन सुंदर, मोहम्मद सिराज, आकाशदीप, जसप्रीत बुमराह।



### भारत की प्लेइंग-11 में शार्दुल ठाकुर की होगी एंट्री

इसके साथ ही इस मैच से नीतीश कुमार रेड्डी को बाहर किया जा सकता है और उनकी जगह पर पिच को ध्यान में रखते हुए शार्दुल ठाकुर को प्लेइंग-11 में शामिल किया जा सकता है। लॉर्ड्स की पिच पर शार्दुल ठाकुर टीम इंडिया के लिए बॉल के साथ ज्यादा कारगर साबित हो सकते हैं। शार्दुल ने पहला टेस्ट मैच खेले थे, लेकिन कुछ खास कमाल नहीं कर पाए थे। उन्होंने मैच की दूसरी पारी में 2 विकेट चटकाए थे।

## ICC RANKINGS

# रूट को पछाड़ ब्रूक बने नंबर-1

### गिल को मिली बेस्ट रैंकिंग | वियान मुल्डर ने मारी छलांग



**दुबई।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने बुधवार को टेस्ट प्लेयर्स की ताजा रैंकिंग जारी की है। इंग्लैंड के हैरी ब्रूक फिर से नंबर-1 टेस्ट बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने हमवतन जो रूट से बादशाहत छीनी है। ब्रूक के खाते में फिलहाल 886 रेटिंग अंक हैं। उन्होंने एजबेस्टन में भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट में 158 रनों की पारी खेली थी। रूट दूसरे पायदान पर खिसक गए हैं। उनके 868 अंक हैं। वह एजबेस्टन में बल्ले से छाप नहीं छोड़ सके थे। वहीं, भारतीय टेस्ट टीम के कप्तान शुभमन गिल ने टॉप-10 में एंट्री मारी है। वह 15 स्थान ऊपर चढ़कर छठे पर पहुंच गए हैं। यह गिल के टेस्ट कैरियर की बेस्ट रैंकिंग है। उनके 807 रेटिंग अंक हैं। उन्होंने एजबेस्टन में भारत की 336 रनों से ऐतिहासिक जीत में अहम भूमिका निभाई थी। गिल ने पहली पारी में दोहरा शतक (269) ठोका जबकि दूसरी पारी में सेंचुरी (161) लगाई। बता दें कि भारत ने एजबेस्टन में पहली बार टेस्ट जीता। गिल नंबर-1 बैटर ब्रूक से 79 रेटिंग अंक पीछे हैं। रैंकिंग में गिल से आगे रूट के अलावा न्यूजीलैंड के केन विलियमसन (867 अंक, तीसरे), भारतीय ओपनर यशस्वी जायसवाल (858 अंक, चौथे) और ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ (807 अंक, पांचवें) हैं। टॉप-10 बल्लेबाजों में सिर्फ दो भारतीय हैं। विकेटकीपर ऋषभ पंत (790 अंक) संयुक्त रूप से सातवें नंबर पर हैं। इंग्लैंड के विकेटकीपर जेमी स्मिथ को भी फायदा हुआ है और उन्होंने अपने करियर की नई सर्वोच्च रेटिंग हासिल की। वह दूसरे टेस्ट में नाबाद 184 और 88 रन की पारी खेलने के बाद 16 स्थान के सुधार के साथ 10वें पर पहुंच गए। दक्षिण अफ्रीका के वियान मुल्डर ने तगड़ी छलांग लगाई है। वह 34 स्थान चढ़कर 22वें पर आ गए हैं। उन्होंने बुलावायो में जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे टेस्ट में नाबाद 367 रन की पारी खेली थी। 27 वर्षीय मुल्डर के पास ब्रायन लारा (नाबाद 400) का सर्वोच्च टेस्ट स्कोर का रिकार्ड तोड़ने का मौका था लेकिन दक्षिण अफ्रीका ने 626/5 पर पारी घोषित कर दी। वह बतौर कप्तान डेब्यू टेस्ट में तिहरा शतक जड़ने वाले दुनिया के इकलौते प्लेयर हैं। भारत के अनुभवी रविंद्र जडेजा (391 अंक) ऑलराउंडर्स की सूची में टॉप पर बरकरार हैं। उन्होंने एजबेस्टन में 89 और नाबाद 69 रनों की पारी खेने के अलावा एक विकेट लिया था। भारत के धाकड़ तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह नंबर-1 टेस्ट गेंदबाज हैं।

# जोफ्रा की चार साल बाद टेस्ट में वापसी



**नई दिल्ली।** भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का तीसरा मैच 10 जुलाई से लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड में खेला जाना है. जिसके लिए इंग्लैंड ने 24 घंटा पहले ही अपनी प्लेइंग-11 का ऐलान कर दिया है. जिसमें तेज गेंदबाज जोश टंग की जगह जोफ्रा आर्चर को टीम में शामिल किया गया है. जिसका मतलब साफ है कि तेज गेंदबाज अब चार साल बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी करने को तैयार है. इसके अलावा टीम में कोई कोई भी चेंजेज नहीं किए गए हैं.

खतरनाक तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर को 2021 के बाद पहली बार इंग्लैंड की टेस्ट टीम में शामिल किया गया था. आर्चर ने इंग्लैंड के लिए 13 टेस्ट खेले हैं और 31.04 की औसत से 42 विकेट लिए हैं.

### तीसरे टेस्ट के लिए इंग्लैंड की प्लेइंग इलेवन

जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रूक, बेन स्टोक्स (कप्तान), जेमी स्मिथ (विकेटकीपर), क्रिस वोक्स, ब्रायडन कार्स, जोफ्रा आर्चर, शोएब बशीर

# दक्षिण अफ्रीका की जिम्बाब्वे पर 20 साल में सबसे बड़ी जीत

### श्रृंखला में 2-0 से सूपड़ा साफ किया



**बुलावायो।** दक्षिण अफ्रीका ने दो मैचों की श्रृंखला के दूसरे टेस्ट के तीसरे दिन मंगलवार को यहां जिम्बाब्वे की दूसरी पारी को 220 रन पर समेट कर उसे पिछले 20 साल में पारी से सबसे बड़ी शिकस्त दी। दक्षिण अफ्रीका ने महज तीन दिन के अंदर पारी और 236 रन की शानदार जीत दर्ज की। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का खिताब जीतने वाली दक्षिण अफ्रीका की टीम ने इसके साथ ही श्रृंखला में 2-0 से सूपड़ा साफ किया। दक्षिण अफ्रीका ने कार्यवाहक कप्तान वियान मुल्डर के नाबाद 367 रन के दम पर पांच विकेट पर 626 रन बनाकर पारी घोषित की थी। जिम्बाब्वे की टीम सोमवार को अपनी पहली पारी में 43 ओवर में 170 रन पर आउट हो गई थी जिसके बाद उसे फॉलोऑन दिया गया। टीम मंगलवार को अपनी दूसरी पारी में 220 रन पर आउट हो गई। जिम्बाब्वे की टीम ने इस मैच में कुल 390 रन बनाए जो मुल्डर के स्कोर से सिर्फ 23 रन अधिक था।

मुल्डर का चोटिल टेम्बा बावुमा और केशव महाराज की अनुपस्थिति में कप्तान के तौर पर यह पहला टेस्ट मैच था। उन्होंने बल्ले से योगदान देने के साथ तीन विकेट भी चटकाए और तीन कैच लपके। वह मैच और श्रृंखला के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गये। जिम्बाब्वे ने दिन की शुरुआत दूसरी पारी में एक विकेट पर 51 रन से की थी और सुबह के सत्र में टीम ने दो विकेट गंवाए, जिसमें अनुभवी सीन विलियम्स भी शामिल थे। विलियम्स ने मुल्डर की गेंद को रोकने की कोशिश की और 11 रन पर अपना ऑफ स्टंप गंवा बैठे। लंच से पहले निक वेल्च (55) ने अपने पांचवें टेस्ट में अपना तीसरा अर्धशतक पूरा किया, लेकिन इसके तुरंत बाद सेनुराम मुथुसामी की गेंद पर मुल्डर के हाथों कैच आउट हो गये। वेल्च का विकेट गिरने के बाद टीम ने 28 ओवरों में 67 रन पर बाकी के सात विकेट गंवा दिये। कप्तान क्रेग एर्विन ने एक छोर से संभल कर खेलते हुए 95 गेंदों में 49 रन की जुझारू पारी खेली। दक्षिण अफ्रीका के लिए कॉर्बिन बॉश ने चार जबकि मुथुसामी ने तीन और कोडी यूसुफ दो विकेट लिए। जिम्बाब्वे ने बुलावायो में अपना पिछला मैच 2001 में जीता था। उसने इस दौरान 22 टेस्ट खेले और इनमें से 17 में हार का सामना करना पड़ा।

### भारत-ए पुरुष हॉकी टीम ने

# आयरलैंड को 6-1 से हराया



**आइंडहोवन (नीदरलैंड)।** भारत ए पुरुष हॉकी टीम ने हॉकी क्लब ओरांजे-रूड में आयरलैंड को 6-1 से हराकर अपने यूरोपीय दौरे की शानदार शुरुआत की। भारतीय टीम की तरफ से उत्तम सिंह, अमनदीप लाकड़ा, आदित्य लालगे, सेल्वम कार्थी और बॉबी सिंह धामी ने गोल किए। भारत ने मैच में शुरू से लेकर आखिर तक दबदबा बनाए रखा और आयरलैंड को वापसी का कोई मौका नहीं दिया। उत्तम ने भारतीय टीम के लिए पहला गोल किया और बाद में अमनदीप ने टीम की बढ़त को और मजबूत कर दिया। इसके बाद आदित्य ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए लगातार दो गोल दागकर भारत को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। फॉरवर्ड सेल्वम कार्ति और बॉबी सिंह धामी ने भी एक-एक गोल करके स्कोरशीट में अपना नाम दर्ज कराया। भारतीय रक्षा पंक्ति ने भी अच्छा खेल दिखाया और आयरलैंड के प्रयासों को अच्छी तरह से नाकाम किया। आयरलैंड की टीम केवल एक गोल ही कर पाई। भारत अब बुधवार को फिर से आयरलैंड का सामना करेगा। इसके बाद वह अगले दो सप्ताह में फ्रांस, इंग्लैंड, बेल्जियम और मेजबान नीदरलैंड के खिलाफ खेलेगा।



### न्यूजीलैंड को लगा बड़ा झटका

# फॉर्म में चल रहे फिन एलन त्रिकोणीय श्रृंखला से बाहर

**वेलिंगटन।** जिम्बाब्वे और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ त्रिकोणीय श्रृंखला से पहले न्यूजीलैंड को एक बड़ा झटका लगा है क्योंकि उनके फॉर्म में चल रहे दाएं हाथ के बल्लेबाज फिन एलन चोटिल होने के बाद श्रृंखला से बाहर हो गए हैं। एलन को संयुक्त राज्य अमेरिका में मेजर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट में सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स के लिए खेलते समय पैर में चोट लग गई और उन्हें आगे की जांच के लिए न्यूजीलैंड भेजा जाएगा। न्यूजीलैंड में आगे के परामर्श के बाद एलन के ठीक होने की समय-सीमा तय की जाएगी। फिर भी 26 वर्षीय खिलाड़ी 14 जुलाई से मेजबान जिम्बाब्वे और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरू होने वाली त्रिकोणीय श्रृंखला के किसी भी मैच के लिए उपलब्ध नहीं होंगे।

**त्रिकोणीय श्रृंखला के कार्यक्रम**

| | |
|---|---|
| 14 जुलाई | जिम्बाब्वे बनाम दक्षिण अफ्रीका |
| 16 जुलाई | दक्षिण अफ्रीका बनाम न्यूजीलैंड |
| 18 जुलाई | जिम्बाब्वे बनाम न्यूजीलैंड |
| 20 जुलाई | जिम्बाब्वे बनाम दक्षिण अफ्रीका |
| 22 जुलाई | न्यूजीलैंड बनाम दक्षिण अफ्रीका |
| 24 जुलाई | जिम्बाब्वे बनाम न्यूजीलैंड |
| 26 जुलाई | फाइनल |

# IPL में इस्तेमाल किए गए फिल साल्ट के बल्ले को मंजूरी मिली



**लंदन।** इंग्लैंड के सीमित ओवरों के सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सहित पिछले दो वर्षों से जिस बल्ले का उपयोग कर रहे थे उसे शुरू में मैदान पर गेज परीक्षण में गलत पाया गया था, लेकिन बाद में आगे की जांच के बाद इसे मंजूरी दे दी गई। इंग्लिश काउंटी क्रिकेट में लंकाशर की तरफ से खेलने वाले 28 वर्षीय साल्ट ने इस साल की शुरुआत में रॉयल चैलेंजर बेंगलुरु की पहली IPL खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाई थी। IPL 2025 में उन्होंने 13 मैचों में 403 रन बनाए थे, जो विराट कोहली (15 मैचों में 657) के बाद उनकी टीम के लिए दूसरे सबसे ज़्यादा रन थे। लंकाशर क्रिकेट ने एक बयान में कहा कि नॉर्थेंट्स स्टीलबैक्स के खिलाफ शुक्रवार को हुए विटैलिटी ब्लास्ट टी-20 मैच के दौरान साल्ट द्वारा इस्तेमाल किए गए बल्ले को क्रिकेट नियामक की भ्रष्टाचार निरोधक इकाई (एसीयू) ने मंजूरी दे दी है। क्लब ने बयान में कहा, 'साल्ट पर ECB (इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड) के नियम 3.2 और 3.3 के उल्लंघन का आरोप है, क्योंकि विटैलिटी ब्लास्ट मैच के दौरान उनका बल्ला मैदान पर गेज परीक्षण में सही नहीं पाया गया था। यह वही बल्ला है जिसका इस्तेमाल उन्होंने पिछले दो साल से इंग्लैंड, लंकाशर और आईपीएल के लिए बिना किसी समस्या के किया।' बयान के अनुसार, 'लेकिन क्रिकेट नियामक संस्था द्वारा बाद में किए गए परीक्षण में इसे सही पाया गया।

# सेमीफाइनल में पहुंचे अल्काराज

### नॉरी को लगातार तीन सेटों में हराया, अब टेलर फ्रिट्ज से होगा सामना



**लंदन।** दो बार के गत विजेता कार्लोस अल्काराज ने मंगलवार को कैमरून नोरी को 6-2, 6-3, 6-3 से हराकर विंबलडन सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अल्काराज ने अपनी जीत की लय को 23 मैचों तक बढ़ाया और विंबलडन में तीन बार पुरुष एकल सेमीफाइनल तक पहुंचने वाले इतिहास में दूसरे स्पेनिश खिलाड़ी बन गए। उनसे पहले महान टेनिस खिलाड़ी राफेल नडाल ने ऐसा किया था। सेंटर कोर्ट पर नॉरी द्वारा मैच की शुरुआत में अपनी सर्विस बरकरार रखने के बाद, दूसरे वरीयता प्राप्त अल्काराज ने बाएं हाथ के ब्रिटिश खिलाड़ी के खिलाफ अगले पांच गेम जीतकर मैच पर कब्जा कर लिया। अल्काराज ने नॉरी को मैच में कभी भी हावी नहीं होने दिया। उन्हें केवल पांच ब्रेक पॉइंट मिले और उन्होंने सभी बचा लिए। उन्होंने 39 विनर और 13 ऐस के साथ 26 अनफोर्स्ड एरर भी किए। क्वार्टर फाइनल मैच एक घंटे 39 मिनट में खत्म करने के बाद कोर्ट पर दिए एक इंटरव्यू में अल्काराज ने कहा, 'विंबलडन में एक और सेमीफाइनल खेलना बेहद खास है।'

# जोआओ पेड्रो के दो गोल से चेल्सी क्लब विश्व कप के फाइनल में

### PSG-रियल मैड्रिड मैच के विजेता से होगा सामना



**ईस्ट रदरफोर्ड (अमेरिका)।** जोआओ पेड्रो ने चेल्सी के लिए पहली बार शुरुआत करते हुए अपनी बचपन की टीम के खिलाफ दो गोल दागे, जिससे इंग्लैंड के क्लब ने ब्राजील के क्लब फ्लूमिनेंस को 2-0 से हराकर क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। चेल्सी की इस जीत से यह भी सुनिश्चित हो गया कि क्लब विश्व कप का विजेता फिर से यूरोप का ही कोई क्लब बनेगा। ऐसा इसलिए क्योंकि दूसरा सेमीफाइनल फ्रांस के पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) और स्पेन के रियल मैड्रिड के बीच खेला जाएगा। जोआओ पेड्रो जब 10 साल के थे तब फ्लुमिनेंस से जुड़ गए थे और 2020 में वाटफोर्ड जाने तक वह इस क्लब की तरफ से खेलते रहे। इस 23 वर्षीय खिलाड़ी ने मंगलवार को खेले गए क्लब विश्व कप के पहले सेमीफाइनल में 18वें और 56वें मिनट में गोल किए और अपने पूर्व क्लब के प्रति सम्मान दर्शाते हुए किसी भी गोल का जश्न मनाने से इनकार कर दिया।



# हसरंगा बंगलादेश के खिलाफ टी-20 सीरीज से बाहर

**कैंडी।** श्रीलंका के शीर्ष स्पिनर वानिंदु हसरंगा चोट के कारण बंगलादेश के खिलाफ शुक्रवार से शुरु होने वाली टी-20 सीरीज से बाहर हो गए है। बंगलादेश के खिलाफ पहले एकदिवसीच मैच में श्रीलंका को मैच में वापसी दिलाने हसरंगा आखिरी एकदिवसीय मैच के दौरान चोटिल हो गए थे। मेजबान टीम श्रीलंका ने यह एकदिवसीय सीरीज 2-1 से जीती ली थी। हसरंगा के स्थान पर अभी तक किसी अन्य खिलाड़ी का चयन नहीं किया गया है। वह कोलंबो लौटकर हाई परफॉर्मेंस सेंटर में अपनी रिहैबिलिटेशन प्रक्रिया शुरू करेंगे। चरित असालंका श्रीलंकाई टीम की कप्तानी करेंगे।

# दीपिका पादुकोण के 8 घंटे शिफ्ट वाले मामले पर बोले अनुराग बसु



निर्देशक अनुराग बसु, इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म 'मेट्रो... इन दिनों' को लेकर खबरों में बने हुए हैं। अनुराग की ये फिल्म साल 2007 में आई 'लाइफ इन अ... मेट्रो' का सीक्वल है। 'मेट्रो... इन दिनों' की कहानी दर्शकों को खूब पसंद आ रही है। वहीं, बॉक्स ऑफिस पर भी ये फिल्म अच्छा रिस्पॉन्स कर रही है। ऐसे में अब अनुराग बसु ने बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण के 8 घंटे की शिफ्ट की डिमांड पर रिएक्ट करते हुए अपनी राय बताई और उनका समर्थन किया। इन दिनों दीपिका पादुकोण के 8 घंटे के काम की शिफ्ट की मांग को लेकर इंडस्ट्री में एक लंबी बहस छिड़ गई है। दीपिका की मां का बॉलीवुड के कई स्टार्स जैसे सोनाक्षी सिन्हा, नेहा धूपिया और विक्रांत मैसी ने अपना समर्थन दिया। दरअसल, दीपिका पादुकोण की बेटी दुआ के जन्म के बाद सामने आई इस मांग ने इंडस्ट्री में मां बनने के बाद अभिनेत्रियों के काम करने के हालात को लेकर एक गरमागरम बहस छेड़ दी है। कथित तौर पर निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा ने इस मांग को अस्वीकार कर दिया था, जिसके कारण दीपिका ने फिल्म छोड़ दी।निर्देशक अनुराग बसु ने फर्स्टपोaस्ट को अपना इंटरव्यू दिया।

इस दौरान बात करते हुए अनुराग ने कहा कि वो पूरी तरह से दीपिका पादुकोण की बात से सहमत हैं। अनुराग ने कहा, 'मुझे भी काम पर लंबे समय तक शिफ्ट करना पसंद नहीं है। मेरे कलाकार कभी भी काम के लंबे घंटों या तनाव की शिकायत नहीं करते। इसलिए, मैं दीपिका पादुकोण की बात से पूरी तरह सहमत हूं। यह एक फिल्म है, मैं अपने कलाकारों को इस पर शिकायत करने का मौका नहीं देता।' अनुराग ने ये भी कहा कि वो चाहते हैं कि उनके कलाकार सेट पर 'बहुत खुश' रहें और अपने किरदारों को अच्छी तरह समझें बस।

# रीम शेख ने बताया क्यों रिजेक्ट किया बिग बॉस



## कहा-अगर मैं गई तो वो खुद निकाल देंगे

कलर्स के रियलिटी शो लाफ्टर शेफ्स में नजर आ रहीं रीम शेख की दोस्त जन्नत जुबैर हाल ही में प्राइम वीडियो के रियलिटी शो द ट्रेटर्स में गई थीं। जन्नत को द ट्रेटर्स में खूब पसंद किया गया है। अब उनकी दोस्त रीम ने इस शो में हिस्सा लेने की इच्छा जाहिर की है। साथ ही, रीम ने ये भी बताया क्यों वो बिग बॉस का हिस्सा नहीं बनना चाहती हैं। रीम ने कहा कि अगर वो बिग बॉस में जाएंगी तो बिग बॉस वाले उन्हें खुद बाहर निकाल देंगे या वो उन्हें फिनाले तक ले जाएंगे। हिंदी रश के साथ बातचीत में रीम शेख ने बताया कि उन्होंने अमेजन प्राइम वीडियो का द ट्रेटर्स देखा है। उन्होंने कहा कि उन्होंने जन्नत की वजह से द ट्रेटर्स देखना शुरू किया था, लेकिन बाद में उन्हें शो में दिलचस्पी आने लगी। रीम से पूछा गया कि अगर उन्हें मौका मिला तो क्या वो द ट्रेटर्स में जाएंगी। इस सवाल पर बिना सोचे रीम ने कहा कि हां, वो शो का हिस्सा बनना चाहेंगी इसके बाद रीम शेख से पूछा गया कि फिर उन्होंने बिग बॉस क्यों रिजेक्ट किया? इस पर रीम शेख ने कहा, श्यार मैं ना बिग बॉस के लिए बनी नहीं हूं। मैं ये सबको कहती हूं। दो ही चीजें हो सकती हैं अगर मैंने वो शो किया, या तो मैं बैठ के बहुत रोउंगी या तो मैं बहुत झगड़ा करूंगी। मेरा कुछ बीच में नहीं होता है। या तो मैं बैठ के बहुत रोने लग जाउंगी, इतना रोउंगी कि वो मुझे खुद बाहर निकाल देंगे या तो फिर मैं इतना झगड़ा करूंगी कि मुझे निकालेंगे नहीं, मुझे लास्ट तक रखेंगे, तो दो ही चीजें हो सकती हैं।

# शारवरी आत्मविश्वास और स्टाइल के साथ नायका में हुईं शामिल



बॉलीवुड की उभरती अभिनेत्री शारवरी का भारत के अग्रणी ब्यूटी और लाइफस्टाइल डेस्टिनेशन नायका ने अपने नए ब्रांड आइकन के रूप में गर्मजोशी से स्वागत किया है। शारवरी का सहज आत्मविश्वास, आधुनिक और ट्रेंडी स्टाइल, और युवाओं के बीच बढ़ती लोकप्रियता उन्हें नई पीढ़ी की सच्ची प्रतिनिधि बनाती है। उनकी ऊर्जावान उपस्थिति देशभर की सौंदर्यप्रेमी महिलाओं को प्रेरित करेगी। आज सौंदर्य के मायने वैश्विक स्तर पर बदल रहे हैं और भारत इस बदलाव के केंद्र में है। अब सौंदर्य केवल दिखावे तक सीमित नहीं रहा, यह अभिव्यक्ति, समावेशिता और जुड़ाव का माध्यम बन गया है। इन मूल्यों को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहा है नायका, जो सिर्फ एक ब्यूटी डेस्टिनेशन नहीं, बल्कि एक सांस्कृतिक शक्ति है।शारवरी जैसे नए चेहरे को शामिल करना इस बात की पुष्टि करता है कि नायका का सौंदर्य को जोड़ने, सशक्त करने और प्रेरित करने पर दृढ़ विश्वास है, भारत में ही नहीं, बल्कि वैश्विक स्तर पर। अंचित नायर, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर और सीईओ, नायका ब्यूटी ने कहा, शारवरी की ईमानदारी और बढ़ता प्रभाव उन्हें आधुनिक नायका ग्राहकों के लिए एक सशक्त आवाज बनाता है – ऐसे ग्राहक जो अपने सौंदर्य अनुभव में अर्थ, प्रेरणा और व्यक्तित्व खोजते हैं। शारवरी ने इस अवसर पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा, नायका की ब्रांड आइकन बनना मेरे लिए बेहद खुशी और गर्व का विषय है। मेरे लिए नायका हमेशा एक भरोसेमंद प्लेटफॉर्म रहा है जहां मेरे पसंदीदा ब्रांड्स आसानी से उपलब्ध हैं। इसलिए नायका परिवार का हिस्सा बनना मेरी व्यक्तिगत सौंदर्य यात्रा की स्वाभाविक प्रगति जैसा लगता है।

# सलमान खान ने इस ट्रिक से छोड़ी थी शराब

बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान को जब शराब की लत लग गई थी तब उन्होंने इससे पीछा छुड़ाने का एक कमाल का तरीका सोचा। सलमान खान के करियर का एक दौर था जब वो काफी शराब पीने लगे थे, लेकिन सलमान खान ने किसी तरह का ट्रीटमेंट लेने की बजाए इसे सेल्फ कंट्रोल से छोड़ने का तय किया। सलमान खान ने अपनी हेल्थ को इससे होने वाले नुकसानों को ध्यान में रखते हुए अपनी विल पावर से शराब पर इतना कंट्रोल पा लिया कि उनका मन ही खत्म हो जाए। सलमान खान का जब भी शराब पीने का मन करता तो वह ग्लास में शराब डालते और सामने मेज पर रख दिया करते। वह शराब को सामने ग्लास में रखते लेकिन एक भी सिप नहीं लेते थे। IMDb के मुताबिक सलमान खान वो ग्लास तब तक सामने रखे रहते जब तक उनका मन करना बंद नहीं हो जाता। सलमान खान के वर्क फ्रंट की बात करें तो 100 करोड़ क्लब में जाने वाली बैक टू बैक 13 फिल्में देने वाले इकलौते बॉलीवुड एक्टर हैं। सलमान खान की पिछली फिल्म सिकंदर थी जो बॉक्स ऑफिस पर खास कमाल नहीं दिखा सकी। हाल ही में सलमान खान की नई फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' का पोस्टर रिलीज किया गया है, फिल्म में सलमान खान लीड रोल प्ले करते नजर आएंगे और वही इस फिल्म के प्रोड्यूसर भी होंगे। सलमान खान की इस फिल्म का पहला पोस्टर रिलीज किया जा चुका है, अब देखना यह है कि फिल्म का टीजर वीडियो कब रिलीज किया जाता है। इसके अलावा सलमान खान की फिल्म 'टाइगर वर्सेज पठान' भी काफी वक्त से चर्चा में है, जिसमें सलमान खान और शाहरुख खान पहली बार साथ काम करते नजर आ सकते हैं।

# पायल संग अलग होने पर बोले संग्राम सिंह



टीवी से लेकर बॉलीवुड तक अपनी पहचान बना चुकी एक्ट्रेस पायल रोहतगी बिग बॉस का हिस्सा रहीं हैं। पायल अपने बेबाक अंदाज के लिए जानी जाती हैं। उन्हें अक्सर सोशल मीडिया पर किसी न किसी मुद्दे पर अपनी राय रखते देखा जाता है। पायल ने पहलवान और मोटिवेशनल स्पीकर संग्राम सिंह से शादी की है। इन दिनों पायल और संग्राम अपनी निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियों में हैं। दोनों के अलगाव की खबरें सोशल मीडिया पर काफी चर्चा में बनी हुई हैं। ऐसे में अब संग्राम सिंह ने तलाक की अफवाहों पर चुप्पी तोड़ी है।

संग्राम सिंह ने पायल रोहतगी के साथ तलाक की अफवाहों का खंडन किया है। अपनी शादी की सालगिरह के मौके पर, संग्राम सिंह ने इन अटकलों पर चुप्पी तोड़ी है। संग्राम ने कहा, 'उनके और पायल के बीच तलाक का कोई सवाल ही नहीं उठता। हम दोनों 14 साल से साथ हैं और आगे भी साथ ही रहेंगे। मैं अपना पूरा ध्यान अच्छे काम पर लगाता हूं। मैं तलाक की इन बातों पर ध्यान नहीं देता और मैं सभी से रिक्वेस्ट करूंगा कि ऐसी अफवाहों पर ध्यान न दें।'हाल ही में पायल ने पति संग्राम सिंह के के चैरिटेबल फाउंडेशन के डायरेक्टर की पोस्ट से इस्तीफा दे दिया है। इस बात की जानकारी पायल ने फैंस के साथ सोशम मीडिया पर शेयर की है।

इस खबर पर भी संग्राम ने रिएक्ट करते हुए कहा, 'यह पायल जी का निजी फैसला है और मैं उनके फैसले का सम्मान करता हूं। हम दोनों का काम के प्रति अलग-अलग नजरिया है। ऐसे में पायल जी ने जो भी सोचा होगा, उन्होंने अच्छे के लिए ही किया होगा। मैं उन्हें नहीं रोकूंगा। वह अपने फैसले लेने के लिए स्वतंत्र हैं। यहां कोई गलत नहीं है।'



# माता-पिता बनने वाले हैं राजकुमार और पत्रलेखा

बॉलीवुड गलियारे से एक खुशखबरी आ रही है। सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी की तरह राजकुमार राव और पत्रलेखा के घर भी नन्हें कदम दस्तक देने वाले हैं। कपल ने हाल ही में प्रेग्नेंसी अनाउंस की है। 9 जुलाई, 2025 को प्रेग्नेंसी की घोषणा करते हुए कपल ने इंस्टा पर पोस्ट शेयर की। उन्होंने नवंबर 2021 में शादी की थी। अब लगभग चार साल बाद कपल मम्मी-पापा बनने वाले हैं। पोस्ट में कपल ने लिखा, श्बेबी आने वाला है।श यह अनाउंसमेंट तुरंत वायरल हो गई और कई सेलेब्स कपल को बधाई भरे संदेश भेजने लगे। सोनाक्षी सिन्हा, नुसरत भरुचा, पुलकित सम्राट, ईशा गुप्ता, भूमि पेडनेकर, मानुषी छिल्लर, हुमा कुरैशी और फराह खान सहित अन्य लोगों ने अपने बधाई संदेश कपल तक पहुंचाए।

# दो फिल्में और एक क्राइम वेब सीरीज का निर्देशन करेंगे राजेश

हाल ही में लेखक - निर्देशक राजेश की चर्चित शॉर्ट फिल्म पहलगाम का प्रीमियर इम्पा, अंधेरी में किया गया। इसके बाद राजेश को दो फिल्में और एक वेब सीरीज के निर्देशन का जिम्मा सौंपा गया है। फिल्म की स्क्रिप्ट पर काम चल रहा है। दोनों फिल्मों में पूजा शाह मुख्य भूमिका निभाएंगी। एक नारी प्रधान फिल्म होगी जिसके निर्माता डी सी देवगन हैं। फिल्म के हीरो और बाकी कलाकार के चयन होने वाला है। फिल्म मार्च 2026 को पूरे देश के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। दूसरी फिल्म की कहानी और एक्टर्स पर विचार चल रहा है। राजेश ने बताया कि उन्हें एक क्राइम वेब सीरीज



मिली है जो डॉन के इर्द गिर्द घूमेगी। वेब सीरीज के पार्ट 1, पार्ट 2, पार्ट 3 होंगे। इसके निर्माता भी डी सी देवगन होंगे। डॉन वेब सीरीज बहुत जल्द शुरू होगी। इसके अलावा राजेश अपने प्रोडक्शन के बैनर तले एक सस्पेंस थ्रिलर मर्डर मिस्ट्री बना रहे हैं जिसके लेखक और निर्देशक राजेश स्वयं होंगे। उसमें लीड रोल पंकज मेहता निभाएंगे। बता दें कि राजेश द्वारा लिखित उपन्यास लव का नो फूल स्टॉप विहान मर्डर केस जाबांज़ कातिल अमेज़न पर उपलब्ध है। एक्टर पंकज मेहता का मानना है कि सस्पेंस थ्रिलर मर्डर मिस्ट्री में राजेश की अच्छी खासी पकड़ है जो लीक से हटकर है। हालांकि पंकज दुखी होते हुए कहते हैं कि बॉलीवुड ने उनकी प्रतिभा को पहचाना नहीं। इन्हें बहुत पहले ही सफलता मिल जानी चाहिए थी। देर से ही सही लेकिन अबकी बार एक अच्छी शुरुआत के लिए राजेश भगवान को सारा श्रेय देते हैं।

# सलमान खान की 'बैटल ऑफ गलवान' को मिल गई हीरोइन

सुपरस्टार सलमान खान की अपकमिंग मूवी बैटल ऑफ गलवान का हाल ही में एलान हुआ है।इस बहुचर्चित वॉर ड्रामा मूवी को लेकर इस वक्त चर्चाओं का बाजार काफी गर्म है, खासतौर पर फिल्म में सलमान का खतरनाक फर्स्ट लुक हर किसी को प्रभावित कर रहा है। अब खबर आ रही है कि बैटल ऑफ गलवान के मेकर्स की लीड एक्ट्रेस के लिए जो तलाश थी, वो पूरी हो गई है। सलमान खान के साथ इस मूवी में अभिनेत्री चित्रांगदा सिंह नजर आएंगी।



# 10वें फिल्मफेयर अवॉड्र्स मराठी 2025 की नॉमिनेशन सूची हुई रिलीज

फिल्मफेयर ने फिल्मफेयर अवाड्र्स मराठी 2025 के 10वें एडीशन की घोषणा कर दी है। इस बार के आयोजन के साथ फिल्मफेयर अवाड्र्स, मराठी सिनेमा की बेहतरीन प्रतिभाओं को सम्मानित करने का एक दशक पूरा करने जा रहा है। इस 10वें एडीशन के लिए टाइम्स ग्रुप ने सिनेमा के सम्मान से जुड़ी एक शानदार रात को संजोया है जिसमें एंटरटेन्मेंट और यादगार लम्हे देखने को मिलेंगे।




यह भव्य अवॉर्ड नाइट 10 जुलाई 2025 को मुंबई के होटल सहारा स्टार में होगी। इस आयोजन में 1 जनवरी 2024 से 31 दिसंबर 2024 के बीच रिलीज हुई फिल्मों और बेहतरीन परफ़ॉर्मेंस को अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। इस साल के अवाड्र्स में 'पानी' फिल्म 18 नॉमिनेशन के साथ सबसे आगे चल रही है। इस फिल्म को बेस्ट फिल्म, बेस्ट डाइरेक्टर, और बेस्ट ऐक्टर जैसी कैटगरी में नॉमिनेशन मिले हैं। 16 नॉमिनेशन के साथ 'फुलवंती' इसके मुकाबले में खड़ी है और इस फिल्म से प्राजक्ता माली बेस्ट ऐक्टर (फ़ीमेल) के लिए दावेदारी कर रही हैं। 'घरत गणपती' भी 12 नॉमिनेशन के साथ इस दौड़ में अपना दम दिखा रही है। इस साल जो शानदार परफ़ॉर्मेंस दर्शकों को देखने को मिली हैं उनमें आदिनाथ एम. कोठारे को कई भूमिकाओं के लिए नॉमिनेशन मिला है। उन्हें 'पानी' के लिए बेस्ट ऐक्टर (मेल), बेस्ट डाइरेक्टर और बेस्ट ऐक्टर (क्रिटिक्स) कैटगरी में नॉमिनेशन मिले हैं। उन्हें मुख्य और क्रिटिक्स की पसंद दोनों ही कैटगरी में चुना गया है। बेस्ट ऐक्ट्रेस कैटगरी में मुकाबला और भी ज़्यादा दिलचस्प और कड़ा है क्योंकि इस कैटगरी में मुक्ता बर्वे (नाच गा घुमा), साई ताम्हणकर (श्रीदेवी प्रसन्न), और प्राजक्ता माली (फुलवंती) ने शानदार परफ़ॉर्मेंस दी है। इसके अलावा, बेस्ट ऐक्ट्रेस के लिए क्रिटिक्स चॉइस अवॉर्ड के लिए पल्लवी परांजपे, रोहिणी हट्टंगड़ी और रुचा वैद्य के बीच मुकाबला है। इस अवॉर्ड नाइट को अमेय वाघ और सिद्धार्थ चांदेकर की शानदार जोड़ी होस्ट करेगी। इन दोनों की एनर्जी कमाल की है और ये साथ मिलकर किसी भी कार्यक्रम में रंग जमा देते हैं और शुरू से लेकर आखिर तक दर्शकों का पूरा मनोरंजन करते हैं।



# क्योंकि सास भी कभी बहू थी ने एकता कपूर को बना दिया टीवी की क्वीन

एकता कपूर का शो क्योंकि सास भी कभी बहू थी टीवी पर वापसी करने जा रहा है। एकता कपूर टीवी इंडस्ट्री की क्वीन के नाम से प्रसिद्ध हैं। आज हम आपको एकता कपूर की उन टीवी सीरियल्स के नाम बता रहे हैं जिन्होंने उन्हें टीवी की क्वीन बना दिया। हम पांच वो टीवी सीरियल है जिससे एकता कपूर ने टीवी इंडस्ट्री में कदम रखा था। यह शो साल 1995 में शुरू हुआ था। वहीं, साल 2006 तक इस शो ने टीवी पर राज किया था। इस टीवी सीरियल की आईएमडीबी रेटिंग 8.1 है। यह शो हिंदी टीवी सीरियल्स के सबसे फेमस शो में से एक था। इस सीरियल के किरदारों के नाम आज भी लोगों को याद हैं। इस शो से श्वेता तिवारी को घर-घर में प्रेरणा के रूप में पहचान मिली। वहीं, कमौलिका एक आइकॉनिक वैम्प का किरदार बना। सीरियल साल 2001 से 2008 तक दर्शकों का मनोरंजन करता रहा। सीरियल की रेटिंग 3.1 है। राजीव खंडेलवाल और आमना शरीफ का टीवी सीरियल कहीं तो होगा ने 2003 से 2007 के बीच दर्शकों का मनोरंजन किया। सूजल और कशिश की लव स्टोरी उस समय धूम मचा रही थी। शो की आईएमडीबी रेटिंग 4.7 है। एकता कपूर के सीरियल कुटुम्ब में हितेन तेजवानी और गौरी प्रधान लीड रोल में नजर आए थे। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो इस शो पर दोनों के प्यार की शुरुआत हुआ थी। उन दिनों की टीआरपी रेस में इस सीरियल का दबदबा होता था। इस सीरियल ने 2001 से 2003 के बीच दर्शकों का मनोरंजन किया। शो की टीआरपी 4.4 है।

